दिनमान तापमान

सूर्योदय 5.07 | सूर्यास्त 6.02 | अधिकतम 42° | न्यूनतम 31°

वर्ष 16, अंक 341 पृष्ठ 12
कोलकाता, शनिवार, 27 अप्रैल 2024
बैशाख, कृष्णपक्ष, चतुर्थी, वि.सं. 2081

मूल्य: ₹3

निष्पक्ष, निडर एवं सशक्त राष्ट्रीय दैनिक

युवा शक्ति

कोलकाता संस्करण

www.yuvashaktinews.com

संदेशखाली में शाहजहां के करीबी रिश्तेदार के घर छापा

भारी मात्रा में हथियार-विस्फोटक बरामद

एनएसजी ने संभाली थी कमान | रोबोट की मदद से सघन तलाशी

कोलकाताः राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) की एक बम निरोधक टीम संदेशखाली के अगरहाटी गांव पहुंची. आज सुबह से ही सीबीआई पश्चिम बंगाल में संदेशखाली मामले को लेकर कई छापेमारी की. एजेंसी सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई ने कई पिस्तौ ल व गोली बारूद बरामद किए हैं. शुक्रवार को फिर से सीबीआई ने संदेशखाली में छापेमारी की. जांच एजेंसी को शाहजहां शेख के करीबी रिश्तेदार अबू तालेब मोल्ला के घर पर बड़ी संख्या में हथियार और बम रखे होने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही तलाशी अभियान शुरू की गई. दौरान जमीन से बड़ी संख्या में आग्नेयास्त्र और बम मिले. इसके बाद एनएसजी (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) को बुलाया गया. स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, रोबोट से घर की तलाशी ली गयी. उल्लेखनीय है कि जांचकर्ताओं ने शुक्रवार को संदेशखाली के सरबेरिया के मल्लिकपुर में शाहजहां के करीबी हफीजुल खान की भाभी के घर पर तलाशी अभियान चलाया. घर मुख्य सड़क से करीब 200 मीटर दूर है. माइन डिटेक्टर से तलाशी ली गयी. स्थानीय

कौन है संदेशखाली का अबू तालेब मोल्ला?

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर हमले और महिलाओं पर अत्याचार के मामले में टीएमसी के पूर्व नेता शाहजहां शेख का नाम सामने आने के बाद अब एक और टीएमसी नेता का नाम सामने आया है. टीएमसी नेता अबू तालेब मोल्ला के घर पर सीबीआई ने हथियारों का जखीरा बरामद किया है. कुल 128 राउंड गोलियां, दो पिस्तौल और 5 रिवॉल्वर जब्त किए गए हैं. सीबीआई के अधिकारियों ने मौके पर जाकर तृणमूल नेता के रिश्तेदार के घर का फर्श तोड़ दिया. सीबीआई ने वहां से हथियारों को बरामद किए. पंचायत सदस्य और तृणमूल कांग्रेस के नेता हफीजुल खान का अबू तालेब मोल्ला का रिश्तेदार है. वह टीएमसी के पूर्व आरोपी नेता शाहजहां शेख का भी करीबी रिश्तेदार है.

हाईकोर्ट की सीएम केजरीवाल को फटकार, कहा

निजी हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा सौरभ भारद्वाज के रवैये पर भी नाराजगी

नई दिल्ली. उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दो लाख से अधिक छात्रों को पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने में विफलता के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली सरकार और आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व वाले दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को फटकार लगाई. कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (एसीजे) मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने कहा कि दिल्ली सरकार केवल सत्ता के विनियोग में रुचि रखती है और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तारी के बावजूद इस्तीफा नहीं देकर अरविंद केजरीवाल ने व्यक्तिगत हित को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखा है.

पीठ ने कहा एक अदालत के रूप में किताबें, वर्दी आदि का वितरण यह हमारा काम नहीं है. हम ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि कोई अपने काम में विफल हो रहा है. आपका मुवक्किल सिर्फ सत्ता में रुचि रखता है. मुझे नहीं पता कि आप कितनी शक्ति चाहते हैं. समस्या यह है कि आप सत्ता पेज 9 पर जारी

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में भी वोटिंग का पहले फेज जैसा हाल

नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर मतदान हुए. हालांकि चुनाव को लेकर उत्साह शाम को आए वोटिंग प्रतिशत ने कम कर दिया. इस बार का वोटिंग ट्रेंड पहले चरण के चुनाव से भी खराब रहा. दूसरे चरण में महज 63.00 प्रतिशत मतदाताओं ने ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जबकि 2019 में इन्हीं सीटों पर 70 फीसदी से ज्यादा लोगों ने बढ़-चढ़कर वोट किया था. कम होते इस वोटिंग प्रतिशत ने सभी राजनीतिक दलों का गणित बिगाड़ दिया है. पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 64 प्रतिशत वोट डाले गए थे. पिछले चुनाव में उन सीटों पर भी 70 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुए थे. यही हाल दूसरे चरण में भी रहा. किसी भी राज्य में मतदान का आंकड़ा 80 फीसदी को पार नहीं कर सका.

आंकड़ों की बात करें तो सबसे ज्यादा त्रिपुरा में 78.6 प्रतिशत और सबसे कम उत्तर प्रदेश में 54.8 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है. वहीं मणिपुर में 77.2 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 73.1 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 71.8 प्रतिशत, असम में 70.8, जम्मू और कश्मीर में 71.6, केरल में 65.3, कर्नाटक में 67.3, राजस्थान में 63.9, मध्य प्रदेश में 56.8, महाराष्ट्र में 54.3 और बिहार में 54.9 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट किया. वोट करने के लिए लोगों के घरों से बाहर नहीं निकलने को लेकर राजनीतिक दलों को साथ-साथ पेज 9 पर जारी

सुप्रीम कोर्ट: वीवीपैट से हर वोट सत्यापन की मांग वाली अर्जियां खारिज

नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के वोटों की वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) पर्चियों से 100 फीसदी सत्यापन की मांग वाली सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं. इसके साथ ही कोर्ट ने बैलेट पेपर से मतदान कराने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया है.

फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने दिए दो बड़े निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने दो निर्देश दिए हैं- पहला यह है कि सिंबल लोडिंग प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंबल लोडिंग यूनिट (एसएलयू) को सील कर दिया जाना चाहिए और उन्हें कम से कम 45 दिनों के लिए सहेज कर रखा जाना चाहिए. इसके अलावा दूसरा निर्देश यह है कि उम्मीदवारों के पास परिणामों के

बैलट से मतदान से जुड़ी याचिकाएं भी निरस्त

एलान के बाद इंजीनियरों की एक टीम की ओर से जांचे जाने वाले ईवीएम के माइक्रोकंट्रोलर प्रोग्राम को पाने का विकल्प होगा. इसके लिए उम्मीदवार को नतीजों के एलान के सात दिनों के अंदर आवेदन करना होगा. इसका खर्च भी उम्मीदवार को खुद को उठाना होगा. इससे पहले दो दिन की लगातार सुनवाई के बाद पीठ ने 18 अप्रैल को याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. हालांकि, बुधवार को शीर्ष कोर्ट ने इस मामले को फिर से सूचीबद्ध किया था. तब शीर्ष कोर्ट ने अदालत से चुनाव आयोग से कुछ बातों को लेकर स्पष्टीकरण मांगा था. जिसके बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था.

फैसला सुरक्षित रखते हुए शीर्ष कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि वह चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकता, न ही एक सांविधानिक निकाय के लिए नियंत्रक अथॉरिटी के रूप में कार्य कर सकता है. गलत काम करने वाले के खिलाफ कानून के तहत नतीजे भुगतने के प्रावधान हैं. कोर्ट सिर्फ संदेह के आधार पर परमादेश नहीं दे सकता.

तृणमूल के नेता केंद्र का धन लूट रहे हैं: प्रधानमंत्री मोदी

मालदा में बोले पीएम मोदी

कोलकाताः लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को बंगाल की तीन सीटों पर मतदान चल रहा है. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंगाल के मालदा में जनसभा को संबोधित कर ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला बोला. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता केंद्र का धन लूट रहे हैं. तुष्टीकरण की राजनीति में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस का सफाया हो गया, दूसरे चरण में भी उनका यही हाल होगा.

पश्चिम बंगाल के मालदा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज देश में दूसरे चरण का मतदान हो रहा है. अब तक की जो खबरें आ रही है, सुबह से ही लोग उत्साह और उमंग के साथ लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं. जो लोग मतदान के लिए उत्साह से निकल पड़े हैं, मैं उनका बहुत बहुत अभिनंदन करता हूं. पीएम मोदी ने कहा कि एक समय था, जब बंगाल पूरे देश के विकास का नेतृत्व करता था. लेकिन पहले लेफ्ट वालों ने और फिर टीएमसी वालों ने बंगाल की इस महानता को चोट पहुंचाई, बंगाल के सम्मान को चूर-चूर कर दिया, विकास पर रोक लगा दी.

केंद्र का पैसा खा जाते हैं टीएमसी नेता पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के 50

लाख से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के 8 हजार करोड़ रुपये सीधे भेजे गए हैं. लेकिन टीएमसी सरकार को देखिए, वो आपको लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ती. मैं केंद्र से बंगाल के विकास के लिए यहां की सरकार को जो पैसा भेजता हूं, वो टीएमसी के नेता, मंत्री और तोलाबाज मिलकर खा जाते हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र पेज 9 पर जारी

वरुण गांधी ने भाजपा का ऑफर ठुकराया

रायबरेली से चुनाव लड़ने से इनकार

भाजपा गांधी बनाम गांधी कराना चाह रही थी | **पीलीभीत से भाजपा वरुण का टिकट काट चुकी है**

रायबरेलीः भाजपा ने पीलीभीत से मौजूदा सांसद वरुण गांधी का टिकट काटकर योगी के मंत्री जितिन प्रसाद को प्रत्याशी बनाया है. वहीं, रायबरेली सीट पर प्रियंका गांधी वाड्रा के चुनाव लड़ने की अटकलें तेज हैं. भाजपा रायबरेली लोकसभा सीट पर गांधी बनाम गांधी कराना चाह रही थी, लेकिन वरुण गांधी ने पार्टी के ऑफर को ठुकरा दिया है. वरुण गांधी के करीबी सूत्रों ने बताया कि भाजपा ने उन्हें रायबरेली लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने का ऑफर दिया था, जिसे उन्होंने ठुकरा दिया है. सूत्रों ने दावा किया है कि वरुण गांधी ने एक सप्ताह तक इस पर विचार करने के बाद आखिर में रायबरेली से चुनाव लड़ने के ऑफर को इनकार कर दिया है. सूत्रों के अनुसार पेज 9 पर जारी

साल में दो बार होगी बोर्ड परीक्षा!

शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई को दिए निर्देश

नई दिल्लीः अगले शैक्षणिक सत्र 2025-26 से साल में दो बार बोर्ड परीक्षाएं हो सकती हैं. शिक्षा मंत्रालय ने सीबीएसई से इसके लिए तैयारी करने को कहा है. हालांकि सेमेस्टर सिस्टम शुरू करने की योजना नहीं है. सूत्रों के अनुसार मंत्रालय और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के अधिकारी साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने को लेकर अगले महीने स्कूलों के प्राचार्यों के साथ परामर्श करेंगे.

सीबीएसई फिलहाल तौर तरीके पर काम कर रहा है कि स्नातक पाठ्यक्रमों में एडमिशन के शेड्यूल को प्रभावित किए बिना एक और परीक्षा को समायोजित करने के लिए अकादमिक कैलेंडर में किस तरह बदलाव किया जाए. सूत्र ने कहा, 2025-26 शैक्षणिक सत्र से पेज 9 पर जारी



हावड़ा में कूड़े की तस्वीर देखकर कोर्ट ने की टिप्पणी

कहा ,यह एक भयानक और गंदी स्थिति है

हावड़ा : शहर में कई जगहें कूड़े के ढेर में तब्दील हो गयी हैं. सारा कचरा सीधे खुले नाले में चला जाता है. कचरा प्रबंधन नियमों का बिल्कुल भी पालन नहीं किया जा रहा है. इससे हावड़ा के बड़े हिस्से में स्थिति दयनीय हो गयी है. बुधवार को राष्ट्रीय पर्यावरण न्यायालय में मामला दायर किया गया. मामले के आवेदन के साथ शिकायत के साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत की गई तस्वीरों को देखकर पर्यावरण न्यायालय ने यह टिप्पणियाँ की 'यह एक भयानक, गंदी स्थिति है.' जिसके मद्देनजर कोर्ट ने राज्य सरकार, राज्य शहरी विकास एवं जल विभाग, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हावड़ा नगर निगम समेत सभी पक्षों से अगले चार सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा है. हलफनामे में स्पष्ट रूप से बताया जाना चाहिए कि

उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए हैं. मामले की अगली सुनवाई 29 मई को है.हालाँकि, इस मामले के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है. यानी सितंबर 2022 में अदालत ने ठोस और तरल कचरे के प्रबंधन में विफलता के लिए राज्य सरकार पर 3,500 करोड़ रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा लगाया. उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य उस मुआवजे के पैसे से एक अलग कोष बनाएगा. जो केवल कचरा प्रबंधन पर खर्च किया जाएगा. प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक कोर्ट के आदेश के मुताबिक राज्य ने वह फंड बनाया है. जिसके मद्देनजर पर्यावरण कार्यकर्ताओं के एक वर्ग का सवाल है कि अगर कचरा प्रबंधन परियोजना बनाई गई है तो हावड़ा के विभिन्न हिस्सों की यह हालत कैसे हुई? एक पर्यावरणविद् के शब्दों में, हावड़ा ही नहीं, कोलकाता समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में कचरा प्रबंधन नियमों के अनुपालन में बड़ा अंतर है. शहर कचरे में तब्दील हो रहे हैं. जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं, वह जाकर नदी में मिल जाता है. परिणामस्वरूप जल निकासी व्यवस्था अवरुद्ध हो जाती है और थोड़ी-सी बारिश होने पर भी नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ती है.

मेट्रो को टक्कर देगी हावड़ा में फेरी सेवा, बढ़ेगा आकर्षण

हावड़ा: इस्ट-वेस्ट मेट्रो को हुगली जलमार्ग परिवहन टक्कर देने का जा रहा है. मेट्रो ने हावड़ा-कोलकाता को गंगा के नीचे सुरंग से जोड़ दिया है. करीब चौदह साल के इंतजार के बाद इसी साल मार्च में हावड़ा कोलकाता मेट्रो सेवा शुरू हुई. इस मेट्रो रूट ने शुरू से ही लोगों को आकर्षित किया है. और इसकी वजह से शुरुआत में बस टैक्सी सड़क परिवहन और हावड़ा-कोलकाता जल परिवहन पर भारी असर पड़ा है. जहां मेट्रो रेल में लगभग हर दिन भीड़ रहती है. परिणामस्वरूप, सड़कों और जलमार्गों पर यात्रियों की संख्या में कमी आई है. यही चिंता बस टैक्सी मालिकों के साथ-साथ जल परिवहन मालिकों की भी है. हुगली जलमार्ग परिवहन एक विशेष पहल करने जा रहा है. हुगली जलमार्ग परिवहन एक नया मार्ग शुरू कर रहा है.

दूसरी ओर, नावों को मेट्रो से प्रतिस्पर्धा करने के लिए सुसज्जित किया जा रहा है.

जल परिवहन प्राधिकरण को उम्मीद है कि यह यात्रियों को काफी आकर्षित करेगा. जलमार्गों के सुधार के लिए लगभग 7 करोड़ का सरकारी अनुदान प्राप्त हुआ है. इसने जलमार्ग परिवहन को सुव्यवस्थित करने का काम शुरू कर दिया है.

नवगठित हुगली जलमार्ग परिवहन समिति का मानना है कि भविष्य में कई अन्य योजनाएं भी हैं जो आम यात्रियों को आकर्षित करेंगी.

कुछ यात्रियों को लगता है कि मेट्रो की तुलना में नौका पार करना उनके लिए अधिक सुविधाजनक है.

इस संदर्भ में परिवहन अधिकारियों ने बताया कि मेट्रो सेवा शुरू होने के बाद हावड़ा-कोलकाता जलमार्ग परिवहन में कमी आ गयी है.

यात्री सुविधा को बरकरार रखते हुए इसे जल्द पूरा करने के लिए हुगली जलमार्ग परिवहन की विभिन्न तरीकों से व्यवस्था की जा रही है. इससे निश्चित तौर पर यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी होगी.

तृणमूल पर लगा बीजेपी कार्यकर्ता को पिटने का आरोप

बालूरघाट : बालूरघाट के खादिमपुर मास्टर पाड़ा में तृणमूल के लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता को पिटने का आरोप लगा है. आरोप है कि तृणमूल के लोगों ने एक भाजपा कार्यकर्ता उस समय थप्पड़ मार दिया जब वह वोट देने गया था.

भाजपा कार्यकर्ता के अनुसार वह तृणमूल की गुंडागर्दी को रोकने की कोशिश वह कर रहा था, इसलिए उसको थापड़ जड़ दिया गया. इसको लेकर वहा उत्तेजना भी देखने को मिली.

विधानसभा पब्लिक अकाउंट कमिटी के चेयरमैन का तृणमूल नेताओं ने किया स्वागत

अलीपुरद्वार : विधानसभा पब्लिक अकाउंट कमिटी के चेयरमैन का पदभार ग्रहण करने के बाद अलीपुरद्वार के विधायक सुमन कांजीलाल अलीपुरद्वार आये. लोक लेखा समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया गया. पिछले 24 अप्रैल को सुमन कांजीलाल ने कोलकाता में विधानसभा जाकर लोक लेखा समिति के अध्यक्ष का पद संभाला था. सुमन कांजीलाल ने अध्यक्ष के रूप में लोक लेखा समिति का दायित्व संभालने के बाद पहली बैठक की थी.ज्ञातव्य है कि इस पद का दायित्व

कृष्णा कल्याणी को दिया गया है. लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाये जाने के बाद कृष्णा कल्याणी ने विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था. इसके बाद पद रिक्त हो जा गया है. विधानसभा अध्यक्ष ने सुमन कांजीलाल को इस पद पर नियुक्त किया है.

कलकत्ता में विधानसभा लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करने के बाद सुमन कांजीलाल शुक्रवार को कंचनकन्या एक्सप्रेस पकड़कर अलीपुरद्वार जंक्शन स्टेशन पर उतरे. आज अलीपुरद्वार जिले के तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने सुमन कांजीलाल का उत्तरीय पहनाकर और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. सुमन कांजीलाल ने इस पद को बेहद अहम बताते हुए सभी से सहयोग का अनुरोध किया.

तृणमूल उम्मीदवार के पर्चे में भाजपा को वोट करने की अपील

दक्षिण दिनाजपुर : बालुरघाट में तृणमूल उम्मीदवार के एक पर्चे को लेकर राजनीति गरमा गयी है. बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र के तृणमूल उम्मीदवार बिप्लब मित्रा के फोटो लगे पर्चे बालुरघाट के कई इलाकों में फैलाये गये हैं.पर्चे में लिखा है, 'नमस्कार, मैं बिप्लब मित्रा हूं... मेरा लोकसभा चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं था. पार्टी के भीतर 'कई दुश्मन' थे, जो कथित तौर पर मुझे 'पराजित' करने की साजिश रच रहे थे.उक्त पर्चे में अपील की गई कि आप चाहें तो भाजपा को वोट दे सकते हैं...'शुक्रवार को इस विवादित पर्चे की खबर सुनकर तृणमूल उम्मीदवार बिप्लब मित्रा हैरान रह गये.इस बारे में बिप्लब मित्रा ने कहा कि मैं इस घटना से आश्चर्यचकित हूं.

बंगाल में कलाकारों की कोई इज्जत नहीं, चुंचूड़ा में लगे पोस्टर

हुगली : हुगली लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत चुंचूड़ा इलाके में विभिन्न स्थानों में तृणमूल उम्मीदवार रचना बनर्जी, कंचन मल्लिक और कल्याण बनर्जी की तस्वीरों के साथ शुक्रवार को पोस्टर देखे गए. पोस्टरों लिखा था आज कंचन के साथ हुआ, कल आपके साथ हो सकता है (दीदी नंबर वन). इस बंगाल में कलाकारों की कोई कद्र नहीं है. नीचे लिखा था जय बंगला. खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं था कि इन पोस्टरों को किसने लगाया है.इस बारे में रचना बनर्जी ने कहा कि मुझे लगता है कि सभी कलाकारों को सम्मान मिलना चाहिए. लेकिन कंचन के मामले में क्या स्थिति थी, मुझे नहीं पता, इसलिए मैं कुछ नहीं कह सकती. मैं कहूंगी कि अभी तक मेरे साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ है. मैं कंचन या कल्याण दा में से किसी का समर्थन नहीं कर रही

हूं, क्योंकि मुझे पूरी स्थिति का पता नहीं है कि वास्तव में क्या हुआ था.इस संदर्भ में हुगली सांगठनिक जिला भाजपा के महासचिव सुरेश साव ने कहा कि कुछ दिन पहले ही बालागढ़ के विधायक को मंच से उतार दिया गया था और अब उत्तरपाड़ा में कंचन मालिक को गाड़ी से उतार दिया गया. हम भाजपा वाले कहते थे कि तृणमूल में कलाकारों और साहित्यकारों का सम्मान नहीं है. अब तृणमूल के लोग ही पोस्टर लगाकर यह जता रहे हैं. जो घटनाएं हो रही हैं, उनसे भी यह स्पष्ट होता है कि उनका सम्मान नहीं है.

बीजेपी उम्मीदवार सुकांत मजूमदार के वोट डालने के दौरान बवाल, लगे गो बैक के नारे, टीएमसी-बीजेपी के वर्कर्स आपस में भीड़ें

बालुरघाट : बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और बालुरघाट से बीजेपी उम्मीदवार सुकांत मजूमदार ने अपने केंद्र में अपनी पत्नी के लिए वोट डाला. लेकिन उनके मतदान करने के बाद काफी उत्तेजना देखने को मिली. बालुरघाट के पतिराम गर्ल्स स्कूल के बूथ संख्या 100 पर सुकांत मजूमदार के वोट डालने के बाद तृणमूल कार्यकर्ताओं ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए. तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उनके चारों ओर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया और वापस जाओ के नारे लगाने लगे. यह सुनकर सुकांत मजूमदार को बहुत गुस्सा आया.

दूसरी तरफ तृणमूल ने शिकायत की कि सुकांत मजूमदार के बूथ में प्रवेश करते ही भाजपा की ओर से 'जय श्री राम' के नारे लगाए गये. तृणमूल

कार्यकर्ताओं ने विरोध करते हुए कहा कि भाजपा पर मतदान केंद्रों पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगया.

दूसरी ओर, सुकांत ने आरोप लगाया कि तृणमूल ने भाजपा की महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया. इसके बाद सुकांत मजूमदार और टीएमसी कार्यकर्ताओं के बीच हाथापाई की नौबत आए गई. मजूमदार ने आरोप लगाया कि एक पोलिंग बूथ पर बड़ी संख्या में टीएमसी कार्यकर्ता मौजूद हैं. मजूमदार की ओर इशारा करते हुए वापस जाओ के नारे भी सुने गए.

भाजपा ने बालुरघाट के पतिराम में तपन विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 100 पर कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया है.

बीजेपी ने कहा कि जब यह किया जा रहा था तब सुकांत मजूमदार ने टोक दिया. सुकांत ने दावा किया कि कई तृणमूल कार्यकर्ता बूथ पर कब्जा करने आये थे. बीजेपी प्रत्याशी ने दावा किया कि उस वक्त पुलिस भी मदद कर रही थी. सुकांत ने आरोप लगाया कि बूथ नंबर 100 पर बीजेपी के पोलिंग एजेंट की पिटाई की गई.

वहीं आरोप है कि सुकांत मजूमदार ने मौके से सीधे बालुरघाट के आईसी को धमकी भी दी. यहां तक कि उन्होंने ने आईसी की नौकरी छीन लेने की धमकी भी दी.

न्यूज कॉर्नर

मतदान देने गई महिला का हो चुकी थी वोटिंग

सिलीगुड़ी : बागडोगरा के केदारनाथ प्राइमरी स्कूल में फर्जी वोटिंग का आरोप लग रहा है.आज बागडोगरा के केदारनाथ प्राइमरी स्कूल के बूथ संख्या 25/39 पर वोट डालने गयी पुष्पा शर्मा ने आक्रोश व्यक्त किया कि एक महिला ने फर्जी वोटर कार्ड बनवाकर उनका वोट डाल दिया है. इसकी जानकारी मतदान केंद्र के प्रभारी स्टाफ को दी गयी, आरोप है कि मिलते-जुलते फर्जी वोटर कार्ड बनाकर फर्जी वोट डाला गया है. घटना के बाद पुष्पा शर्मा ने गुस्सा जाहिर किया.पुष्पा शर्मा ने कहा, किसी महिला ने फर्जी वोटर कार्ड बनवाया और मेरा वोट डाल दिया. मुझे वोट नहीं डालने दिया गया, जबकि मैंने इसकी सूचना मतदान केंद्र के प्रभारी स्टाफ को दी . शिकायत दर्ज कराने की बात के बाद अंत में मतपत्र से वोट देने की बात कही गयी.उन्होंने गुस्सा जताया कि कोई इस तरह से वोट देकर कैसे जा सकता है.हालांकि, बूथ के पीठासीन अधिकारी ने इस मामले पर कोई टिप्पणी नहीं की.

चुनाव जीतने को लेकर आशान्वित दिखे गोपाल

दार्जिलिंग : लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार गोपाल लामा ने अब तक विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में कितने वोट पड़े हैं इस बारे मे पीठासीन अधिकारियों से बात की. बाद में संवाददाताओं से बात चीत में उन्होंने कहा मतदान शांतिपूर्ण चल रहा है. वे चुनाव जीतने को लेकर काफी आशावादी हैं.

शादी की मांग में धरने पर बैठी युवती

अलीपुरदुआर : अलीपुरदुआर ब्लॉक एक के पलाश बारी बाजार में शादी की मांग को लेकर शुक्रवार दोपहर को पूर्णिमा डे नामक एक युवती धरने पर बैठ गईं. गौरतलब है कि पूर्णिमा शादी की मांग को लेकर इससे पहले भी कई बार धरने पर बैठीं है. हालांकि उस वक्त स्थानीय पंचायत के आश्वासन पर वह धरने से उठ गईं. लेकिन उसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकला तो आज वह फिर से ''मुझे न्याय चाहिए, न्याय दो'' के बैनर तले धरने पर बैठ गयी.

भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच झड़प

सिलीगुड़ी : चुनाव के आखिरी वक्त में सिलीगुड़ी में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच झड़प हुईं. सिलीगुड़ी नगर निगम के 25 नंबर वार्ड स्थित सिलीगुड़ी हिंदी हाई स्कूल में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच झड़प हो गयी. मालूम हो कि इस दिन राजू बिस्ता हिंदी हाई स्कूल में मतदान की स्थिति देखने गये थे. और उनके पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया. आरोप है कि प्रत्याशी बाहरी लोगों के साथ मतदान केंद्र में घुस गये. इसके बाद जैसे ही राजू बिस्ता बाहर निकले तो दोनों पक्षों ने वहां विरोध शुरू कर दिया. और उसके बाद कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के समर्थकों द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया. बाद में बड़ी संख्या में पुलिस बल और केंद्रीय बलों ने स्थिति पर काबू पाया.

बालुरघाट के तृणमूल उम्मीदवार बिप्लब मित्रा ने किया मतदान

बालुरघाट ; दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट लोकसभा से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार बिप्लब मित्रा ने अपना वोट डाला. बिप्लब बाबू ने शुक्रवार को गंगारामपुर हाई गर्ल्स स्कूल स्थित बूथ नंबर 59 पर खुद वोट डाला. वे अपनी जीत को लेकर 100 फीसदी आशान्वित दिखे. इस दिन मतदान से पहले तृणमूल उम्मीदवार बिप्लब मित्रा ने दुर्गाबाड़ी मंदिर में पूजा की. इसके बाद बिप्लब मित्रा ने अपने बूथ पर वोट डाला.

दूसरे चरण का चुनाव दो छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण संपन्न

दार्जिलिंग : दूसरे चरण का चुनाव दो छिटपुट घटनाओं को छोड़कर काफी हद तक शांतिपूर्ण रहा. शाम करीब सात बजे से मतदान कर्मी ईवीएम और वीवीपैड के साथ डीसीआरसी लौटने लगे. जिला प्रशासन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर कुल 73 प्रतिशत मतदान हुआ है. माटीगाड़ा नक्सलबाड़ी विधानसभा में सबसे ज्यादा वोट मिले. वहां 78 फीसदी वोटिंग हुई. कलिम्पोंग में सबसे कम 65 फीसदी मतदान हुआ. हालांकि, मतदान सत्र शांतिपूर्वक संपन्न होने से मतदानकर्मी भी खुश हैं.

सिलीगुड़ी के 7 नंबर वार्ड स्थित विद्यासागर स्कूल मतदान केंद्र में दिखी उत्तेजना

सिलीगुड़ी: राजू बिष्ट के चुनाव एजेंट और भाजपा के सिलीगुड़ी सांगठनिक जिला महासचिव राजू साहा आज सिलीगुड़ी के 7 नंबर वार्ड स्थित विद्यासागर स्कूल मतदान केंद्र में प्रवेश करने की कोशिश किया, लेकिन तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के समर्थकों ने उन्हें रोक दिया.

वहीं उस घटना को लेकर इलाके में सनसनी फैल गई. केंद्रीय बलों से भी वाद विवाद हो गया. बाद में केंद्रीय बलों ने राजू साहा को वहां से हटा दिया.

महिलाओं के द्वारा संचालित आदर्श मतदान केंद्र में मतदाताओं की लगी लंबी कतार

सिलीगुड़ी : लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण आज में दार्जिलिंग, बालुरघाट और रायगंज में मतदान हो रहा है. इन तीनों लोकसभा क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ फांसीदेवा हाई स्कूल मतदान केंद्र पर भी सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतार लगी हुई है. इन बूथों पर महिला मतदान कर्मी मतदान करा रही हैं. साथ ही और महिला केंद्रीय बल तैनात हैं. लोक सभा निर्वाचन 2024 के लिए फांसीदेवा हाई स्कूल मतदान केंद्र में आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है. इसमें महिला मतदान कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है.

तृणमूल कांग्रेस महिला अध्यक्ष पापिया घोष ने कार्यकर्ताओं के संग खाया दोपहर का भोजन

सिलीगुड़ी : दिन भर विभिन्न मतदान केंद्रों पर भागदौड़ के बाद दार्जिलिंग जिला दार्जिलिंग जिला समतल तृणमूल कांग्रेस महिला अध्यक्ष पापिया घोष ने दोपहर में कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दोपहर का भोजन किया. दोपहर का भोजन के मनू में चाय के साथ चनाचूर और मुरी था. बता दें कि दार्जिलिंग संसदीय सीट से गोपाल लामा के लिए दार्जिलिंग जिला तृणमूल के कांग्रेस अध्यक्ष पापिया घोष काफी मशक्कत कर रही है,. आज भी वह विभिन्न मतदान केंद्रों में गयी और देखा कि वोट प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रहा है या नहीं,इसके अलावा वे वोट के विभिन्न मुद्दों पर पत्रकारों से रूबरू भी हुई.

चंदननगर : गोल्ड लोन कंपनी के दफ्तर में लगी आग

हुगली : चंदननगर में एक गोल्ड लोन कंपनी के दफ्तर में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई. मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग पर काबू पाया. चंदननगर थाने से बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा.प्राप्त जानकारी के अनुसार कि शुक्रवार सुबह जीटी रोड से सटे चंदननगर लक्ष्मीगंज बाजार के आबादी वाले इलाके में एक गोल्ड लोन प्रदाता के कार्यालय में आग लग गयी. खिड़की से धुआं निकलता देख स्थानीय निवासी व व्यवसायी आग बुझाने में जुट गये. बाद में दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची. शुरुआती जांच में फायर ब्रिगेड का अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है. अग्निशमन विभाग ने बताया कि आग फिलहाल नियंत्रण में है.उल्लेखनीय है कि 21 सितंबर, 2021 को चंदननगर में सोना उधार देने वाली कंपनी की इस शाखा में भीषण डकैती हुई थी. लुटेरों के एक गिरोह की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी. बिहार का लुटेरा गिरोह पकड़ा गया था. वर्ष 2023 में चुंचुड़ा कोर्ट में डकैतों के गिरोह को सजा सुनाई गई थी.

400 आम लोगों ने नहीं किया मतदान

सिलीगुड़ी: सिलीगुड़ी महकमा के बूथ संख्या 27, 177 और 178 के लगभग 400 आम लोगों ने आज मतदान नहीं किया, क्योंकि इन लोगों ने चुनाव बहिष्कार का ऐलान कर रखा था.

चुनाव बहिष्कार का ऐलान किसी समस्या से जुड़ा नहीं होकर आपसी विवाद और पुलिस की उदासीन रवैया के कारण था.

जानकारी के अनुसार बीती रात हुए विवाद के कारण लोगों ने आज मतदान नहीं किया.

बताया जा रहा है इस्तिला मिन्च के घर ऊपर से उसका पडोसी विधुत का तार ले जा रहा था, लेकिन तार टूटने के कारण आग लग गयी. जब इस्तिला मिन्च ने इसकी शिकायत की तो पड़ोसी ने गाली देना शुरू कर दिया. मामले को पुलिस को बताया गया, लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया, यहां तक कि विधुत विभाग के तरफ से भी कोई ध्यान नहीं दिया. इसके विरोध में 400 आम लोगों ने वोट का बहिष्कार किया.

भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट ने तृणमूल पर लगाया चुनाव के दौरान गुंडागर्दी का आरोप

सिलीगुड़ी : दार्जिलिंग संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार राजू बिष्ट अपने संसदीय क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर रहे हैं. इसी कड़ी में उन्होंने आज महानंदा हाई स्कूल में जाकर मतदान प्रक्रिया का जाएगा. इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा पर चुनाव के दौरान गुंडागर्दी करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि चोपड़ा में तृणमूल कांग्रेस की गुंडे खुलेआम बंदूक लेकर घूम रहे हैं. यहां तक की तीन जगह पर केंद्रीय बल के जवानों को भी भगा दिया गया है. उन्होंने कहा कि कई जगहों पर हमारे पोलिंग एजेंट को नहीं बैठने दिया गया है. इन जगहों पर हम लोग फिर से चुनाव कराने की मांग करेंगे. उम्मीद है कि चुनाव आयोग हमारे रिपोलिंग की मांग को स्वीकार करेगा. उन्होंने कहा कि कर्सियांग में रात से ही मतदाताओं को धमकाया जा रहा है उनको वोट नहीं करने की धमकी दी जा रही है उन्होंने कहा कि मैं आप लोगों का आश्वासन देता हूं कि आप लोग घरों से निकले और वोट करें. कोई आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा,क्योंकि आपकी सुरक्षा की जिम्मेदार सेना ने ले रखी है. उन्होंने सभी लोगों से घरों से निकलकर वोट करने की अपील की ताकि एक सुंदर दार्जिलिंग और सुंदर सिलीगुड़ी का निर्माण किया जा सके. उन्होंने कहा कि सुबह 11:00 बजे तक करीब 30% वोटिंग पश्चिम बंगाल में हो चुकी है उम्मीद है कि 80% से ज्यादा मतदान होगा.

पुलिस ने खोये हुए करीब 81 मोबाइल लोगों को लौटाये

कूचबिहार : कूचबिहार पुलिस ने खोये हुए करीब 81 मोबाइल आज लौटाये. लोगों ने पानी मोबाइल खोने शिकायत दर्ज कराई थी. मामले की जाँच करते हुए कूचबिहार पुलिस ने पिछले कुछ महीनों में खोए हुए फोन बरामद किए थे और उन्हें उनके मालिकों को लौटाया. शुक्रवार को कूचबिहार जिला मजिस्ट्रेट और अतिरिक्त उपायुक्त की देखरेख में मोबाइल फोन कूचबिहार पुलिस लाइन हॉल में वापस कर दिए गए. मोबाइल वापस पाकर उपभोक्ता काफी खुश दिखे.

श्रीरामपुर : कल्याण ने दाखिल किया नामांकन

हुगली : श्रीरामपुर लोकसभा केंद्र से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कल्याण बनर्जी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया. शुक्रवार सुबह उत्तरपाड़ा में पूजा करने के बाद कल्याण बनर्जी अपना नामांकन दाखिल करने चुंचूड़ा रवाना हुए. इस दौरान कल्याण बनर्जी के साथ राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती, तृणमूल के श्रीरामपुर हुगली सांगठनिक जिले के अध्यक्ष अरिंदम गुइन सहित बड़ी संख्या में तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे. हुगली मोड़ इलाके में स्थित भूमि और भूमि संस्कार दफ्तर में नामांकन जमा करने जाने के दौरान कल्याण ने उत्तरपाड़ा से चांपदानी तक विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की. सड़क के दोनों किनारों पर कल्याण बनर्जी के समर्थकों की भीड़ देखी गई. भूमि दफ्तर पहुंचने के बाद कल्याण बनर्जी ने आत्मविश्वास के साथ अपना नामांकन दाखिल किया.इसके बाद मिडिया से बातचीत करते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा कि वे इस बार डेढ़ लाख से अधिक मतों के अंतर से श्रीरामपुर लोकसभा सीट से विजयी होंगे. कल्याण ने कहा कि इस बार ममता बनर्जी के समर्थन में वर्ष 2009 जैसी लहर है. वर्ष 2019 में भाजपा के समर्थन में जैसी लहर थी, इस बार वैसी नहीं है. इसलिए भाजपा को वर्ष 2019 की तुलना में कम वोट मिलेंगे.

न्यूज कॉर्नर

उत्तर कोलकाता में आँखों के ऑपरेशन का शिविर

युवा शक्ति न्यूज /कोलकाताः 25 अप्रैल को उत्तर कोलकाता की तरफ से उल्टा डांगा के लायंस क्लब ऑफ़ कोलकाता कांकुरगाछी नेत्रलाय रिसर्च में आँखों का ऑपरेशन करवाया गया. इस शिविर में राष्ट्रीय नेत्र दान प्रमुख रेणु अग्रवाल, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष बबीता बगड़िया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मंजू यादुका की उपस्थिति रही. ॐ व प्रार्थना से शुरू करते हुए सभी पदाधिकारियों का स्वागत शाखा अध्यक्ष रेणु अग्रवाल ने मिश्री और तुलसी से किया. शाखा कोषाध्यक्ष रेणु लड़िया, सराहनीय प्रमुख रेणु चमरिया, प्रेमलता कांकरिया की उपस्थिति में बहुत सुन्दर से कार्य पूर्ण हुआ. ये ऑपरेशन मंजूजी यादुका की बेटी रंजना यादुका अग्रवाल के द्वारा जरुरतमंद का ऑपरेशन करवाया गया. सभी मरीज व स्टाफ को मिठाई, टिफ़िन, व चश्मा दिया गया. उत्तर कोलकाता शाखा ने मंजूजी व रंजना जी का तहेदिल से इस नेक कार्य के लिये धन्यवाद दिया.

संदेशखाली मामले पर भाजपा बोली– देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश, ममता ने किया बचाव

कोलकाताः पश्चिम बंगाल के संदेशखाली इलाके में शेख शाहजहां के करीबी के घर से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद होने की घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने ममता बनर्जी पर निशाना साधा है. पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के सह प्रभारी और आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा है कि ममता बनर्जी के संरक्षण में ही सब कुछ एकत्रित किया गया है और यह देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने की साजिश है. शुक्रवार को उन्होंने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स पर लिखा कि ईडी अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में छापेमारी के दौरान सीबीआई ने संदेशखाली के सरिबेरिया से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया. पश्चिम बंगाल की गृह मंत्री के रूप में ममता बनर्जी को यह बताना चाहिए कि राज्य में अवैध हथियारों का इतना बड़ा भंडार क्यों है ? यह खतरनाक है. अमित मालवीय ने कहा कि बमों को डिफ्यूज करने के लिए एनएसजी को तैनात किया गया है लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार ने सीबीआई को मामले की जांच करने से रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. हथियारों की यह खेप देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने वाली आतंकी कार्रवाई के अलावा और कुछ नहीं है लेकिन सवाल यह है कि ममता बनर्जी उन आतंकवादियों को बचाने की कोशिश क्यों कर रही हैं, जिन्होंने इतनी बड़ी मात्रा में आग्नेयास्त्रों का भंडार किया है ?

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल बोस ने गृह राज्य केरल में की वोटिंग

कोलकाताः पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने अपने गृह राज्य केरल में मतदान केंद्र पर जाकर पत्नी लक्ष्मी आनंद बोस के साथ वोटिंग की. डॉ. बोस ने त्रिवेंद्रम में सुबह-सुबह मतदान केंद्र संख्या 75 पर सरस्वती विद्यालय में अपना वोट डाला. डॉ. बोस पत्नी लक्ष्मी के साथ मतदान केंद्र पर पहुंचे और कुछ देर तक अपनी बारी आने की प्रतीक्षा की. हालांकि अन्य मतदाताओं ने उनसे पहले मतदान करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने अपनी बारी आने के बाद ही मतदान किया. उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की कि वे बिना चूके अपना वोट डालें. वोट लोगों की संप्रभुता का प्रतीक है.

बॉर्डर एरिया में मतदान के दौरान हिंदू मतदाताओं को दी गई धमकीः सुकांत मजूमदार

कोलकाताः पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष और बालुरघाट से पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को दावा किया कि अन्य जगहों पर मतदान कमोवेश शांतिपूर्ण रहा, लेकिन इटाहार विधानसभा क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय विधायक मोसरफ हुसैन के समर्थकों ने हिंदू मतदाताओं को डराया. हालांकि, हुसैन ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि सुकांत मजूमदार हार की डर से ऐसे बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं. हुसैन ने दावा किया, इटाहार में हमेशा शांतिपूर्ण मतदान का रिकॉर्ड रहा है. हैरानी की बात यह है कि पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि, रायगंज से ज्यादा शिकायतें नहीं आईं, जबकि उत्तरी दिनाजपुर जिले के इस लोकसभा क्षेत्र में चुनाव आयोग की विशेष नजर थी.

कोलकाता एयर पोर्ट पर बम होने की अफवाह से मचा हड़कंप

कोलकाताः कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर बम रखे होने की धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर हड़कंप मच गया. इसके बाद एयरपोर्ट के अंदर व्यापक तलाशी अभियान चलाय गया, लेकिन कुछ नहीं मिला. अब पुलिस मेल भेजने वाले का पता लगाने में जुटी है. शुक्रवार दोपहर एयरपोर्ट अधिकारियों के पास एक ईमेल आया, जिसमें एयर पोर्ट पर बम रखे होने की बात लिखी गई थी. इसके बाद वहां तैनात सीआईएसएफ द्वारा सघन तलाश शुरू की गई. काफी देर तलाशी अभियान चलाने के बावजूद कुछ नहीं मिलने की बात कही गई. एयरपोर्ट अथॉरिटी, सीआईएसएफ और बिधाननगर पुलिस मामले की जांच कर रही है. मेल कहां से आया, किसने किया, इसकी साइबर विशेषज्ञों की मदद से जांच की जा रही है. एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, कई यात्रियों से भी संदिग्ध के तौर पर पूछताछ की गई. एयरपोर्ट परिसर के विभिन्न हिस्सों के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई. बताते चलें कि पिछले साल भी इसी तरह से हवाई अड्डे पर बम होने की अफवाह फैलाई गई थी. हालांकि, उस वक्त बम की धमकी एयरपोर्ट में नहीं, बल्कि विमान में होने की बाक कही थी. इसके बाद दोहा जा रही कतर एयरवेज की फ्लाइट में यात्रियों दहशत में आ गए थे. परंतु, तलाशी के बाद कुछ नहीं मिला था.वहीं, विमान के कॉकपिट में एक बार फिर लेजर लाइट आने से पायलट को परेशानी झेलनी पड़ी. बार-बार विमानों के उतरने में लेजर लाइट की वजह से परेशानी खड़ी हो रही है, पुलिस प्रशासन में शिकायत के बावजूद घटनाएं कम नहीं हो रही है. विमान के उतरसे समय पायलट की आंखों पर लेजर लाइट पड़ने से बड़ा खतरा हो सकता था. गुरुवार शाम 7:33 बजे बागडोगरा से कोलकाता आने वाली इंडिगो की 6ई 6135 फ्लाइट एयरपोर्ट से कुछ दूरी पर थी, उसी समय कोईखाली की ओर कॉकपिट में एक हरी बत्ती चमकी. तभी पायलट दिशा तय करने में भ्रमित हो गया. पायलट ने इसके बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया. एटीसी ने विमान को सुरक्षित उतरने में पायलट की मदद की. विमान में 185 यात्री और छह चालक दल सवार थे. मामले की पुलिस से शिकायत की गई है.

भाजपा उम्मीदवार देवाशीष का नामांकन खारिज, हाईकोर्ट ने भी बैरंग लौटाया

कोलकाताः आईपीएस की नौकरी छोड़कर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए राजनीति में कदम रखने वाले अधिकारी देवाशीष दहर के सपने चकनाचूर हो गए हैं. चुनाव आयोग ने खामियों की वजह से उनका नामांकन रद्द कर दिया है. बीरभूम सीट से भाजपा उम्मीदवार देबाशीष दहर का नामांकन रद्द कर दिया गया है. शुक्रवार को तत्काल सुनवाई के लिए उन्होंने कलकत्ता हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अदालत का रुख किया लेकिन वहां से भी तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया गया. चीफ जस्टिस ने तत्काल सुनवाई की अर्जी खारिज कर दिया. कोर्ट सूत्रों के मुताबिक, देबाशीष ने हाई कोर्ट की एकल पीठ में तत्काल सुनवाई के लिए आवेदन दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई. इसके बाद उन्होंने मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया लेकिन उस पीठ ने भी देबाशीष की याचिका खारिज कर दी. मुख्य न्यायाधीश ने कहा, ''इस मामले को स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए. चुनाव याचिका दाखिल की जाए. चुनाव याचिका दाखिल पर सोमवार या मंगलवार को सुनवाई हो सकती है लेकिन आज सुनवाई संभव नहीं है. पिछले गुरुवार को भाजपा ने बीरभूम सीट के लिए वैकल्पिक उम्मीदवार का चयन किया था. देवतनु भट्टाचार्य ने भी भाजपा से नामांकन दाखिल किया है. इसके बाद से ही अटकलें लगाई जा थीं कि देबाशीष का नामांकन रद्द हो सकता है. यह दस्तावेज़ीकरण संबंधी समस्याओं के कारण हुआ है. इसके बाद शुक्रवार को ही देबाशीष का नामांकन रद्द कर दिया गया. पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं होने के कारण उनका नामांकन रद्द कर दिया गया है. देबाशीष ने मंगलवार को बीरभूम निर्वाचन क्षेत्र के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया थे. तब से वह लगातार प्रचार कर रहे थे. पूर्व आईपीएस गुरुवार दोपहर सैथिया के पूनूर गांव में ढोल बजाकर चुनाव प्रचार कर रहे थे. उस समय, देवतानु सिउड़ी में जिला मजिस्ट्रेट के कार्यालय गए और कमल के निशान के साथ बीरभूम सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें नामांकन जमा करने का निर्देश दिया है.

श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा और जिनबिम्ब स्थापन व कलशारोहण महोत्सव शुरू

युवाशक्ति न्यूज

कोलकाता. महानगर के श्री महावीर दिगंबर जैन मंदिर चौरंगी टेरेस में 26 से 28 अप्रैल तक तीन दिनों का भव्य मंदिर वेदी प्रतिष्ठा और जिनबिम्ब स्थापन व कलशारोहण महोत्सव मनाया जा रहा है. उल्लेखनीय है कि महोत्सव के प्रमुख पात्रों में हर्ष-शिल्पा सेठी, संपत-कुसुम छाबड़ा, निखिल-मौनी बाकलीवाल, सुधीर-अनुभा छाबड़ा, नरेंद्र राजकुमारी पांड्या, महेंद्र-बेबी सेठी शामिल हैं. वात्सल्य भोज के प्रयोजक काकीनाड़ा जूट मिल प्रबंधन था. लिफ्ट प्रदाता थीं मिश्रीलाल माइंस प्राइवेट लिमिटेड की डायरेक्टर रेणु जैन. महोत्सव के ध्वजारोहण कर्ता हैं विमल पाटनी, कैलाश पांड्या, महावीर मीनू सरावगी, सुभाष सेठी, राजेंद्र गंगवाल, पवन मोदी, महेंद्र पाटनी (काकीनाडा). उल्लेखनीय है कि 26 अप्रैल को उदय उत्सव मनाया गया, जिसमें सुबह 5:00 से नित्याभिषेक, शांति धारा पूजन हुआ. उसके बाद मंगल ध्वजारोहण और घट यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों सौभाग्यवती महिलाओं ने भाग लिया. प्रातः 8:00 बजे मंदिर बेदी की शिखर शुद्धि की गई और उसके बाद दिव्य अष्टावतरण, वेदी संस्कार जैसे अनुष्ठान किए गए. सुबह 9:00 बजे सकलीकरण, अंग न्यास, जाप संकल्प प्रारंभ किया गया. सुबह 11:00 बजे प्रथम तल में मंदिर 100 पद जीर्णोद्धार आधार पर वास्तु व होम हुआ. शाम 6:00 बजे कला मंदिर सभागार में नृत्य नाटिका संसार दर्शन का मंचन किया गया. युवा शक्ति से बात करते हुए मंदिर के ट्रस्टी महेंद्र पाटनी ने बताया आज इस मंदिर ने भव्य रूप ले लिया है. मंजू पाटनी ने कहा कि पहले यह मंदिर छोटा पड़ता था. बाद में इसका जीर्णोद्धार करके इसके कई तल्ले बनाए गए हैं. जीर्णोद्धार के बाद आज इस मंदिर में विभिन्न तरह के अनुष्ठान किए जा रहे हैं. सनत जैन ने कहा कि यह मंदिर करीब 38 वर्ष पहले बना था पिछले कुछ सालों से इस क्षेत्र मे जैन समाज के परिवारों की संख्या काफी बढ़ गई थी, इसलिए यह मंदिर काफी छोटा पड़ गया था इस कारण से बड़े मंदिर की जरूरत महसूस हो रही थी. उन्होंने आज शाम हुए कला मंदिर में होने वाले नाटक एवं कार्यक्रमों के बारे में भी बताया. अनीता गंगवाल ने युवाशक्ति को बताया कि तीन दिन के कार्यक्रम का यह प्रथम दिन था और इसे पूरा करते हुए हमें काफी खुशी हो रही है. उन्होंने कहा कि आज के कार्यक्रम में स्त्री, पुरुष, बच्चे सभी पूरे उत्साह के साथ लगे हुए हैं. उन्होंने भगवान से प्रार्थना की कि मंदिर के संबंध में चल रहे उनके जो सारे कार्यक्रम चल रहे हैं, इसी तरीके से पूरे हो जाएं. दिनेश जैन ने कहा कि इस मंदिर की जो परिकल्पना की गई थी, वह बहुत ही उत्तम थी और और यह मंदिर आज एक भव्य रूप ले चुका है. उल्लेखनीय है कि 27 अप्रैल को सुबह में वाद्य उद्घोष होगा. उसके बाद सरलीकरण इंद्र प्रतिष्ठा, नित्याभिषेक, मंडप प्रतिष्ठा, उसके बाद महायोग मंडल, आराधना आरती संपन्न होंगे. अजीत कुमार द्वारा भक्ति संध्या में गीत-संगीत का गायन होगा. 28 अप्रैल को अनावरण के दिन नित्याभिषेक, शांति धारा पूजन होगा और मुख्य द्वार का उद्घाटन किया जाएगा. इसके अलावा वेदी मुखोद्घाटन, मुकुट घटन, वे वेदियों पर पीठ वास्तु विधान, जिन बिम्ब स्थापन विधि, सिंहासन स्थापन, प्रतिमा स्थापन, छत्र भामंडल, चंवर, वंदनवार कार्यक्रम होंगे. इसके बाद कलशारोहण, ध्वजारोहण किया जाएगा. सुबह 10:30 बजे हवन पूर्णाहुति और क्षमापना होगी. 11:30 बजे महामस्तकाभिषेक और शाम 7:00 बजे अभिनंदन समारोह आयोजित किया जाएगा.

सीएम ममता बनर्जी की बढ़ सकती हैं मुश्किलें

हाई कोर्ट ने अदालत की अवमानना का स्वत:संज्ञान मामला किया स्वीकार

कोलकाताः कलकत्ता हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ अदालत की अवमानना का स्वत:संज्ञान मामला स्वीकार कर लिया है. अदालत ने वकील विकासरंजन भट्टाचार्य, अनिंद्य सुंदर दास और कौस्तब बागची द्वारा दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं के आधार पर मामले को स्वीकार कर लिया. मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली अदालत की प्रशासनिक शाखा यह तय करेगी कि मामले की सुनवाई कौन सी पीठ करेगी. शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को लेकर लगातार सवाल खड़ा कर रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ अधिवक्ताओं ने अदालत की अवमानना का मामला किया था. उन्होंने अनुरोध किया था कि अदालत को इस मामले में स्वत:संज्ञान कार्रवाई करनी चाहिए. विकास ने कहा था कि ममता कह रही हैं कि हाई कोर्ट के फैसले पर भाजपा का असर है. न्यायाधीश अपने विवेक और कानून के मुताबिक कार्य करते हैं. लेकिन पूरा हाई कोर्ट बिक गया, यह टिप्पणी क्यों? कोर्ट का अपमान हो रहा है.विकासरंजन ने मुख्यमंत्री के उक्त बयान को हलफनामा के रूप में प्रस्तुत किया है. हलफनामे में उन्होंने मुख्यमंत्री को सचेत करने का अनुरोध किया है. इसके बाद मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि इससे पहले हाई कोर्ट ने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी थी. विकासरंजन ने कहा कि ममता बनर्जी ने बार-बार न्यायिक व्यवस्था पर हमला किया है. उल्लेखनीय है कि शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में 26 हजार लोगों की नौकरी रद्द करने के हाईकोर्ट के फैसले पर ममता बनर्जी ने लगातार सवाल खड़ा किया है.

बंगाल की तीन लोकसभा सीटों पर 71.84 फीसदी वोटिंग, ईवीएम में कैद हुई 47 उम्मीदवारों की किस्मत

कोलकाताः देश भर के 13 राज्यों की 88 लोकसभा सीटों के साथ शुक्रवार को दूसरे चरण में पश्चिम बंगाल की रायगंज, बालूरघाट और दार्जिलिंग लोकसभा सीट पर शांतिपूर्वक तरीके से वोटिंग हुई है. यहां से प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार सहित 47 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है. शाम 5:00 बजे तक राज्य में 71.84 फीसदी वोटिंग हुई है. बालूरघाट में कई जगहों पर बीजेपी और तृणमूल कार्यकर्ताओं के बीच तकरार के हालात बन गए थे. कई जगह टीएमसी कार्यकर्ताओं पर मतदाताओं को धमकाने के आरोप लगे लेकिन कहीं से हिंसा की कोई खबर नहीं मिली. उत्तरी दिनाजपुर जिले के रायगंज निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के उम्मीदवार कार्तिक पॉल हैं, जिन्होंने निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा लोकसभा सदस्य देवश्री चौधरी का स्थान लिया है. पॉल के निकटतम प्रतिद्वंद्वी तृणमूल कांग्रेस के कृष्णा कल्याणी और कांग्रेस के अली इमरान रम्ज़ उर्फ विक्टर हैं. इस बार रायगंज में कुल 20 उम्मीदवार हैं, जिनमें से 19 पुरुष और एक महिला हैं. रायगंज में सबसे अधिक 418 संवेदनशील बूथ थे. दार्जिलिंग में तृणमूल कांग्रेस ने पूर्व नौकरशाह गोपाल लामा, भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद राजू बिष्ट और कांग्रेस ने मुनीष तमांग को मैदान में उतारा है. कर्सियांग विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के मौजूदा विधायक बिष्णु प्रसाद शर्मा को टिकट नहीं मिलने पर वे इस बार दार्जिलिंग से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं. दार्जिलिंग में इस बार कुल 14 उम्मीदवार हैं, जिनमें से 12 पुरुष और दो महिलाएं हैं. दार्जिलिंग में संवेदनशील बूथों की संख्या 408 है. बालुरघाट में भाजपा के मौजूदा लोकसभा सांसद और राज्य पार्टी अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के खिलाफ मुख्य प्रतिद्वंद्वी तृणमूल कांग्रेस के राज्य मंत्री बिप्लब मित्रा और रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के जॉयदेब सिद्धांत हैं. इस बार बालुरघाट में कुल 13 उम्मीदवार हैं और सभी पुरुष हैं. दार्जिलिंग में संवेदनशील बूथों की संख्या 308 है. पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार वर्तमान में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 299 कंपनियां पश्चिम बंगाल में हैं, जिनमें से 272 कंपनियां शुक्रवार को तीन निर्वाचन क्षेत्रों के लिए तैनात रहीं. बाकी को रिजर्व में रखा गया था. 12 हजार 983 राज्य पुलिस कर्मियों की भी तैनाती हुई थी. रायगंज में सीएपीएफ की सबसे अधिक 111 कंपनियों की तैनाती थी, इसके बाद दार्जिलिंग में 88 कंपनियों और बालुरघाट में 73 कंपनियों की तैनाती रहीं. मतदान शुक्रवार सुबह सात बजे शुरू हुआ, जो शाम छह बजे तक चला है.

बैरकपुर में जोड़ा फूल और कमल फूल के बीच कांटे की टक्कर

अर्जुन सिंह को श्रमिकों का मसीहा मान रहे हैं जूट मिलों के श्रमिक

युवा शक्ति न्यूज

अर्जुन सिंह, भाजपा प्रत्याशी, बैरकपुर

पार्थ भौमिक, तृणमूल प्रत्याशी, बैरकपुर

कोलकाताः कोलकाता के उपनगरीय इलाकों में शुमार बैरकपुर संसदीय क्षेत्र उत्तर 24 परगना जिले में हुगली नदी के तट पर बसा हुआ है. बैरकपुर की पहचान पश्चिम बंगाल के प्रमुख औद्योगिक केंद्र में है. इसी संसदीय क्षेत्र में लगभग दो दर्जन जूट मिलें हैं. राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी का जन्म इसी संसदीय क्षेत्र के नैहाटी में हुआ था. इतिहास के अनुसार सन् 1857 में प्रथम स्वाधीनता संग्राम का बिगुल इसी बैरकपुर से फूंका गया था. भारत के कुल 543 लोकसभा सीटों में एक है बैरकपुर. यहां आखरी चरण (1 जून) को वोट होंगे. यहां तृणमूल की टिकट पर खड़े पार्थ भौमिक को भाजपा के अर्जुन सिंह टक्कर दे रहे हैं. एसयूसीआई के देवाशीष बनर्जी भी चुनाव मैदान में हैं. यहां सीधी टक्कर जोड़ा फूल और कमल फूल यानी पार्थ भौमिक और अर्जुन सिंह के बीच है. क्षेत्र का जायजा लेने पर देखा गया कि तृणमूल और भाजपा के बीच ही जबरदस्त टक्कर है. चुनाव प्रचार में तृणमूल की बढ़त देखी गई. प्रचार मे अर्जुन सिंह थोड़ा पीछे जरूर हैं लेकिन अर्जुन सिंह के लिए बड़ी बात यह है उनकी पहचान जूट मिलों के श्रमिकों की मसीह के रूप में है. ऐसे में जूट मिलों के श्रमिक अर्जुन सिंह के पक्ष में देखे गए. युवा शक्ति की टीम कुछ श्रमिकों से मिली. श्रमिकों ने बताया कि अर्जुन सिंह जूट मिलों और श्रमिकों के हित के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी. खास तौर पर जूट मिलों के लिए अर्जुन सिंह कभी तृणमूल में रहकर भी पार्टी से बगावत की थी, इसलिए श्रमिक वर्ग अर्जुन सिंह के साथ खड़ा है. बैरकपुर संसदीय क्षेत्र के अधीन सात विधानसभा क्षेत्र है. ये क्षेत्र हैं, आमडांगा, बीजपुर, नैहट्टी, भाटपाड़ा, जगदल, नोआपाड़ा और बैरकपुर. साल 1951 में स्थापित बैरकपुर संसदीय क्षेत्र में 14, 36,431 वोटर हैं. इनमें महिला वोटर 6,94,097 और पुरुष वोटर 7,42,305 हैं. फिलहाल इस क्षेत्र के सांसद अर्जुन सिंह हैं. साल 2019 में उन्होंने भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी तृणमूल के दिनेश त्रिवेदी को 14,757 वोटों से शिकस्त दिया था. खास बात यह है कि साल 2014 में तृणमूल के दिनेश त्रिवेदी को जिताने में अर्जुन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही. उस दौरान अर्जुन सिंह तृणमूल के विधायक थे. 2019 में उन्होंने तृणमूल का साथ छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया था. भाजपा ने उन्हें बैरकपुर से प्रत्याशी बनाया. जहां वे दिनेश त्रिवेदी को हराकर सांसद बन गए. साल 2022 में अर्जुन सिंह ने फिर तृणमूल का दामन थाम लिया लेकिन 2024 में उन्हें तृणमूल ने टिकट ही नहीं दिया. नतीजन अर्जुन सिंह वापस भाजपा में शामिल हो गए. भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है और तृणमूल ने पार्थ भौमिक को खड़ा किया है.

कोलकाता उत्तर लोकसभा सीट की पुरानी–संकरी गलियों में कितनी चुनाव सरगर्मी ?

कोलकाताः उत्तर लोकसभा सीट कोलकाता के उस इलाके को समेटे है, जहां बीते दिनों के निशान मौजूद हैं. यहां की लाल ईंटों की इमारतें, सुंदर लेटरबॉक्स और संकरी गलियां और इन गलियों के आर-पार जाते लोग इस इलाके की खासियतें हैं. यहां की सदियों पुरानी मिठाइयां और उनसे जुड़ा इतिहास भी है. बहू बाजार के इलाके में भीम चंद्र नाग की दुकान 1826 में शुरू हुई थी. यहां के संदेश का स्वाद पीढ़ी दर पीढ़ी विरासत की चला आ रहा है. यहां की एक मिठाई लाडीकेनी ब्रिटिशर लॉर्ड कैनिंग की पत्नी के नाम पर रखा गया है. इसी दुकान के सामने मिठाइयों और फूलों की कई पुरानी दुकानों हैं जिन्हें चलाने वाले कई लोग जन्म से बंगाल में ही हैं. ऐसे ही एक शख्स हैं नरेश गुप्ता, जो हैं तो उत्तर प्रदेश के लेकिन पिता ने हलवाई की दुकान खोली तो परिवार यहीं का होकर रह गया. वह कहते हैं, राजनीति ने यहां के माहौल में बदलाव किया है, हालांकि यहां का भद्र जन इस बदलाव को कैसे स्वीकार करता है देखने वाली बात है. बंगाली लोग शांति पसंद हैं. वे हल्ला गुल्ला शोर-शराबा पसंद नहीं करते. रामनवमी के जुलूस में हमने देखा कि लोगों ने तलवारें ली हुई थीं. राम भक्त होने का मतलब यह तो नहीं होता.

कांटे की टक्करः पास में खड़े काजल मुखर्जी उनकी बातें सुन रहे थे. काजल यहां दही और बूंदी खाने आए थे. वह कहते हैं, हमें लगता है कि यहां बदलाव होना चाहिए. लेकिन सब कुछ शांत रहे. माहौल ठीक रहे. महंगाई कम हो. यहां संदेशखाली भी एक मुद्दा है. इसी लाइन में दाहिने बढ़ने पर नमकीन का स्टॉल चलाने वाले राजीव गुप्ता भी कुछ कुछ ऐसा ही कहते हैं. वह कहते हैं, मैं 22-23 साल से यहीं हूं. बहू बाजार इलाके में जैसा रामनवमी का जूलूस इस बार निकला. हमने कभी नहीं देखा. हालांकि, सब कुछ शांत ही रहा. एक बात और की यहां टक्कर कांटे की है.

बाज़ार में लोगों ने क्या कहाः इस सीट से टीएमसी के दिग्गज सुदीप बंदोपाध्याय के मुकाबले में बीजेपी की ओर से तापस रॉय हैं. रॉय ने हाल ही में तृणमूल से पाला बदल कर बीजेपी जॉइन की है. आम लोगों के अजेंडे में राजनीति से कहीं ज्यादा रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी चुनौतियां भी हैं. पिता के साथ थैले और दूसरी छोटी चीजों का स्टॉल देखने वाले सुमोन कहते हैं, हम तो बस यही सोचते हैं कि इनकम कैसे बढ़ाई जाए. केंद्र सरकार भले ही कह रही हो कि वह सबके लिए अच्छी नीतियां बना रही है, लेकिन सच है कि छोटे दुकानदारों के लिए ऐसा नहीं है. हम लोगों का बिजनेस आधे से भी कम हो गया है. 200 साल पुराना कोलकाता का बुर्रा बाजार तपती दोपहरी में भी गुलजार है. दुकानों के बीचोंबीच यहां चाय के ठिए पर शुक्ला टी स्टॉल में लोगबाग चुनाव की बात कर रहे हैं. उन्हीं में से एक शख्स कहता है कि प्रचार चल रहा है, लेकिन ज्यादा नहीं दिख रहा. कॉलेज स्ट्रीट नाम से मशहूर इस इलाके में दुनिया भर की किताबें मिल जाएंगी.

क्या है सीट का गणित ?: हिंदीभाषी नॉन बंगालियों की अच्छी खासी बसावट वाली इस सीट में सुदीप के सामने छह बार के विधायक तापस रॉय हैं. उन्होंने 1996 में कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीता था. 2001 में वह कांग्रेस से संबंध तोड़कर टीएमसी मे शामिल हो गए थे. साल 2019 के लोकसभा चुनाव में सुदीप बंदोपाध्याय ने बीजेपी के राहुल सिन्हा को हराया था. उससे पहले साल 2014 और साल 2009 के लोकसभा चुनाव में भी सीट बंदोपाध्याय के ही खाते में गई थी.

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/(साधारण), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं. : ईएलईजी–ओटी–1037–2023–24, कार्य का विवरण:** गड़िया स्टेशन में अंडरपास एवं अतिरिक्त बुकिंग काउंटर का विद्युतीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 9,89,492/–, **बयाना राशि:** रु.19,800/–, **क्रम सं.2, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1054–2023–24, कार्य का विवरण:** बहरमपुर कोर्ट: बहरमपुर में आरपीएफ बैरक का प्रावधान (50 बेड)। **निविदा मूल्य:** रु. 24,55,685/–, **बयाना राशि:** रु. 49,100/– **क्रम सं. 3, निविदा सं. : ईएलईजी–ओटी–1062–2023–24, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल में एकेआईपी (अकईपुर हाल्ट), बीएनकेए (बंकिमनगर), बीटीकेबी (बाथना कुर्तिबास), बीएचएनए (भायना हाल्ट), सीपीएचटी (कूपर्स हाल्ट), एमवाईएचटी (मयूरहाट हाल्ट), एनबीआरएन (नबरायनगर), पीएनसीबी (पाँचबेड़िया), एसएनटीआर (शांतिनगर), बीएफटी (भाबता), एनबीपीएच (न्यू बलरामपुर), पीआरटीएल (पीरतला), आरईजे (रेजिनगर), एसजीवी (सारगाछी), एसआरजेएन (सिराजनगर), एसबीएनएम (सुबर्णमृगी), एसवीएच (सोनाडांगा), डीएचयू (धुबुलिया) में पाइप वाटर सप्लाई के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 26,62,611/–, **बयाना राशि:** रु. 53,300/–, **क्रम सं. 4, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1063–2023–24, कार्य का विवरण:** डीआरएमएलएस ग्रांट के अधीन एनसीसी/सियालदह में मैकेनिकल लॉण्ड्री के संवर्धन हेतु विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 3,98,654/–, **बयाना राशि:** रु. 8,000/–, **क्रम सं. 5, निविदा सं.: ईएलईजी–ओटी–1090–2023–24, कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल के तहत जब भी आवश्यकता पड़े, के आधार पर 1.5 टीआर क्षमता के नए एयर कंडीशनिंग मशीन (स्प्लिट/विण्डो) का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** रु. 40,02,225/–, **बयाना राशि:** रु. 80,100/–**निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00 (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि:** 12 माह (क्रम सं. 1 एवं 4 प्रत्येक हेतु), 15 माह (क्रम सं. 2 हेतु), 18 माह (क्रम सं. 3 एवं 5 प्रत्येक हेतु)। **निविदा प्रकाशन की तिथि:** दिनांक 24.04.2024, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 20.05.2024 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 20.05.2024 को 14.00 बजे के उपरांत। **निविदा बोली की प्रारंभिक तिथि:** दिनांक 06.05.2024, निविदा सूचना एवं समय–समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-31/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.

न्यूज कॉर्नर

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 अप्रैल को बेगूसराय में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित



बेगूसराय(युवा शक्ति ब्यूरो) : एनडीए प्रत्याशी व देश के फायर ब्रांड भाजपा के नेता सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के चुनावी सभा को संबोधित करने के लिये 29 अप्रैल को दोपहर 12:30 बजे दिन में भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह जीडी कॉलेज के मैदान में आयेंगे .जहां एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे.इसकी जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी शुभम कुमार ने दी है.

बेगूसराय लोकसभा सीट से 14 अभ्यर्थियों में 4 अभ्यर्थियों का नामांकन हुआ रद्द

(आनंद कुमार जायसवाल)

बेगूसराय(युवा शक्ति ब्यूरो) : बेगूसराय लोकसभा सीट के लिये कुल 14 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र अपना दाखिल किया था.26 अप्रैल को इन सभी के नामांकन पत्रो की जांच की गयी.जिसमें से 04 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्रों में त्रुटि रहने के कारण उनके नामांकन पत्रों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने नामांकन पत्र रद्द कर दिया. जिनके नामांकन पत्र रद्द किये गये है. उनके नाम 4 अभ्यर्थियों के इस प्रकार हैं. पहला- वत्स पुरुषोत्तम, दूसरा- उमेश पटेल, तीसरा- रामवृक्ष कुमार और चौथा- गुलाब चौधरी के नामांकन पत्रों को रद्द कर दिया गया. 10 अभ्यर्थियों के नाम सही पाये गये. जिनके नाम सही पाये गये है. उन अभ्यर्थियों का नाम इस प्रकार है - अवधेश कुमार राय, रजनीश कुमार मुखिया,गिरिराज सिंह, मो. शहनवाज हुसैन, राम बदन राय, अरुण कुमार,इंद्रजीत राय, राम उदगार,चंदन कुमार दास ,राज कुमार साह इन सभी 10 अभ्यर्थियों के नाम सही पाये गये है. 29 अप्रैल को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है. अगर इन 10 अभ्यार्थियों में से कोई नाम वापस नहीं लेंगे तो ये सभी प्रत्याशी चुनावी मैदान में रह जायेंगे.

भारतीय जनता पार्टी की महिला जनसम्पर्क अभियान की बैठक संपन्न हुई

सरायकेला : जिला के चांडिल स्टेशन बस्ती पुराना पेट्रोल पंप स्थित समाधान कार्यालय में बैठक में प्रदेश सह प्रभारी लक्ष्मी कुमारी, लोकसभा संयोजक रेखा महतो एवं सह संयोजक नेहा सिंह, विधानसभा संयोजक सारथी महतो, अनिता पारित ने महिलाओं को भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने का गुर सिखाए.बैठक में लक्ष्मी कुमारी ने महिला कार्यकर्ताओं से कहा कि हमे घर घर जाकर महिलाओं को बताना होगा कि देश के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी ही हैं जो महिलाओं के उत्थान की चिंता विगत 10 वर्षों से कर रहें हैं,मोदीजी महिलाओं के उन्नति के लिये अलग से अनेक योजना शुरू किये,महिलाओं के लिये अलग आरक्षण दिए,एक आदिवासी महिला द्रौपदी मुर्मू जी को देश का राष्ट्रपति बनवाये,महिलाओं के लिए मातृ वंदन योजना शुरू किया,मोदीजी अपने संबोधन में चार जातियों का जिक्र हर हमेशा करते हैं जिसमे एक नारी जाति होती है. रश्मि साहू ने कहा कि हमे महिलाओं से मिलकर कहना है कि महिलाओं के ऐसे शुभचिंतक मोदीजी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना है, जिसके लिए भारतीय जनता के प्रत्याशी संजय सेठ को कमल फूल निशान में वोट देने का आग्रह करना है.नारीशक्ति वंदन अधिनियम बिल पास होने पर नरेन्द्र मोदी जी के कार्य को बहनों के द्वारा आभार व्यक्त किए.बैठक में महिला संपर्क अभियान की विधानसभा संयोजक हेमलता महतो, सह संयोजक तारु सिंह मुंडा, सुलोचना सिंह, दमयंती सिंह, रेखा प्रमाणिक, सुलोचना प्रमाणिक के साथ सभी मंडल के संयोजक और सह संयोजक एवं महिला कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे.

मतदान के प्रति चलाया गया जागरुकता अभियान

सरायकेला : जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा एलईडी वाहन 'मतदाता जागरूकता रथ' के माध्यम से ऑडियो-वीडियो क्लिप का प्रदर्शन कर ग्रामीणों को विधान सभा चुनाव में ईवीएम/वीवीपैट का प्रयोग कर मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है. इसी क्रम में आज कुचाई प्रखंड के रुगुडीह पंचायत, रोलाहातु पंचायत, तिलोपदा पंचायत में ईवीएम व वीवीपैट का प्रचार-प्रसार किया गया. साथ ही ऑडियो/वीडियो द्वारा मतदाताओं को ईवीएम/वीवी पैट की खूबियों की जानकारी देते हुए इसके माध्यम से वोटिंग करने के तरीके से अवगत कराया गया. साथ ही मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करने से संबंधित वीडियो क्लिप दिखाए गए. इस दौरान दिव्यांग मतदाता एवं महिला मतदाताओं के लिए भी जागरूकता से संबंधित वीडियो क्लिप भी दिखाए गए. साथ ही मतदान का अधिकार और ईवीएम के माध्यम से मतदान कैसे करें, इसकी जानकारी हिंदी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में दी गई.एलईडी के माध्यम से विधान सभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया गया. उन्हें वोट की महत्ता से अवगत कराया गया और उससे जुड़े अन्य विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई. नए मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति प्रेरित किया गया. नए मतदाताओं को बताया गया कि अपने मतदान केंद्र पर सर्वप्रथम मताधिकार का प्रयोग करने पर उन्हें प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा. वीडियो क्लिप प्रदर्शित कर लोगों को बताया गया कि वीवीपैट बिल्कुल पारदर्शी तरीके से काम करती है और वोटर के मन में उत्पन्न हर शंका का समाधान करती है. साथ ही वीडियो क्लिप दिखाकर आम नागरिक को बताया गया कि कोई भी नागरिक सी विजिल एप के माध्यम से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकता है.

बालुरघाट में किन्नरों ने किया मतदान, मताधिकार का प्रयोग करने पर जताई खुशी

दक्षिण दिनाजपुर : पश्चिम बंगाल के तीन लोकसभा सीटों दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में शुक्रवार को मतदान हो रहा है. बालुरघाट में आम लोगों की तरह तीसरे लिंग (थर्ड जेंडर) के 79 लोग मतदान करने पहुंचे.मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह दक्षिण दिनाजपुर के बालुरघाट केंद्र पर थर्ड जेंडर मतदाता अपने वोटर कार्ड के साथ खड़े थे. बालुरघाट के वार्ड संख्या 21 के सामुदायिक भवन में मतदान चल रहा है. यहां सुबह महिलाएं और पुरुष वोट डालने पहुंचे. थर्ड जेंडर मतदाता चंपा कतार में खड़े बुजुर्गों के साथ वोट देने पहुंचीं.उन्होंने कहा कि मतदान करना अच्छा लगता है. शांत और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने के लिए अलग व्यवस्था के लिए चुनाव आयोग को धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि उनके पास पहले कोई वोटर कार्ड नहीं था. उन्हें अपना कार्ड मिले 10 साल हो गए हैं. इस बार वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग कर सके हैं. बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र में केंद्रीय बलों की 73 कंपनियां तैनात हैं. इस वर्ष बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र में 36 बूथ महिलाओं द्वारा संचालित हैं.केंद्रीय बलों की महिला सुरक्षाकर्मी भी सुरक्षा की कमान संभाल रही हैं.उल्लेखनीय है कि बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र में सात विधानसभाएं बालुरघाट, कुमारगंज, तपन, गंगारामपुर, कुशमंडी, हरिरामपुर और इटाहार शामिल हैं. बालुरघाट लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 15 लाख 56 हजार 907 है. इनमें महिला मतदाताओं की संख्या सात लाख 61 हजार 52 है. पुरुष मतदाताओं की संख्या सात लाख 95 हजार 776 और थर्ड जेंडर मतदाता 79 हैं.

प्रधानगी नहीं, सेवा भावना वाले बनें गुरु घर के मुख्य सेवादार : जमशेदपुरी

जमशेदपुर : आये दिन गुरुद्वारों में प्रधानगी को लेकर उपज रहे विवादों पर चिंता जताते हुए जमशेदपुर के युवा सिख धर्म प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने कहा है कि गुरु घरों में प्रधानगी के लिए नहीं बल्कि सेवा भावना के लिए मुख्य सेवादार चुना जाना चाहिए. शुक्रवार को अपने विचार व्यक्त करते हुए हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने कहा कि वे इस बाबत सीजीपीसी के मुख्य सेवादार सरदार भगवान सिंह से मिल उनके सम्मुख जल्द ही अपने विचार रखेंगे. जमशेदपुर के युवा सिख धर्म प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने पिछले कुछ दिनों से चले आ रहे गुरु घर में प्रधानगी पद के लिये आपसी मतभेद को लेकर गहरी चिंता वयक्त करते हुए कहा कि कोई भी सिख यदि गुरु घर में सेवा करना चाहता है तो उसके भीतर सेवादारी वाली भावना होनी बहुत ज़रूरी है. जमशेदपुरी ने तीखे विचार देते हुए कहा कि, एक समय वह भी था जब गुरु की एक स्वर में सिख गुरु के लिये अपना शीश तक दे देते थे परन्तु आज ऐसा समय आ गया है कि सिर्फ़ अपनी वाह-वाही के लिए अपने ही सिख भाईचारा छोड़ आपस में विवाद कर बैठते है, जो की बहुत शर्मनाक बात है.

गर्म हवाओं से हीट स्ट्रोक का खतरा

अकबरपुर (नवादा) : चिलचिलाती धूप एवं उमस भरी गर्मी ने आमजन का जीना मुहाल कर दिया है. शुक्रवार की सुबह से ही चिलचिलाती धूप से लोग बेहाल रहे.प्रखंड में गर्मी की वजह से लोगों का सड़क पर निकलना भी मुश्किल हो गया है. सुबह के 10 बजे से ही तेज धूप व गर्मी परेशान करने लगती है.गर्मी के बीच पछुआ हवा से भी लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. अकबरपुर क्षेत्र में शुक्रवार को जहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा है.वहीं, न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह रहा है. वहीं, पछुआ हवा की रफ्तार भी काफी तेज है. पूरे दिन चिलचिलाती धूप से धरती गर्म तवे जैसी तपती रही.पंखे एवं कूलर की

हवा आधी रात तक भी राहत देने में असफल साबित हो रही है. ऐसे में धूप और गर्म हवा के झोंके के कारण दिन में हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ गया है.खास बात यह है कि प्रखंड में गर्मी से बढ़ी परेशानी के बीच बिजली की आंख मिचौनी भी हो रही है. लोगों का कहना है कि बिजली आ रही है और जा रही है. कई बार घंटे भर तक बिजली गायब रहती.बिजली की आंख मिचौनी ने गर्मी की तकलीफ और बढ़ा दे रही है. लोगों ने इलाके में बेहतर बिजली आपूर्ति करने की मांग विभाग से की है.

42 डिग्री तक पहुंच चुके पारे से आंशिक राहत दिलाने के लिए मार्केट में कुछ उपाय भी मौजूद हैं. दरअसल, गर्मी की वजह से मौसमी फलों की मांग बढ़ गई है. प्रखंड में स्थित चौक-चौराहों पर नींबू पानी, शिकंजी, फलूदा, गन्ने का रस, फलों का रस आदि के ठेले सजे हैं.

वहीं, आमझोर, तरबूज, खरबूज, खीरा एवं ककड़ी जैसे ठंडे फलों की मांग भी बढ़ गई है. जबकि, लस्सी की दुकानों पर सुबह से शाम तक लोगों की भीड़ जुट रही है. ठंडे पेय पदार्थ की मांग बढ़ गई है.

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में वरिष्ठ नागरिक व्हीलचेयर से मतदान केंद्र पर आ रहे हैं (फोटो: पीआईबी कोलकाता)

पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में एक मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद सेल्फी प्वाइंट पर उत्साहित मतदाता (पीआईबी कोलकाता)

कदमा में टाटा स्टील कर्मचारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जमशेदपुर : कदमा थाना अंतर्गत गणेश पूजा मैदान के पास स्थित क्वार्टर में मनीष दास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. मनीष का शव क्वार्टर में फंदे से लटका पाया गया. मनीष के परिजन शादी समारोह में शामिल होने पुणे गए है. इधर, क्वार्टर के बाहर कपड़ा बेचने वाले गोपाल ने पुलिस को घटना की सूचना दी. सूचना पाकर कदमा पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मनीष के शव को फंदे से उतारा. मनीष ने रस्सी से खिड़की के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की. पुलिस ने मनीष के परिजनों को सूचित कर दिया है. सूचना पाकर परिजन पुणे से जमशेदपुर के लिए रवाना हो गए है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस के शव गृह में रखवा दिया है. पुलिस ने जब कमरे की तलाशी ली तो कमरे से पुलिस को कई जली हुई सिगरेट भी बरामद हुई है.

शादी का झांसा देकर 3 साल तक संबंध बनाता रहा युवक

पकरीबरावां (नवादा) : नवादा पुलिस ने पकरीबरावां थाना क्षेत्र के पोकसी गांव के के 25 वर्षीय संजीव कुमार को गिरफ्तार किया है. आरोप है कि युवती को शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक शारीरिक शोषण कर रहे थे.इस संबंध में पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि आरोपित संजीव कुमार नालंदा जिले के बिहारशरीफ में एक निजी हॉस्पिटल में कंपाउंडर का काम सीखने के क्रम में उसी हॉस्पिटल में नर्स के रूप में कार्यरत एक युवती को शादी का झांसा देकर तीन वर्ष से उसका शारीरिक शोषण करता रहा.जब युवती ने शादी करने की बात कही, तो आरोपित संजीव ने साफ इनकार कर दिया. इस संबंध में युवती के आवेदन पर 25 अप्रैल को पकरीबरावां में थाना केस दर्ज किया गया.उन्होंने बताया कि अनुसंधान के क्रम में प्राथमिकी आरोपित संजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया. शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के देवी बिगहा गांव में बीते 24 अप्रैल को हुए ब्रह्मदेव यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है.पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि ब्रह्मदेव यादव हत्याकांड में आरोपित सभी आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा छापेमारी की जा रही थी. इसी क्रम में हत्या के आरोपित रंजीत कुमार को पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय के पास से रात्रि करीब 12 बजे बालू लदे ट्रक से गिरफ्तार किया गया.उन्होंने बताया कि शुक्रवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया.

साथ ही अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.बता दें कि 24 अप्रैल को 55 वर्षीय ब्रह्मदेव यादव की पीटकर एवं गला दबाकर उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वे अपने पुत्रवधू के भाई रामप्रवेश यादव को बचाने गए थे.आरोप लगा है कि गांव के ही लोगों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई. इस मामले में मृतक के पुत्र धीरज कुमार के आवेदन पर अजय कुमार, रंजीत कुमार सहित पांच लोगों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी. पुलिस द्वारा कांड संख्या-187/24 दर्ज कर आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है.

बीपीएससी प्रशिक्षण ले रहे 25 अधिकारियों ने कर दिया कमाल, कंचनजंघा चोटी पर फहराया तिरंगा

डोभी (गया) : 67 वीं बीपीएससी में सफल छात्रों का गया स्थित विपार्ड में प्रशिक्षण चल रहा है. जिसमे 25 प्रशिक्षणार्थियों ने मात्र 8 दिन में देश के सबसे ऊंचे पहाड़ की चोटी कंचनजंघा पर पहुंचकर देश की शान तिरंगा को फहराने का कार्य किया.उक्त कार्य पी टी आई एक्स आर्मी मैन छोटे लाल के नेतृत्व में टीम गया से रवाना हुई थी.

इस टीम में शामिल प्रशांत, अल्पिका और राजन ने बताया की इसके लिए पहले से तैयारी करवाई जा रही थी. प्रतिदिन 15 किलोमीटर की दौड़, कई तरह के व्यायाम और ब्रह्मयोनी पहाड़ पर 10 किलोग्राम का पिट्ठू लेकर चढ़ाना होता था. कंचनजंघा की यात्रा 10 अप्रैल से शुरू हुई.टीम के अभी सदस्य 15100 फीट की दूरी आठ में दिनों में पूरा किया. सुबह से 12 बजे से रात में 12 बजे तक पर्वत पर चढ़ने का कार्य किया जाता था.

माइनस 13 डिग्री सेंटीग्रेट में सभी सदस्य हौसले को बुलंद करते हुए अपना लक्ष्य को पूरा किया और कंचनजंघा पर तिरंगा फहराया.अपने लक्ष्य को पूरा करके पूरी टीम काफी खुश दिख रही है.

इस टीम में अभिसर कुमार, आलोक कुमार, अनिल कुमार, अल्पिका सिंह, अजय कुमार सिंह, अनुराधा किरण, जय गोपाल नाथ सरकार, जय कृष्णा यादव, कैलाश कुमार, कामना कुमारी, मुकेश कुमार राज, पंकज कुमार, प्रेम शंकर, प्रिया भारती, पप्पू कुमार प्रशांत कुमार, राजन कुमार, सुमन कुमारी, शालू कुमारी, साक्षी मिश्रा, सतेंद्र कुमार माझी, शशि कुमार, विकास कुमार और विवेक आर्या शामिल थे.

नवादा में आग से 200 बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल राख

काशीचक (नवादा) : नवादा के काशीचक प्रखंड के डिहरी गांव के बधार में गुरुवार की सुबह अचानक आग लग गई . जिससे करीब 200 बीघा खेत में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई . तैयार फसल जल जाने के बाद पूरे गांव में सन्नाटा पसरा है.

किसानों का पूरा परिवार परेशान .आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है . ग्रामीण सुनील सिंह ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे दक्षिण खन्धा की तरफ से पहले धुंआ उठता दिखाई दिया . तेज पछुआ हवा के कारण देखते-देखते पूरा बधार आग की जद में आ गया.जानकारी पाकर लोग बधार की तरफ दौड़े और बोरिंग

चालू कर आग बुझाने में जुट गए.

सूचना पाकर अग्निशामक वाहन भी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने में लग गया . दो घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद जाकर आग शांत हुआ.तबतक डिहरी गांव निवासी सह सरपंच सुबोध सिंह , मनीश कुमार , राकेश सिंह , हरिकांत सिंह , कन्हैया कुमार , रविन्द्र सिंह राकेश कुमार , रंजय सिंह , नवीन सिंह , नरेंद्र सिंह , नवलेश कुमार , संजीत सिंह , मुकेश कुमार , हरिनंदन सिंह , सूनील कुमार, अनिल सिंह , दयालू कुमार, कृष्नंदन सिंह , पोषण सिंह , नितेश कुमार , विकास कुमार

, राजीव कुमार , चुनचुन सिंह , विक्की कुमार , राजेश कुमार , गुलशन कुमार समेत दूसरे किसानों के करीब 200 बीघा में लगी फसल स्वाहा हो चुकी थी.कई किसानों के समक्ष सालों भर खाना की चिंता हो गई है. यहां बता दें कि विगत दस दिन में प्रखंड के दौलाचक , खखरी , शुम्भाडीह , सुभानपुर , डेढगाँव , बेलर , हनुमानबीघा , आदि गांव में आग लगने और फसल जलने की घटना हो चुकी है.

जिले में 22 गांव की भूमि होगी आबाद

फतेहपुर : टनकुप्पा प्रखंड के सबसे पुरानी सिंचाई व्यवस्था नारायणपुर बांध नवीनीकरण के अभाव में मृत हो गई है. बांध के नवीनीकरण एवं पईन की सफाई के लिए क्षेत्रीय किसान एवं समाजसेवी 20 वर्षों से विभाग का दरवाजा खटखटा रहे हैं.क्षेत्र की जनता कई बार मुख्यमंत्री से लेकर लघु सिंचाई मंत्री से बांध की मरम्मत के लिए गुहार लगा चुके हैं. बांध से लाभांवित होने वाले 22 गांव की जमीन सिंचाई के अभाव में बंजर होकर हरियाली विहीन हो गई है.दो दशक पहले पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी के द्वारा नारायणपुर गांव के समीप पैमार नदी में बांध को बनाने की स्वीकृति दी गई थी. जिसके बाद बांध का निर्माण हुआ. उससे कई पईन की शाखा निकली. जो 22 गांव के खेतों के पटवन के लिए उपयोगी है.बांध के पास से निकली पईन तीन मुहाना बनकर उत्तर, दक्षिण दिशा की ओर जाती है. बांध एवं पईन का नवीनीकरण नहीं होने के कारण मृत होकर उसकी पहचान सिमटती जा रही है. पईन का अतिक्रमण कर लिया गया है.सिंचाई संसाधन के अभाव में क्षेत्र की खेती मानसून पर निर्भर होकर रह गई है. वर्षा हुई तो खरीफ एवं रबी फसल की उपज हो पाती है. अन्यथा फसल सिंचाई के अभाव में मृत हो जाती है. प्रखंड की सभी पंचायतों में सिंचाई का साधन उपलब्ध नहीं है.सलारपुर, पीपरा, नारायणपुर, ठेकही, मखदुमपुर, करिहारा, जेहलीबीघा, खरौना, त्रिलोकिचक, इचोय, भदान, सगरचट्टा, उतलीबारा, बरसौना आदि गांव है.किसान संजीव सिंह, शंभु शरण सिंह, शिवकुमार सिंह, कैलाश यादव, विजय यादव, झलक सिंह ने बताया कि 20 वर्षों से बांध टूटने की वजह से सिंचाई का कार्य प्रभावित है. उक्त साधन से क्षेत्र के एक हजार एकड़ खेतों का पटवन होता था. अब सिंचाई के अभाव में खेती मानसून पर निर्भर करती है. अगर बांध का नवीनीकरण होता है तो एक बार फिर से क्षेत्र के खेतों में हरियाली छा जाएगी. किसान खुशहाल हो जाएंगे.

दो महीने शादी का इंतजार नहीं कर सका बर्दाश्त, पहुंच गया थाने

(नवादा) : मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के कोपीन गांव निवासी रामचंद्र माहतो के 21 वर्षीय पुत्र त्रिपुरारी कुमार व मेसकौर प्रखंड क्षेत्र के बिसिआईत पंचायत अंतर्गत नीमचक गांव निवासी सुखदेव माहतो की 19 वर्षीय पुत्री सुमन कुमारी के परिवार वालों ने एक दूसरे का विवाह आषाढ़ में तय किया था.परंतु शादी के दो माह पहले दूल्हा त्रिपुरारी कुमार अहले सुबह बृहस्पतिवार को नीमचक पहुंचकर दुल्हन को साथ ले जाने के लिए जिद्द करने लगा. इसकी जानकारी मिलते ही परिवार वालों ने दूल्हा को बंधक बना लिया एवं उसके परिवार वाले को बुलाने की कोशिश की.लेकिन, लड़का के परिवार वाले नीमचक नहीं पहुंच सके. उसके उपरांत लड़की के परिवार वालों ने मेसकौर थाना को सूचना दी. सूचना मिलते ही मेसकौर थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार दलबल के साथ नीमचक गांव पहुंचकर दोनों बालिग दूल्हा-दुल्हन को थाने पर ले गए. जहां दोनों पक्षों के परिवार को बुलाकर समझौता के उपरांत दोनों के परिवार

वाले एवं दूल्हा दुल्हन एक दूसरे से शादी करने के लिए राजी हो गए.

थाना परिवार व लड़का- लड़की के परिवार वाले की उपस्थिति में थाना परिसर के पीछे शिव मंदिर में ले जाकर दोनों का विवाह करवा दिया गया. दूल्हा ने दुल्हन की मांग में सिंदूर भरा. इस दौरान पुलिस वाले गवाह भी बने. विवाह के उपरांत दूल्हा अपने साथ दुल्हन को लेकर कोपिन गांव चले गए. इस संदर्भ में थाना अध्यक्ष रूपेश कुमार ने कहा कि लड़का- लड़की दोनों बालिग थे.

दोनों के परिवार वाले एवं दूल्हा दुल्हन की सहमति से एक दूसरे के साथ विवाह करवा दिया गया.

पार्क बनाने की मांग को लेकर जिला सत्र न्यायधीश से मिले अधिवक्ता

जमशेदपुर : कोर्ट में बीते दिनों ई-कोर्ट बनाने को लेकर पार्क को तोड़ने का मामला तूल पकड़ने लगा था. इधर, इसी मामले को लेकर अधिवक्ताओं ने एडहॉक कमिटी के अध्यक्ष लाला अजीत अंबष्ठ से मुलाकात कर कोर्ट परिसर में रखे दो कंटेनर को हटाने और पार्क का निर्माण करवाने की मांग की. इधर, एडहॉक कमिटी जिला एवं सत्र न्यायधीश अनिल कुमार मिश्रा से मिली और अधिवक्ताओं की मांग को उनके समक्ष रखा. जिला न्यायधीश ने तत्काल निर्णय लिया और कहा कि अविलंब पार्क का निर्माण कार्य शुरू किया जाए तथा बार भवन के तरफ दीवार को तोड़कर और बैठे हुए अधिवक्ताओं की जगह को हटाकर कंटेनर रखने की व्यवस्था की जाए. इधर, अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक दोनों कार्य पूरे नहीं हो जाते, तब तक सभी अधिवक्ता अपने-अपने काम पर नहीं लौटेंगे. इस बैठक में संचालनकर्ता अजय सिंह राठौड़, संजीव रंजन परिहार, वरीय अधिवक्ता देवेंद्र सिंह, निरंजन झा, संजीत कुमार गुप्ता, अभय कुमार सिंह, गौरव पाठक समेत अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे.

पीएलवी प्रशिक्षण सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

पाकुड़ : झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में आज 26 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश पर सचिव अजय कुमार गुड़िया के मार्गदर्शन में पीएलवी प्रशिक्षण सह ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया.उक्त कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के डिप्टी चीफ मो नुकुमुद्दीन शेख ने पीएलवी के कार्य की समीक्षा की. लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के सहायक गंगाराम टुडू, अफजर हुसैन विश्वास ने पीएलवी को और भी बेहतर तरीका से काम करने समेत कही भी क्षेत्रों में कोई परेशानी होती है तो तुरत संपर्क करने को कहा.डिप्टी चीफ मो नुकुमुद्दीन शेख ने कानून सम्बंधित जानकारी देते हुए बताया .

सरायकेला :सांसद संजय सेठ ने चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

सरायकेला : रांची लोक सभा क्षेत्र के चांडिल में भाजपा सांसद प्रत्यासी संजय सेठ ने ईचागढ़ विधान सभा स्तरीय चुनाव प्रचार कार्यालय का विधिवत उद्घाटन रिबन काटकर किया. साथ ही एन. डी. ए. गठबंधन और भाजपा कोर कमिटी की संयुक्त बैठक जिला अध्यक्ष उदय सिंह देव की अध्यक्षता में हुई. जिसमे में 2 मई को रांची में होने वाले संसद संजय सेठ के नामांकन की तैयारी में 50 हजार से अधिक समर्थको को शामिल होने के लिए विचार विमर्श किया गया. सांसद संजय सेठ ने झामुमो पर तंज कसते हुए कहा- झामुमो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में राज्य के हजारों हजारों विस्थापितो के फंड को डकार गए . झामुमो के राज्य में बालू कोयला जमीन आदि घोटाला ही घोटाला की सरकार चल रही है. पीएम आवास बनाने के लिए गरीब किसान को बालू खरीदने के लिए सोचना पड़ रहा है. उन्होंने कहा अब समय आ गया राज्य में भाजपा आजसू की सरकार बनेगी और बालू कोयला भूमि घोटालेबाज बक्से नही जायेंगे .उन्होंने कहा जिन्होंने विस्थापित का रुपया खाया है एक सप्ताह के अंदर होटावर जेल में नजर आएंगे . सांसद ने कहा ईचागढ़ में इस बार डेढ़ लाख पर से अधिक वोट

मिलेंगे साथ ही उन्होंने दावा किया नामांकन में 50 हजार कार्यकर्ता शामिल होंगे, मौके पर पहुंचे हरे लाल महतो सहित आजसू समर्थको को भजपाइयो ने दुपट्टा ओढाकर सम्मानित किया. मौके पर आजसू नेता श्री महतो ने कहा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और संसद द्वारा किए गए कार्यों की प्रांसा सा भी की ,चांडिल स्टेशन बस्ती स्थित भाजपा के ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मुख्य कार्यालय में भाजपा - आजसू के कार्यकर्ताओं की संयुक्त बैठक आयोजित किया गया. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि देश के विकास पुरुष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे विश्व में भारत का मान सम्मान बढ़ाया है. अमेरिका जैसे देश भारत को सम्मान देने का काम किया. रूस यूक्रेन युद्ध में मोदी जी ने सकुशल भारतीय विद्यार्थियों को भारत वापस लौटाया. मोदी जी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर ऐतिहासिक कदम उठाया है. सांसद ने कहा कि हमने चांडिल डैम निर्माण का सीबीआई जांच का मांग किया है. जांच फाइल पर कार्य चल रहा है. 4 जून के बाद सीबीआई का छापा सुवर्णरेखा बहुद्देशीय परियोजना कार्यालय में पड़ेगा. इस अवसर पर मुख्य रूप से संसद प्रतिनिधि विशाल चौधरी, दीपू जायसवाल, मनोज महतो, श्यामल मुनका, देवाशीष राय, महेश कुंडू, मधु गोराई, खगेन महतो, दिवाकर सिंह, अनिल सिन्हा, आदि उपस्थित थे. आजसू पार्टी के आजसू केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो, लाखीकांत महतो उर्फ दुर्योधन गोप, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे.

न्यूज कॉर्नर

वोटर कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेज के साथ मतदाता कर सकते हैं मतदान

धनबाद : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता अपने वोटर आईडी कार्ड के अलावा अन्य 11 दस्तावेज के साथ मतदान कर सकते हैं.मतदान करने के लिए पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, केंद्र/ राज्य सरकार/ पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग या पब्लिक लिमिटेड कंपनी द्वारा उनके कर्मचारियों के लिए जारी सर्विस आइडेंटी कार्ड, बैंक या पोस्ट ऑफिस द्वारा जारी पासबुक, पैन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी हेल्थ इंश्योरेंस स्मार्ट कार्ड, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, सांसद/ विधायक/विधान परिषद सदस्य द्वारा जारी अधिकृत पहचान पत्र, आधार कार्ड तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त (आरजीआई) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड से मतदान कर सकते हैं.

निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा

धनबाद : धनबाद लोकसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी लक्ष्मी देवी का तूफानी दौरा जारी है. लक्ष्मी देवी ने धनबाद विधानसभा क्षेत्र के साथ झरिया विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया. इस दौरान लक्ष्मी देवी महिलाओं से मिली और धनबाद लोकसभा से अपने लिए वोट का आशीर्वाद मांगी. महिलाओं का समर्थन लक्ष्मी देवी को मिल रहा है.
लक्ष्मी देवी ने कहा कि धनबाद के विकास को जानबूझ काट ग्रहण लगाया गया. एयरपोर्ट, एम्स अस्पताल, रेल आदि चुप्पी के कारण छीन गया. लेकिन अगर धनबाद की जनता ने आशीर्वाद दिया तो धनबाद को जन सुविधा का सौगात जरूर मिलेगा और नागरिक सुविधा बहाल होगी. बिजली पानी पर्याप्त और निर्बाध मिलेगा.लक्ष्मी देवी ने लोगों से मिलकर आशीर्वाद और समर्थन मांगा.

बिजली पानी और ट्रेन की व्यवस्था में हो सुधार : संजीव खत्री

पाकुड़: लोकसभा चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों में उथल-पुथल जारी है. सभी कोई अपनी-अपने जीत की दवा कर रहा है. इस बीच हमने जनने का प्रयास किया है कि सभ्य समाज में इसकी क्या प्रतिक्रिया है ? लोकसभा चुनाव 2024 कुछ ही दिन शेष रह गए हैं.चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के पाकुड़ जिला सचिव संजीव कुमार खत्री कहते हैं की झारखंड बनने के बाद बहुत हद तक बहुत कुछ का बदलाव हुआ है. कई क्षेत्रों में काम हुआ है और कई क्षेत्र में काम होने बाकी है . हमें लगता है इन सबों में पाकुड़ सबसे उपेक्षित जिला रहा है. यहां का अपेक्षित विकास नहीं कहीं जा सकती. उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा यदि पाकुड़ जिला की बात करें तो बिजली पानी एवं रेल जैसी बुनियादी सुविधाओं का यहां घोर अभाव है. उन्होंने कहा कि पाकुड़ से कोयला जाकर दूसरे राज्य रोशन हो रहे हैं . वहीं पाकुड़ की बिजली दिन भर कट होती रहती है. पानी की स्थिति भी वही है, और यदि रेल की बात करें तो पाकुड़ से पटना तो दूर साहिबगंज के लिए भी मुसीबत है. एक बार 10:00 बजे के बाद सीधे शाम में 6:00 बजे पैसेंजर गाड़ी है . जिसमें एक्सप्रेस का भाड़ा लगता है. जब भाजपा के सांसद थे तब भी वही दशा थी .आज दो टर्म हमारे सांसद पूरा करने जा रहे हैं आज भी वही स्थिति है . बल्कि कहींए उससे बदतर स्थिति है. ट्रेन बढ़ाने की बजाय जो ट्रेन चलती थी वह भी बंद हो गई. और इसे आरंभ करने के लिए कोई आंदोलन नहीं हुई . केवल खाना पूर्ति किया गया. अखबारों की सुर्खियां बनकर लोगों को गुमराह किया गया.पाकुड़ में सबसे अधिक लोगों को ट्रेन असुविधाओं को लेकर है. यथा पैसेंजर गाड़ी भी बहुत जरूरी है. लोग डॉक्टर दिखाने जाते हैं. गाड़ी की कमी के वजह से चार गुणा भाड़ा देकर जाते हैं. गरीब परेशान हैं. उन्होंने कहा पानी बिजली के साथ साथ लोकल ट्रेन ,रामपुर हाट से पटना दिल्ली तक ट्रेन की व्यवस्था की जानी चाहिए. जो ट्रेनें बंद की गई है उसे प्रारंभ करना चाहिए.

पुलिस ने घटना की साजिश रच रहे दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया

साहेबगंज : जिले के जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस ने घटना की साजिश रच रहे दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दोनों को देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा है.मामले में एसडीपीओ ने अपने कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक एसपी कुमार गौरव को कुछ बदमाशों के पहाड़ की तलहट्टी में छुपकर वारदात की साजिश रचने की सूचना मिली. इसके बाद एसपी के निर्देशानुसार गठित पुलिस की टीम ने तालझारी थाना क्षेत्र के नीरापाड़ा जंगल में छापेमारी कर बड़ा जिरवाबाड़ी,चानन निवासी बबलू मंडल को एक देसी कट्टा व एक ज़िंदा कारतूस व उसके सहयोगी पप्पू मंडल को पकड़ा है. बबलू मंडल तालझारी,मसकलैया बम कांड व जिरवाबाड़ी चानन में राजा मंडल को गोली मारकर जख्मी करने सहित अन्य कांडों में वांछित था. पकड़े गए दोनों बदमाशों का बड़ा आपराधिक इतिहास रहा है. बबलू मंडल पर बोरियो थाना कांड संख्या 158/ 18,148/ 20,61/ 23,26/19 व तालझारी थाना कांड संख्या 84/23 दर्ज है. वहीं पप्पू मंडल पर बोरियो थाना कांड संख्या 158/ 18, 175/17, 201/18, 215/21,274/22,297/10,105/21 व 52/22 दर्ज है. छापेमारी दल में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय,पुअनि अमर कुमार मिंज,तालझारी थाना प्रभारी,पुअनि अनिल कुमार यादव,सअनि मनोज मालवीय व अन्य शामिल थे.

धनमुंडी पहाड़ के दर्जनों आदिम जनजाति पानी की समस्या को लेकर पहुंचे प्रखण्ड कार्यालय

बरहेट : शुक्रवार को सनमनी पंचायत के धनमुंडी पहाड़ से दर्जनों आदिम जनजाति प्रखण्ड कार्यालय पहुंच कर पानी की सुविधा मुहैया कराने हेतु लिखित आवेदन दिया.वहीं आवेदन में लिखित रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया कि सनमनी पंचायत के धनमुंडी पहाड़ में पेय जल की सुविधा नहीं होने के कारण लगभग 3-4 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है.वहीं इस चिलचिलाती धूप और गर्मी की शिद्दत में जहां लोगों को प्यास बुझाने की आवश्यकता है उसके अलावा भी दैनिक जीवन के सभी कार्यों में पानी सबसे महत्वपूर्ण चीज है . मौसम का मिजाज और कड़कती धूप से वो कुंआ भी सूखने के कगार पर है जबकि अभी धूप और गर्मी की शुरुआत है. आगे हमलोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसलिए यथा शीघ्र धनमुंडी गांव में पेय जल तथा बोरिंग उपलब्ध कराया जाय.उक्त आवेदन को त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ अंशु कुमार पांडे ने कार्यपालक अभियंता पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहेबगंज को पत्र प्रेषित कर शीघ्र ही पेयजल और बोरिंग हेतु जलमिनार मुहैया कराने का अपील किया.मौके पर सुरजा पहाड़िया, धर्मा पहाड़िया, सुमित मालतो, धर्मी पहाड़ीन, एजकेल मालतो, रमेश पहाड़िया, देवा माल पहाड़िया, झबरी पहाड़ीन सहित अन्य मौजूद थे.

आदिवासी छात्र संघ के बैनर तले सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पुलिस के खिलाफ विरोध में मुख्य सड़क किया जाम

छात्रों का आरोप पुलिस छात्रावास के लिए कोयला ले जाने के क्रम में पुलिस ने छात्रों को बेवजह पीटा

पाकुड़: के के एम कालेज के आदिवासी छात्र संघ ने के बैनर तले सैकड़ों छात्रों ने आज सुबह पाकुड़ दुमका मुख्य सड़क को जाम कर दिया जिसके कारण पाकुड़ दुमका मुख्य सड़क पूरी तरह से घंटो बाधित रहा. कुमार कालिदास मेमोरियल कालेज के आदिवासी छात्रों ने पाकुड़ उपायुक्त आवास सह छोटी अलीगंज के मुख्य चौराहे पर ही अपनी माँगों के समर्थन में बैठ गए.

बताते चले कि उक्त जगह पर चार रास्ते आकर मिलते हैं. इस बाबत उक्त कालेज के आदिवासी छात्र संघ के नेता नवीन हाँसदा ने बताया कि सुबह कालेज के छात्रावास के कुछ छात्र लोटामारा से भोजन बनाने हेतु कोयला खरीद कर कालेज आ रहे थे रास्ते में पुलिस के गस्ती दलों के द्वारा कोयला लेकर आ रहे छात्रों के साथ मार पीट की गई एवं कोयला छीन लिया गया. छात्र नेता ने आगे बताया कि उनकी माँग यह है कि हर तीन माह पर एक गाड़ी कोयला कालेज छात्रावास को

मुहैया कराया जाए ताकि छात्रावास का भोजन बन सके . सड़क जाम की सूचना पाते ही नगर थाने से एएसआई सनातन माँझी एवं मनोज कुमार साह की टीम घटना स्थल पर पहुँचकर मामले को शांत कराया एवं छात्रों को समझा-बुझाकर अवरुद्ध मार्ग के परिचालन को सामान्य किया.

छात्रों के इस सड़क जाम में हालांकि हर तरह के वाहन को रोक दिया गया था, परंतु स्कूली वाहन व स्कूल जाने वाले छात्रों को जाने दिया जा रहा था.

इस मामले को लेकर कुछ सवाल स्वाभाविक है कि जब छात्रावास कालेज का है
तो फिर भोजन पकाने के जलावन की व्यवस्था क्यों नही है ? इस संबंध मे छात्र संघ के एक दूसरे नेता ने पूछने पर बताया कि कल्याण विभाग से उनलोगों को किसी तरह की सुविधा नही मिल रही है,
दूसरा सवाल यह कि जब कोयला चोरी की रोकथाम के लिए प्रशासन इतना ही प्रतिबद्ध है
तो फिर पूरी तरह से कोयला चोरी की घटना बंद क्यों नही हो पा रही है ?

शत- प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कोषांग ने जिला में गठित बीएलओ,मतदाता मित्र, बूथ आइकॉन के साथ बैठक की

साहिबगंज : लोकसभा चुनाव- 2024 को सफल मतदान को लेकर आज विकास भवन स्थित सभागार में स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त- सह -वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सतीश चंद्रा ने की.जिला मे पिछले चुनाव में जिन 18 बूथो पर 50% से कम मतदान हुआ था. उन 18 बूथों के लिए मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र, बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर के साथ टीम का गठन किया गया . इसमे गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) को मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए जोड़ा गया.सर्वप्रथम सभी को इस बढती तापमान मे बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मतदाता मित्रों को बैठक में आने को लेकर स्वागत किया गया. साथ ही मतदाता जागरुकता को लेकर उनके

कार्यों के विषय में जानकारी क्रमबद्ध दी गई.उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में जिला के जिन 18 बूथो में 50% से कम मतदान हुए हैं उस बूथ पर बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र टीम बनाकर, बूथों एवं मतदाताओ को हो रहे असुविधा के विषय में जानकारी लेकर उनका निराकरण करेंगे साथ ही डोर टू डोर जाकर मतदान के प्रति जागरूक करेंगे ताकि मतदान प्रतिशत वहां बढ़ाया जा सके. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें आप सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्रों की भागीदारी से जिला मे मतदाताओं को मतदान के प्रति एवं ऐसे 18 बूथो जहाँ 50% से कम मतदान हुए हैं , उन बूथो पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाए ताकि शत प्रतिशत मतदान किया जा सके.स्वीप नोडल प्रभारी बताया कि राजमहल लोकसभा चुनाव 1 जून,2024 को होनी है . जो भी युवा मतदाता जिनकी 18 वर्ष 1 अप्रैल, 2024 तक पूर्ण हो चुका है. वो फार्म 6 भर कर अपना नाम मतदाता सूची में डलवा ले.सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र सजग होकर अपने 18 बूथो में मतदाता जागरूकता फैलाने का कार्य करना है जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मतदान केंद्र में आकर अपने मतों का प्रयोग कर चुनाव के इस महापर्व में भागीदार बने.मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ0 सुमन गुप्ता ,स्वीप प्रभारी राजेश कुमार चौधरी ,स्वीप कोषांग के सभी कर्मी सहित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र, सम्मिलित रहे .

सरकारी हों या प्राइवेट सभी कर्मचारियों को मतदान के लिए मिलेगा अवकाश, नहीं कटेगी सैलरी

जमशेदपुर: जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के आलोक में निदेशित किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति जो किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम, मॉल अथवा किसी अन्य स्थापना में नियोजित है एवं लोक सभा/विधान सभा में मतदान करने के हकदार है को मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जायेगा. अवकाश मंजूर किये जाने की स्थिति में किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या कमी नहीं की जायेगी. पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी संस्थान/दुकान (शिफ्ट में कार्य कराने वाले संस्थान/मॉल/दुकान सहित) लोकसभा निर्वाचन-2024 के क्रम में 25 मई 2024 शनिवार को (मतदान तिथि को) बन्द रहेंगे. दैनिक मजदूरी पर कार्यरत कर्मी एवं आकस्मिक कर्मी भी अवकाश एवं मजदूरी के हकदार होंगे. यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के सम्बन्ध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सार्वजनिक हानि हो सकती है. जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उप श्रमायुक्त, उप मुख्य कारखाना निरीक्षक, सहायक उप श्रमायुक्त, सहायक निदेशक, नियोजनालय, सभी श्रम अधीक्षक, को निदेश दिया गया है कि स्वयं क्षेत्र में भ्रमण कर उक्त आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे. साथ ही निर्देशित किया गया है कि उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हों. आदेश का उल्लंघन, कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा.

अलग अलग मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बरहेट : शुक्रवार को बरहेट थाना पुलिस ने तीन अलग - अलग मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहेट थाना क्षेत्र के लबरी निवासी रमेश मड़ैया स्थाई वारंटी के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. वहीं दूसरा आरोपी बोडबांध निवासी नारायण साह को थाना कांड संख्या 32/23 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.इसी के साथ तीसरा मामला भागलपुर जिला के रहने वाले इरफाज अंसारी, पिता इलियास अंसारी, ग्राम तरसा,थाना गोराडीह के उपर बरहेट थाना क्षेत्र के एक विवाहिता महिला के ऊपर गलत संबंध बनाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुआ. जिसमे बताया जा रहा है कि 21 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे महिला को महिला को फोन कर किता बस्ती बुलाया और उसके साथ जबरदस्ती गलत संबंध बनाने की कोशिश किया . जिसको लेकर महिला ने बरहेट थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई. वहीं शुक्रवार ने बरहेट थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.

मायुमं स्टील सिटी सुरभि शाखा का पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

जमशेदपुर : मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के पांचवें दिन शुक्रवार को योगा एवं मेडिटेशन पर एग्रिको स्थित पंजाब रिफ्यूजी मिडिल स्कूल में कार्यशाला आयोजित किया गया. शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल ने बच्चों में इम्युनिटी का मजबूत होना बहुत आवश्यक बताया और कहा कि योग से इम्यूनिटी में सुधार आता है. योग की मदद से बच्चों का पेट दर्द, अपच, पेट फूलना जैसी आम समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है. मौके पर शिल्पी पलसानिया (हौट मोंडे मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड-2022) ने बच्चों को बताया कि योग एक प्राचीन कला है जो मन और शरीर को जोड़ती है. यह एक व्यायाम है जिससे हम अपने शरीर के तत्वों को संतुलित कर सकते हैं. इसके अलावा यह हमें ध्यान करने और आराम करने में मदद करता है. इसके अलावा योग हमें अपने शरीर के साथ-साथ दिमाग पर भी नियंत्रण रखने में मदद करता है. उन्होंने बच्चों को प्रेरित किया की प्रतिदिन 20 मिनट सभी बच्चों को योगा

करना चाहिए. शाखा सचिव पूजा अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में बच्चों को योगासन करके भी दिखाया गया जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है. नियमित योगाभियास से सेहत को कई लाभ होते हैं इसलिए बच्चों को सक्रिय बनाने और आत्मविश्वास बढ़ाने में योग बहुत ही उपयोगी है. शाखा द्वारा आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम के समापन समारोह में स्कूल के सभी अध्यापकों एवं पदाधिकारियों को दुपट्टा एवं गुलाब फूल देकर उनका सम्मान किया गया.

स्कूल के प्रधान अध्यापक ने सुरभि शाखा की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह का कार्यशाला अवश्य आयोजित होना चाहिए जिससे बच्चों को कुछ नया सीखने को मिलेगा. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कविता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, पायल अग्रवाल स्वास्थ्य संयोजिका अनीता अग्रवाल, उषा चौधरी पिंकी अग्रवाल आदि का योगदान रहा.

पाकुड़ : 54 सील बंद विदेशी शराब जप्त, शराब माफियाओं में हड़कम्प

हिरणपुर: पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड में देर शाम पुलिस ने डांगापाड़ा में सपन मण्डल के घर मे छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया था. इसको लेकर पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया है. थाना प्रभारी नवीन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है. गुप्त सूचना पर देरशाम आठ बजे सपन मण्डल के घर मे छापेमारी में भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुआ. जिसमें कुल 54 सीलबंद बोतलों में बीयर व अन्य शराब पाया गया. सभी मे झारखण्ड का लोगो लगा हुआ है. जब्त शराब की बाजार मूल्य करीब 30 हजार है. जो पूर्व से ही अवैध रूप से शराब बेचते आ रहा था.
उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से शराब, नारकोटिक्स, लॉटरी आदि की कारोबार किसी भी हालात में चलने नही दी जाएगी. इसमे पकड़े जाने पर किसी को बख्शा नही जाएगा. अवैध कारोबार को लेकर छापेमारी निरन्तर जारी रहेगी. बहरहाल इस छापेमारी से शराब माफियाओं में हड़कम्प मचा हुआ है.

बालू माफियाओं द्वारा पुल के 500 मीटर दायरे के अंदर से अवैध बालू उठाव लगातार जारी, प्रशासन मौन

महेशपुर (पाकुड़): महेशपुर के गढ़बाड़ी पुल के 500 मीटर के दायरे के अंदर इन दोनों अवैध तरीके से बालू का उठाव किया जा रहा है. एक तरफ जहां निडर होकर बालू माफिया बालू का कारोबार को बढ़ा रहे हैं. वही पुल के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है. आलम यह है कि बालू माफियाओं द्वारा पुल के पाया के नीचे से बालू उठाव कर पुल को पूरी तरह खोखला कर चुके हैं. किसी भी वक्त बालू माफियाओं के कारण पुल दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है. परंतु इस और न पुलिस का ध्यान जा रही है और ना ही संबंधित विभाग का जिस कारण बालू माफिया दिन के उजाले में ही पुल

के नजदीक से खुलेआम बालू का उठाव कर रहा है. बताते चले की बीते वर्ष 2019 में पुल के पाया के नीचे से बालू उठाव के कारण चंडालमारा पुल तेज बारिश के कारण ढह गया था. इसका मुख्य कारण पुल के पाया के नीचे से बालू उठाव था. उक्त पुल ढह जाने के कारण दर्जनों गांव के संपर्क प्रखंड मुख्यालय से टूट गया था. इसके बावजूद भी बालू माफियाओं ने सबक नहीं सीखा और गढ़बाड़ी पुल को ढहाने का प्रयास किया जा रहा है. ग्रामीण सागर झा ने बताया कि बालू माफियाओं द्वारा खुलेआम पुल के 500 मीटर दायरे के अंदर से बालू का उठाव किया जा रहा है. जबकि सरकार एवं जिला प्रशासन का सख्त निर्देश है कि पुल के 500 मीटर दायरे के अंदर से बालू का उठाव किया जाना वर्जित है. परंतु इसके बावजूद भी बालू माफियाओं ने प्रशासन के आदेश का ठेका दिखाते हुए अवैध तरीके से बालू का उठाव किया जा रहा है. इस संबंध में सीओ संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि 500 मीटर दायरे के अंदर से बालू उठाव करना वर्जित है. अगर बालू उठाव की जा रही है तो छापेमारी कर कार्रवाई की जाएगी.

प्रखंड के सैकड़ो कार्यकर्ता भाजपा छोड़ झामुमो में हुए शामिल

महेशपुर: जिले के महेशपुर प्रखंड अंतर्गत गायबाथन पंचायत के जीप सदस्य सह झामुमो नेता समसून मुर्मू के घर के सामने प्रखंड अध्यक्ष अनारुद्दीन मियां के अध्यक्षता मे कार्यकर्ता सम्मलेन का आयोजन किया गया. जिसमे कार्यकर्ताओं को पार्टी हित मे ओर भी बेहतर रूप से कार्य करने हेतु अनेक टिप्स दिए. जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे महेशपुर विधानसभा विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी शामिल हुए. इस अवसर पर गायबाथन पंचायत मुखिया सुनीराम मुर्मू के घर मे गायबाथन, पोखरिया समेत कई गांव से भाजपा से जुड़े 200 से अधिक लोग झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) में शामिल हो गये. मौके पर सभी ने विधायक के समक्ष पहुंचकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की. विधायक श्री मरांडी ने सभी को माला पहनाकर एवं पार्टी का पट्टा पहना कर झामुमो में शामिल कराया.साथ ही सभी को अबीर, गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी.

व्यक्तिगत एवं सामूहिक जीवन में शान्ति ही आदर्श मानव समाज की पहचान : आचार्य विमलानंद

जमशेदपुर : बांग्लादेश की राजधानी ढाका में हिस्टोरिकल रामना काली मंदिर, ढाका यूनिवर्सिटी के पास में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की ओर से तीन दिवसीय धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया गया. बांग्लादेश श्रद्धेय पुरोधा प्रमुख दादा का प्रतिनिधित्व करने रांची से बांग्लादेश धर्म महासम्मेलन को संबोधित करने गए सीनियर पुरोधा आचार्य विमलानंद अवधूत ने प्रवचन में कहा कि आध्यात्मिक अनुशीलन एवं कुसंस्कारों के विरूद्ध संग्राम से ही शांति संभव है. आचार्य ने आगे कहा कि व्यक्तिगत एवं सामूहिक जीवन में शान्ति ही आदर्श मानव समाज की पहचान है. आध्यात्मिक अनुशीलन एवं कुसंस्कारों के विरूद्ध संग्राम से ही शान्ति संभव है. आदर्श मानव समाज की तीन विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि प्रथमतः मनुष्य की जरूरतों एवं मन की बात को समझकर, समाज के विधि- निषेधों को बनाना आवश्यक है. मनुष्य का दैहिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो सके उसका ध्यान रखना द्वितीय विशेषता है. सत्य को ग्रहण कर दिखावे वाले मान्यताओं, भावजड़ता ,अंधविश्वास को नहीं मानना, यह आदर्श समाज व्यवस्था की तृतीय विशेषता है. सामाजिक एकता की प्रतिष्ठा, सामाजिक सुरक्षा और शान्ति (मन की साम्यावस्था) आदर्श समाज व्यवस्था के मौलिक बिंदु हैं. सामाजिक एकता के लिए साधारण आदर्श, जातिभेद हीन समाज, सामूहिक सामाजिक उत्सव एवं चरम दण्ड प्रथा का ना होना आवश्यक पहलू है. सुविचार एवं श्रृंखला बोध या अनुशासन से ही सामाजिक सुरक्षा संभव है. आध्यात्मिक अनुशीलन एवं कुसंस्कारों के विरूद्ध संग्राम से ही शान्ति पाया जा सकता है. नीति (यम - नियम) है मानव जीवन का मूल आधार, धर्मसाधना माध्यम और दिव्य जीवन लक्ष्य है. आचार्य ने कहा कि उपरोक्त सभी तत्त्व आनन्द मार्ग समाज व्यवस्था में मौजूद है. मालूम हो कि बांग्लादेश में साधकों की संख्या काफी थी लोग काफ़ी उत्साहित थे. साधक साधिकाओं ने ब्रह्म मुहूर्त में गुरु सकाश, पाञ्चजन्य एवं योगासन का अभ्यास अनुभवी आचार्य के निर्देशन में किया. संध्याकाल में सामूहिक धर्म चक्र व गुरु वंदना के उपरांत रावा की ओर से प्रभात संगीत पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया गया. विदित हो कि प्रभात संगीत संगीत का एक नया घराना है जिसे आनंद मार्ग के संस्थापक प्रभात रंजन सरकार उर्फ श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने दिया है.

संपादकीय

कामयाब होने के लिए स्वयं पर भरोसा होना चाहिए

कोलकाता | शनिवार | 27 अप्रैल, 2024

रेल रोकने का औचित्य

पंजाब–हरियाणा सीमा पर स्थित शंभू रेलवे स्टेशन में जारी किसानों के आंदोलन के चलते रेल यात्रियों को बिना किसी अपराध के सजा भुगतनी पड़ रही है. वहीं दूसरी ओर रेलवे को भी भारी घाटा उठाना पड़ रहा है. पिछले एक सप्ताह से रोज 40 से 50 ट्रेनें रद्द की जा रही हैं. यात्रियों को ज्यादा समय व पैसा लगाकर अपने गंतव्य स्थानों तक जाना पड़ रहा है. रेलवे के पार्सल बुकिंग केंद्र में भी पचास फीसदी की कमी आने की बात बतायी जा रही है. इसमें दो राय नहीं कि किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया ही जाना चाहिए. वे लंबे समय से आंदोलनरत रहे हैं. ऐसे में सत्ताधीशों का भी नैतिक दायित्व बनता था कि वे किसानों से बातचीत की टेबल पर बैठकर बात करते. जिससे सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता. वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देशकाल–परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था. देश इस समय चुनावी मूड में है. कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है. किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी. किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए. कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिये टिकट आरक्षित करवाते हैं. कई महीने पहले एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है. फिर एक दिन यात्रा से ठीक पहले पता चलता है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है. आंदोलनकारियों को सोचना चाहिए कि उस ट्रेन से कोई मरीज कहीं दूर उपचार हेतु जा रहा होगा. कहीं कोई बेरोजगार नौकरी के लिये साक्षात्कार देने जा रहा होगा. हो सकता है कि सही समय पर न पहुंच पाने के कारण कई छात्र परीक्षा या नौकरी पाने से वंचित हो गए होंगे.

समय–समय पर देश की शीर्ष अदालत के मार्गदर्शक फैसले आते रहे हैं कि हमें किसी आंदोलन के नाम पर नागरिक जीवन को बंधक नहीं बनाना चाहिए. यदि आंदोलनकारियों के अधिकार हैं तो आम नागरिकों के भी अपने अधिकार हैं. एक पुरानी कहावत है कि जहां से दूसरे व्यक्ति की नाक शुरू होती है, वहां पर पहले व्यक्ति की आजादी खत्म हो जाती है. यानी हमारी किसी भी तरह की आजादी का मतलब किसी की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता. वैसे भी एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर भी हमें सोचना चाहिए कि यातायात के साधनों, वह चाहे बस हो या ट्रेन, के परिचालन में बाधा डालना एक अपराध जैसा है. ट्रेन को थामना देश के विकास के पहिये थामने जैसा ही है. हमारे कारोबार, जीवन व्यवहार, तीर्थाटन तथा सेना के आवागमन को गति देने वाली ट्रेनों को रोकना निस्संदेह, दुर्भाग्यपूर्ण ही है. निश्चित रूप से इसमें हमारे देश के नीति–नियंताओं को भी सोचना चाहिए कि आखिर क्यों किसानों को अपनी मांगें मनवाने के लिये रेल रोकने जैसे कदम उठाने पड़ रहे हैं. कहीं न कहीं हमारे सत्ताधीशों के व्यवहार में व्याप्त दंभ और किसानों की मांगों के प्रति संवेदनशीलता का अभाव भी इस तरह के आंदोलनों के लिये ईंधन का काम करता है. ऐसे हालात में किसानों को अभी अपने आंदोलनों के तौर–तरीकों को बदलना पड़ेगा. उन्हें हक है कि वे अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करें. लेकिन उन्हें यह हक कदापि नहीं दिया जा सकता है कि वे देश के रेल तंत्र को ठप कर दें. यह देश की लोकतांत्रिक सहिष्णुता का अपमान करने जैसा भी है. अब समय आ गया है कि सभी लोग सुनिश्चित करें कि किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन से देश के सड़क व रेल परिवहन में कोई बाधा न उत्पन्न हो. हमें अपने निहित स्वार्थों की अनदेखी करके राष्ट्रीय हितों व सरोकारों को प्राथमिकता देनी चाहिए.

प्रेरक प्रसंग

असल में ज्ञानी कौन?

सन्तोष मिश्रा जी के यहाँ पहला लड़का हुआ तो पत्नी ने कहा: बच्चे को गुरुकुल में शिक्षा दिलवाते है, मैं सोच रही हूँ कि गुरुकुल में शिक्षा देकर उसे धर्म ज्ञाता पंडित योगी बनाऊंगी. सन्तोष जी ने पत्नी से कहा: पाण्डित्य पूर्ण योगी बना कर इसे भूखा मारना है क्या!! मैं इसे बड़ा अफसर बनाऊंगा ताकि दुनिया में एक कामयाबी वाला इंसान बने. संतोष जी सरकारी बैंक में मैनेजर के पद पर थे! पत्नी धार्मिक थी और इच्छा थी कि बेटा पाण्डित्य पूर्ण योगी बने, लेकिन सन्तोष जी नहीं माने. दूसरा लड़का हुआ पत्नी ने जिद की, सन्तोष जी इस बार भी ना माने, तीसरा लड़का हुआ पत्नी ने फिर जिद की, लेकिन सन्तोष जी एक ही रट लगाते रहे, कहां से खाएगा, कैसे गुजारा करेगा, और नहीं माने.

चौथा लड़का हुआ, इस बार पत्नी की जिद के आगे सन्तोष जी हार गए, और अंततः उन्होंने गुरुकुल में शिक्षा दीक्षा दिलवाने के लिए वही भेज ही दिया . अब धीरे धीरे समय का चक्र घूमा, अब वो दिन आ गया जब बच्चे अपने पैरों पे मजबूती से खड़े हो गए, पहले तीनों लड़कों ने मेहनत करके सरकारी नौकरियां हासिल कर ली, पहला डॉक्टर, दूसरा बैंक मैनेजर, तीसरा एक गोवरमेंट कंपनी में जॉब करने लगा. एक दिन की बात है सन्तोष जी पत्नी से बोले: अरे भाग्यवान! देखा, मेरे तीनो होनहार बेटे सरकारी पदों पे हो गए न, अच्छी कमाई भी कर रहे है, तीनो की जिंदगी तो अब सेट हो गयी, कोई चिंता नहीं रहेगी अब इन तीनो को. लेकिन अफसोस मेरा सबसे छोटा बेटा गुरुकुल का आचार्य बन कर घर घर यज्ञ करवा रहा है, प्रवचन कर रहा है! जितना वह छः महीने में कमाएगा उतना मेरा एक बेटा एक महीने में कमा लेगा, अरे भाग्यवान! तुमने अपनी मर्जी करवा कर बड़ी गलती की, तुम्हे भी आज इस पर पश्चाताप होता होगा, मुझे मालूम है, लेकिन तुम बोलती नहीं हो.

पत्नी ने कहा: हम मे से कोई एक गलत है, और ये आज दूध का दूध पानी का पानी हो जाना चाहिए, चलो अब हम परीक्षा ले लेते है चारो की, कौन गलत है कौन सही पता चल जाएगा. दूसरे दिन शाम के वक्त पत्नी ने बाल बिखरा, अपनी साड़ी का पल्लू फाड़ कर और चेहरे पर एक दो नाखून के निशान मार कर आंगन मे बैठ गई और पतिदेव को अंदर कमरे मे छिपा दिया...!!

बड़ा बेटा आया पूछा: मम्मी क्या हुआ?

माँ ने जवाब दिया: तुम्हारे पापा ने मारा है!

पहला बेटा: बुड्ढा, सठिया गया है क्या? कहां है? बुलाओतो जरा.

माँ ने कहा: नहीं है, बाहर गए है!

पहला बेटा: आए तो मुझे बुला लेना, मैं कमरे मे हूँ, मेरा खाना निकाल दो मुझे भूख लगी है! ये कहकर कमरे मे चला गया.

दूसरा बेटा आया पूछा तो माँ ने वही जवाब दिया,

दूसरा बेटा: क्या पगला गए है इस बुढ़ापे मे, उनसे कहना चुपचाप अपनी बची खुची गुजार ले, आए तो मुझे बुला लेना और मैं खाना खाकर आया हूँ सोना है मुझे, अगर आये तो मुझे अभी मत जगाना, सुबह खबर लेता हूँ उनकी. ये कह कर वो भी अपने कमरे मे चला गया.

तीसरा बेटा आया पूछा तो आगबबूला हो गया: इस बुढ़ापे मे अपनी औलादो के हाथ से जूते खाने वाले काम कर रहे है! इसने तो मर्यादा की सारी हदें पार कर दीं. यह कर वह भी अपने कमरे मे चला गया.

इतने में चौथा बेटा घर मे ओम् ओम् ओम् करते हुए अंदर आया... माँ को इस हाल मे देखा तो भागते हुए आया, पूछा, तो माँ ने अब गंदे गंदे शब्दो मे अपने पति को बुरा भला कहा तो चौथे बेटे ने माँ का हाथ पकड़ कर समझाया कि माँ आप पिताजी की प्राण हो, वो आपके बिना अधूरे हैं, अगर पिताजी ने आपको कुछ कह दिया तो क्या हुआ, मैंने पिताजी को आज तक आपसे बत्तमीजी से बात करते हुए नहीं देखा, वो आपसे हमेशा प्रेम से बाते करते थे, जिन्होंने इतनी सारी खुशिया दी, आज नाराजगी से पेश आए तो क्या हुआ, हो सकता है आज उनको किसी बात को लेकर चिंता रही हो, हो ना हो माँ! आप से कही गलती जरूर हुई होगी, अरे माँ! पिताजी आपका कितना ख्याल रखते है, याद है न आपको, छः साल पहले जब आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं था, तो पिताजी ने कितने दिनों तक आपकी सेवा की थी, वही भोजन बनाते थे, घर का सारा काम करते थे, कपड़े धोते थे, तब आपने फोन करके मुझे सूचना दी थी कि मैं संसार की सबसे भाग्यशाली औरत हूँ, तुम्हारे पिताजी मेरा बहुत ख्याल करते हैं.

जब बच्चों के गुरुओं की गणना होती है तो उसमें पिता और आचार्य के पहले माता का नाम आता है.

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था और रोजगार में वृद्धि, गरीबी में कमी

पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक परिदृश्य में भारत अपने तेज़ विकास और नई ऊंचाइयों को छूने के निरंतर संकल्प के लिए कार्यरत है. भारतीय संस्कृति की एक लंबी परंपरा है और 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जो लगातार दुनिया भर में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहा है. भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है. इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ एक खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली भी है. यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है और वैश्विक आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फिर भी अभी महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमता है. दुनिया की आबादी के छठे हिस्से से अधिक के साथ भारत वैश्विक उत्पादन का बमुश्किल 7 फीसदी हिस्सा है.

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा. वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे. 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी. क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है. भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश-से-जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है.

गरीबी में कमी और रोजगार दर में वृद्धिः विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की, जिसने सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने और कर अनुपालन बढ़ाने में मदद की है. विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के अनुसार गरीबी को परिभाषित करता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 पर अत्यधिक गरीबी, 3.65 पर निम्न-मध्यम आय और 6.85 पर उच्च-मध्यम आय निर्धारित करता है. विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, 2011 में भारत की गरीबी दर 22.53 प्रतिशत थी और भयानक महामारी के बाद भी यह काफी कम होकर 2021 में 11.9 प्रतिशत हो गई है. मानव विकास सूचकांक उन्नति के तुलनीय रुझान को दर्शाते हैं. पिछले दशक के दौरान फ्लशिंग शौचालय और खाना पकाने की गैस, शिशु मृत्यु दर और घरेलू बिजली तक पहुँच में काफी सुधार हुआ है. एक दशक पहले 40 फीसदी घरों में बिजली नहीं थी,

पिछले दशक में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दीर्घकालिक विकास पूर्वानुमान को दर्शाता है, जिसे युवा जनसंख्या संरचना और तेजी से बढ़ते शहरी पारिवारिक आय से सहायता मिली है. यूएस डॉलर के संदर्भ में भारत का नाममात्र जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर से बढ़कर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन यूएस डॉलर होने का अनुमान है. इस तीव्र आर्थिक विस्तार के कारण 2030 तक भारतीय जीडीपी जापानी जीडीपी से अधिक हो जाएगी, जिससे भारत एशिया–प्रशांत में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा.

आज, यह आंकड़ा 3 प्रतिशत से भी कम हो गया है.

भारत में 111 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 349.67 बिलियन डॉलर है. 2021 में, 45 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ, जिनका कुल मूल्य 102.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2022 में 29.20 बिलियन डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 22 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ. भारत वर्तमान में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न बेस है. सरकार अक्षय ऊर्जा पर भी काम कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से अपनी ऊर्जा का 40% उत्पन्न करना है. सरकारी अनुमानों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2023 तक, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (उझखखढ) ने लगभग 117,254 स्टार्टअप को मान्यता दी थी, जिसमें अनुमानित 111 यूनिकॉर्न शामिल थे. इन स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से लगभग 1.24 मिलियन रोजगार सृजित किए हैं, जिसका काफी आर्थिक प्रभाव पड़ा है.

मोदी सरकार की पहलः पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं. भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुँचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है. पिछले कुछ दशकों में, भारत की जबरदस्त आर्थिक वृद्धि के परिणामस्वरूप निर्यात मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. इसके अलावा, सरकार की कई प्रमुख परियोजनाएँ, जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन, भारत में अपार अवसर पैदा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं. इस लिहाज से, देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार के कुछ उपाय नीचे सूचीबद्ध हैं:

22 जनवरी, 2024 को, प्रधानमंत्री मोदी ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की शुरुआत की. इस योजना से एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएँगे.

17 सितंबर, 2023 को, प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय क्षेत्र की योजना पीएम-विश्वकर्मा की शुरुआत की. नई योजना का उद्देश्य पारंपरिक कलाकारों और शिल्पकारों को पहचान दिलाना और प्रोत्साहित करना है जो अपने हाथों और सरल औजारों का उपयोग करते हैं. इस प्रयास का उद्देश्य उनके उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करना है, साथ ही उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखलाओं में शामिल करना है.

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान भारत की आर्थिक कहानी ने पूंजी निवेश के लिए सरकार के अटूट समर्थन को दिखाया, जो 2023-24 में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 37.4 प्रतिशत अधिक था. 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय ने बढ़त हासिल की, जिसमें बजट अनुमान 2023-24 में 37.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10 लाख करोड़ रुपये (120.12 बिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया, जो संशोधित अनुमान 2022-23 में 7.28 लाख करोड़ रुपये (87.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक है. चालू वित्त वर्ष में, राजस्व व्यय से पूंजीगत परिव्यय अनुपात में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उच्च-गुणवत्ता वाले व्यय की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है. भारत के पास एक जबरदस्त आर्थिक अवसर है अगर वह ऐसा माहौल बना सके जो उन लाखों युवा भारतीयों के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और नौकरी के विकास को प्रोत्साहित करे जो श्रम क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं. अगले दो दशकों में, भारत की कामकाजी आयु की आबादी लगभग 200 मिलियन बढ़कर एक अरब से अधिक हो जाने की उम्मीद है, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी बन जाएगी. मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति में नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी देने वालों, कुशल युवाओं और स्नातक स्तर पर शोध और अभिनव दृष्टिकोण विकसित करने को प्राथमिकता दी गई है. इस तरह की कार्रवाइयों से बेरोजगारी दर में और कमी आएगी.

मोदी के नेतृत्व में प्रत्यक्ष विदेशी निवेशः पिछले चार वर्षों में, सकल घरेलू उत्पाद के हिस्से के रूप में भारत का शुद्ध प्रत्यक्ष विदेशी निवेश चीन के मुकाबले तीन गुना रहा है. पंद्रह साल पहले, चीन में निवेश अक्सर भारत की तुलना में चार गुना अधिक था. अंतरराष्ट्रीय ज्ञान रखने वाले प्रवासी अक्सर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की ओर आकर्षित होते हैं. पिछले दशक में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में वृद्धि हुई है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक दीर्घकालिक विकास पूर्वानुमान को दर्शाता है, जिसे युवा जनसंख्या संरचना और तेजी से बढ़ते शहरी पारिवारिक आय से सहायता मिली है. यूएस डॉलर के संदर्भ में भारत का नाममात्र जीडीपी 2022 में 3.5 ट्रिलियन यूएस डॉलर से बढ़कर 2030 तक 7.3 ट्रिलियन यूएस डॉलर होने का अनुमान है. इस तीव्र आर्थिक विस्तार के कारण 2030 तक भारतीय जीडीपी जापानी जीडीपी से अधिक हो जाएगी, जिससे भारत एशिया-प्रशांत में दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा.

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं.)

आपका जन्मदिन मंगलमय हो — 27 अप्रैल

आपको जन्मदिन की हादक शुभकामनाएँ. आपका जन्मतिथि 27 अप्रैल है. अंक ज्योतिष के अनुसार आपकी जन्मतिथि का अधिष्ठाता ग्रह मंगल है. इस माह का अधिपति ग्रह मंगल है. आप जीवन पर्यन्त मंगल ग्रह के प्रभाव से युक्त रहेंगे. आपका जीवन संघर्षमय रहेगा. लेकिन जिम्मेदारियों के प्रति आप सतर्क रहेंगे. आप अपने जीवन में अनुशासन को ज्यादा महत्व देंगे. साथ ही आप चाहेंगे कि लोग भी अनुशासन में ही रहें. आप दृढ़ निश्चयी, महत्वकांक्षी, दयालु एवं धैर्यवान व्यक्ति है. आप क्रोधी स्वभाव के होंगे. जोखिम भरे कार्यों में आप अधिक रूचि लेंगे. आप शत्रुओं के प्रति अत्यधिक कठोर रुख अपनायेंगे. आपके जीवन में जो भी घटना घटित होगी अप्रत्याशित रूप से होगी. परोपकार की भावना अधिक रहेगी. जनकल्याण की ओर आपका रुझान अधिक रहेगा. आपके जीवन में भौतिक सुख-सुविधा का अभाव रहेगा. नेतृत्व गुण की प्रधानता रहेगी. बाहरी आडम्बरों के प्रति आप ज्यादा रूचि लेंगे. आप प्रेम-सौन्दर्य व संगीत प्रेमी होंगे. जीवन में कठिनाइयों के समय अपने इष्ट देवी-देवता की पूजा एवं अर्चना करें. अतएव सम्बन्धित ग्रह के निमित्त उपाय एवं उपचार करने पर अनुकूलता मिलेगी. अपने दैनिक जीवन में लाल एवं नारंगी रंग की वस्तुओं का प्रयोग अधिकतम करें. मंगलवार का व्रत करें. सदाचार का पालन करें. सुख-समृद्धि के लिए रत्न या उपरत्न तथा यन्त्र विधि-विधानपूर्वक धारण करें.

मन्त्र	:	ॐ अं अंगारकाय नमः	मास	:	फरवरी, जून एवं नवम्बर
व्रत	:	मंगलवार	वर्ष	:	9, 18, 27, 36, 45, 54, 63, 72
दिन	:	सोमवार, मंगलवार एवं गुरुवार	रंग	:	लाल एवं नारंगी
दिनांक	:	9, 18, 27	जन्मरत्न	:	मूंगा
अंक	:	1, 3, 6	उपरत्न	:	लाल अकीक

यंत्र

8	3	10
9	7	5
4	11	6

वर्ष का महत्वपूर्ण समय–15 मार्च से 14 अप्रैल, 31 अक्टूबर से 14 नवम्बर

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता, फलित व अंक ज्योतिषी एवं वास्तुविद

विमल जैन एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल, वरदान भवन, पंचक्रोशी मार्ग, भोजूबीर, वाराणसी-221002 मो0 : 09335414722

आपका आज का दिन 2024

मेष : सुख के साधन में कमी, कार्यों में अड़चनें, पारिवारिक समस्याओं से मन अशांत, प्रियजनों से विश्वासघात होने की आशंका, लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, व्यर्थ भ्रमण.

वृषभ : सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, विचारित योजना में अनुकूलता, जटिल समस्या का संतोषजनक सफलता, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, दाम्पत्य सुख.

मिथुन : आर्थिक स्थिति के सुधार हेतु नवयोजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, धर्म-अध्यात्म की ओर रुझान, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आय के नवीन स्रोत.

कर्क : विशिष्टजनों के सम्पर्क से कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, पुराने विवाद के समापन से खुशी, परोपकार की ओर प्रवृत्ति, आत्मिक शांति.

सिंह : कार्यों में अवरोध, विशेष प्रयास व परिश्रम के बावजूद भी प्रगति में संशय, स्वास्थ्य में व्यतिक्रम, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, शत्रु सक्रिय, यात्रा में असुविधा.

कन्या : बुद्धि विवेक से कार्य सिद्धि का समय, पुराने विवाद के समापन का मार्ग प्रशस्त, सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम.

तुलाः कार्य व्यवसाय में विस्तार हेतु नवयोजना की शुरुआत संभव, विशिष्टजनों के सम्पर्क का सुपरिणाम प्राप्त, स्वाध्याय की ओर रुचि, दाम्पत्य जीवन में मधुरता.

वृश्चिक : परिस्थितियां सुधार पर, कार्य व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति का सुअवसर प्राप्त, परिवार में मांगलिक आयोजन सम्पन्न, विवाद का निर्णय पक्ष में, भोग-विलास.

धनु : दिनचर्या अव्यवस्थित, सोचे हुए कार्य अधूरे, विशेष परिश्रम एवं प्रयास के बावजूद प्रगति में संशय, आपसी सम्बन्धों में कटुता, भाग्य में न्यूनता राजकीय पक्ष से कष्ट.

मकर : सुसमाचार की प्राप्ति से परिवार में हर्ष का वातावरण, आथक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, राजनैतिक क्रियाकलापों की ओर अभिरुचि.

कुम्भ : स्वास्थ्य सुधार पर, पराक्रम से कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, वाद-विवाद का समापन पर, परिवार में मांगलिक कृत्य सम्पन्न, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त.

मीन :अधूरे कार्य की पूत हेतु स्वजनों मित्रों से विचार-विमर्श, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, धामक गतिविधियों की ओर रुझान, प्रेम सम्बन्धों में मधुरता.

- ज्योतिषाचार्य विमल जैन, वाराणसी, मो. नं. 09335414722

मानव धर्म-शास्त्र

लेखक : लक्ष्मी नारायण मीणा

मानव धर्मशास्त्र के प्रणेता
अवधूत देवी दास जी महाराज

अष्टम स्कन्ध

जन्मत सुत रां उच्चारी | पीड़ा प्रसव विगत महतारी ||
चहुँदिसि भयउ प्रकृति उछाहु | मंगल सुगन अनुकूल सबाहु ||

व्याख्या - जन्म लेते ही पुत्र ने रां नाम का उच्चारण किया, जिससे माता की प्रसव पीड़ा तुरन्त दूर हो गई | चारों तरफ प्रकृति में उत्साह छा गया तथा समस्त मंगलकारी सगुन होने लग गए |

समाचार सुनि ऋषि सब आए | देखि मुख छवि आशीष बरसाए ||
बालक इहँ होइब ब्रम्ह ग्यानी | सकल ऋषि मुनि कहा बखानी ||

व्याख्या - समाचार सुनकर सब ऋषि आए और बालक की छवि देखकर आर्शीवाद देने लगे | सब ऋषि - मुनियों ने कहा कि यह बालक ब्रम्हज्ञानी होगा |

दो - हुआ न होइब योगी ऐहि सम बाल कपाल असि परी रेख |
नाम कपिल भल होइब इँह कहहिं ऋषि जन नक्षत्र देख ||5||

व्याख्या - ऋषि लोग नक्षत्रों का विचार कर कहने लगे कि इस बालक के समान योगी न तो कोई हुआ है और न होगा | क्योंकि बालक के कपाल पर ऐसी रेखा है | अत: इस बालक का नाम ' कपिल ' अच्छा होगा |

सच जानने के लिये सर्वे और दावे–प्रतिदावे

हेमंत पाल

अयोध्या, ज्ञानवापी और मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि के स्वामित्व की प्रामाणिकता के लिए कोर्ट के निर्देश पर ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ़ इंडिया (एएसआई) ने साइंटिफिक सर्वे किया था. अपनी प्रमाणिक रिपोर्ट से एएसआई ने जो साबित किया, वो दुनिया के सामने है. मध्यप्रदेश हाई कोर्ट के निर्देश पर इसी तरह का सर्वे धार की भोजशाला में किया जा रहा है. एएसआई को अपने सर्वे से साबित करना है कि भोजशाला वास्तव में राजा भोज द्वारा निर्मित सरस्वती मंदिर है या मौलाना कमालुद्दीन की बनाई मस्जिद! दोनों पक्षों के बीच सौ सालों से ज्यादा समय से यह विवाद है. एक महीने से एएसआई भोजशाला में सर्वे कर रही है.

हाई कोर्ट ने एएसआई को सर्वे करके और अपनी रिपोर्ट अगले 45 दिन में उसे सौंपने का निर्देश दिया था. लेकिन, अब एएसआई ने इसके लिए अतिरिक्त समय मांगा है. क्योंकि, निर्धारित अवधि में काम पूरा संभव नहीं है. सर्वे की प्रामाणिकता को बनाए रखने के लिए कोर्ट के निर्देश पर हिंदू और मुस्लिम प्रतिनिधियों को भी सर्वे टीम के साथ अंदर जाने की इजाजत मिली है. पहले दिन मुस्लिम पक्ष ने सर्वे टीम के साथ परिसर में जाना टाला, उसके बाद से दोनों पक्षों के प्रतिनिधि सर्वे टीम के साथ सुबह से शाम तक मौजूद रहते हैं. हालांकि, एएसआई को सर्वे पर किसी भी तरह का बयान देने की इजाजत भी नहीं है क्योंकि, रिपोर्ट हाईकोर्ट में जमा करानी है. मगर सर्वे टीम के साथ अंदर जाने वाले दोनों पक्षों के प्रतिनिधि अंदर जाते हैं, तो वे मीडिया के सामने कोई न कोई ऐसी बात जरूर करके जाते हैं, जो इस सर्वे की गोपनीयता को भंग करने जैसी होती है. मुस्लिम पक्ष के प्रतिनिधि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में उनके द्वारा लगाई गई आपत्तियों का जिक्र करने के साथ यह भी बताते हैं कि बीते सौ सालों से ज्यादा समय में भोजशाला विवाद में क्या कुछ हुआ! वे उन तर्कों को भी नकारते हैं, जो हिंदू पक्ष के लोग सामने रखने की कोशिश करते हैं. इसी तरह हिंदू पक्ष के प्रतिनिधि मुखरता से बताते हैं कि सर्वे के दौरान अंदर मिलने वाले प्रमाण संकेत दे रहे हैं, कि यह सरस्वती मंदिर रहा है. वास्तव में तो सीधे-सीधे इस बात की मार्केटिंग करने की भी कोशिश की जा रही है कि एएसआई का यह सर्वे हिंदू धर्मावलंबियों की याचिका पर ही किए जाने के निर्देश हुए हैं. एएसआई की सर्वे रिपोर्ट के हाईकोर्ट में पेश किए जाने से पहले ऐसी बयानबाजी गोपनीयता भंग करने जैसा कृत्य कह सकते हैं.

सर्वे के दौरान जब भी मंगलवार या शुक्रवार आता है, तो हिंदू और मुस्लिम पक्ष के लोग भोजशाला परिसर में जाकर अपनी आराधना करते हैं. शुक्रवार को मुस्लिम नमाज़ अता करने और मंगलवार को हिंदू परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं. कई साल पहले केंद्र सरकार ने दोनों पक्षों को यह व्यवस्था दी थी, तब से प्रशासन की देखरेख में इसका पालन किया जा रहा है. देखा गया कि सर्वे के दौरान हर मंगलवार को जब हिंदू पक्ष भोजशाला में पूजा-अर्चना के लिए जाते हैं, उस दिन हिंदू पक्ष की तरफ से भोजशाला आंदोलन से जुड़ा कोई बड़ा हिंदूवादी नेता मीडिया के सामने कोई न कोई ऐसी बात जरूर करता है, जो सुर्खी बनती है. उन्हें एएसआई सर्वे पर न कोई बयान देने की जरूरत है, न इजाजत.

हिंदू पक्ष के लोग बार-बार मथुरा, ज्ञानवापी और अयोध्या के एएसआई सर्वे के नतीजे को आधार बनाकर भोजशाला में भी उसी तरह के प्रमाण मिलने का दावा करते हैं. जबकि, मुस्लिम प्रतिनिधि का दावा रहता है कि 1902 और 1903 में भी इसी तरह का सर्वे हुआ था और उस समय यह मान लिया गया था कि यह मंदिर नहीं है. आज भी उनका दावा है कि 1300 ईस्वी में जब मौलाना कमालुद्दीन यहां आए थे और उन्होंने मस्जिद बनाई थी. उस समय यहां कई तरह का रॉ-मैटेरियल मस्जिद के निर्माण के लिए लाया गया था. संभवतः उस समय लाए गए रॉ-मैटेरियल में कुछ ऐसी सामग्री आ गई होगी जो यहां हिंदू धर्म का प्रमाण दे रही है.

भोजशाला में बनी एक अक्कल कुईया को लेकर भी दोनों पक्षों के पास ऐसे दावे हैं, जो सर्वे को प्रभावित कर सकते हैं. हिंदुओं का कहना है कि इस तरह की अक्कल कुईया आर्यावर्त में 7 जगह है जिसमें से तीन जगह भारत में है. एक इलाहाबाद में, एक तक्षशिला और तीसरी भोजशाला में. धार की भोजशाला की अक्कल कुईया के बारे में उनका कहना है कि यह सरस्वती नदी से जुड़ा हुआ जल स्रोत था. माना जाता है कि जहां भी शिक्षा के विकसित केंद्र रहे, वहां विद्यार्थियों को ज्ञान देने के लिए इस तरह की कुईया का निर्माण किया गया. इसमें वे पत्थर पाए गए, जो विलुप्त हुई सरस्वती नदी में होते थे. इसके प्रमाण में हिंदू पक्ष विष्ण

बैलगाड़ी, व्हील चेयर समेत अन्य साधनों के जरिए मतदान केंद्रों तक पहुंचे लोग

लोकसभा चुनाव 2024

नई दिल्ली: देश के विभिन्न हिस्सों में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के दौरान मतदाताओं को अलग-अलग तरीके से मतदान केंद्रों तक पहुंचते हुए देखा गया. बेंगलुरु में, कई रेस्तरां द्वारा मतदान करने वाले ग्राहकों को डोसा, लड्डू, कॉफी और अन्य खाद्य पदार्थ मुफ्त अथवा रियायती दरों पर देने की घोषणा के बाद रेस्तरां के बाहर लंबी कतारें देखी गईं.

छत्तीसगढ़ के कांकेर संसदीय क्षेत्र के सिवनी गांव में एक मतदान केंद्र को 'मंडप' की तरह सजाया गया था और पारंपरिक विवाह अनुष्ठानों को प्रदर्शित किया गया था. पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे कई दूल्हे-दुल्हन वोट डालने के लिए कांकेर, राजनांदगांव और महासमुंद लोकसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर पहुंचे.

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में एक मतदान केंद्र पर कुछ महिला मतदाता बैलगाड़ी पर सवार होकर ढोलक बजाते हुए पहुंचीं. राजस्थान के कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में 108 वर्षीय भूरी बाई को उनके परिवार के सदस्य व्हीलचेयर में गुंजारा मतदान केंद्र पर लाए, जिसके बाद उन्होंने अपना वोट डाला. जबकि 102 साल के हाजी करमदीन ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में मतदान किया.

एक व्यक्ति, उसका बेटा और पोतियां, जो तीन पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, वोट डालने के लिए जालोर के सांकंद में एक मतदान केंद्र पर पहुंचे. उन्होंने मतदान केंद्र पर सेल्फी प्वॉइंट पर तस्वीरें भी लीं. गूगल ने लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण को अपने होमपेज पर एक रंगीन डूडल के साथ चिह्नित किया, जिसमें अमिट स्याही लगी तर्जनी को दर्शाया गया.

महाराष्ट्र के परभणी लोकसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं और विकास कार्यों की कमी जैसे मुद्दों पर ग्रामीणों द्वारा चुनाव बहिष्कार की खबरें भी आई हैं. उत्तर प्रदेश के मथुरा लोकसभा क्षेत्र और त्रिपुरा के त्रिपुरा ईस्ट लोकसभा क्षेत्र के कुछ लोगों ने भी मतदान का बहिष्कार किया. चामराजनगर जिले के पारंपरिक हाथ से बुने हुए रेशमी कपड़ों को बढ़ावा देने के लिए, आठ महिला चुनाव अधिकारी मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से डिजाइन की गई साड़ियां पहनकर गईं. महाराष्ट्र के अमरावती में वोट डालने के लिए भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा मोटरसाइकिल से मतदान केंद्र पहुंचे.

बेंगलुरु साउथ से बीजेपी उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज, धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप

नई दिल्ली/बेंगलुरु: कर्नाटक की 28 में से 14 लोकसभा सीटों पर गुरुवार (26 अप्रैल) को दूसरे फेज में वोटिंग हो रही है. इस बीच बेंगलुरु साउथ सीट से बीजेपी उम्मीदवार और मौजूदा सांसद तेजस्वी सूर्या के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है. उनपर धर्म के नाम पर वोट मांगने का आरोप है. 25 अप्रैल को जयानगर थाने में मौजूदा सांसद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. सूर्या ने सुबह वोट डालने के बाद एक वीडियो पोस्ट किया था.

कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने द हैंडल पर पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी है. उन्होंने लिखा- सांसद और बेंगलुरु साउथ से बीजेपी उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के खिलाफ 25 अप्रैल 2024 को जयानगर थाने में धारा 123 (3) के तहत केस दर्ज किया है. आरोप है कि उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया और धर्म के नाम पर जनता से वोट की अपील की.

बेंगलुरू साउथ तीन दशकों से भी ज्यादा समय से बीजेपी का गढ़ रहा है. 1977 के बाद से बीजेपी सिर्फ एक बार ये सीट हारी है. 1989 के चुनावों में पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत आर गुंडू राव ने कांग्रेस के लिए ये सीट जीती थी. इस बार बीजेपी के तेजस्वी सूर्या का मुकाबला कांग्रेस की सौम्या रेड्डी से है.

तेजस्वी सूर्या ने वोट देने के बाद कहा, बीजेपी के 80 प्रतिशत मतदाता हैं, लेकिन केवल 20 प्रतिशत ही बाहर आते हैं और वोट देते हैं. कांग्रेस के मतदाता 20 प्रतिशत हैं लेकिन वे बाहर आते हैं और 80 प्रतिशत वोट करते हैं. अधिकांश मामलों में मतदान केंद्रों की जमीनी हकीकत यही है. आपका एक-एक वोट मायने रखता है. कृपया बाहर आएं और मतदान करें. क्योंकि अगर आप मतदान नहीं कर रहे

हैं, तो कांग्रेस का 20 प्रतिशत निश्चित रूप से मतदान कर रहा है.

कर्नाटक में बेंगलुरु साउथ के साथ ही उडुपी-चिकमंगलुरु, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु मध्य और चिकबल्लापुर में वोटिंग हो रही है. सबसे ज्यादा वोटर्स में जोश बेंगलुरु इलाके में नजर आ रहा है. यहां बूथों पर लोग लंबी लाइनों में लगकर मतदान कर रहे हैं. बाकी 14 सीटों पर 7 मई को वोटिंग होगी.

मुस्लिम लीग के एजेंडा को लेकर कांग्रेस आगे बढ़ रही है: अमित शाह

बेमेतरा/रायपुरः छत्तीसगढ़ के दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के बेमेतरा के बेसिक स्कूल में शुक्रवार को चुनावी सभा में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दो साल में हम नक्सलवाद को खत्म कर देंगे. उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग के एजेंडा को लेकर कांग्रेस आगे बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटें मोदी जी की झोली में डालना है. अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने कई रिपोर्ट को दबाकर रखा. हमने ओबीसी को संवैधानिक अधिकार प्रदान किया. मैं कहकर जाता हूं कि एसटी, एससी व ओबीसी आरक्षण को कोई नहीं हटा सकता है. उन्होंने आगे कहा कि मुस्लिम लीग के एजेंडा को लेकर कांग्रेस आगे बढ़ रही है. हमने स्पष्ट कर दिया है कि देश में कभी भी ट्रिपल तलाक, सीएए व 370 को हटाने नहीं देंगे. उन्होंने दुर्ग लोकसभा सीट के उम्मीदवार वर्तमान सांसद विजय बघेल के पक्ष में लोगों से वोट की अपील की. सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में 15 साल से भाजपा की सरकार रही है. इन 15 साल में भाजपा ने प्रदेश का विकास किया है.

अमित शाह ने कहा कि कोई नहीं मानता था कि ईश्वर साहू, रविन्द्र चौबे जैसे कद्दावर नेताओं को हरा देंगे ,लेकिन उनका सुपड़ा साफ हो गया. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने छत्तीसगढ़ को बनाने का काम किया है.बीस साल में भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ को बीमारू राज्य से विकसित राज्य बनाया. उन्होंने कहा कि पीडीएस का चावल हमने गरीबों गरीबों तक पहुंचाया. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपने

दो साल में नक्सलवाद को खत्म कर देने का वादा

संबोधन में कहा कि कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति में भुनेश्वर साहू की जान गई. छत्तीसगढ़ को राज्य बनाने का विरोध कांग्रेसियों ने किया. कांग्रेस सरकार ने नक्सलियों का पालन पोषण किया. देश में नक्सल खत्म किए ,लेकिन भूपेश के कारण यहां नहीं हुआ.उन्होंने कहा कि जब से हमारी नई सरकार बनी है, तब से चार माह के भीतर 90 नक्सली को मारा गिराया है. 123 नक्सलियों की गिरफ्तारी हुई है. करीब 200 ने सरेंडर किया है. अब तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को पीएम बना दें, तो हम आने वाले दिनों में पूरे राज्य से नक्सलवाद को खत्म कर देंगे.कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के कारण नक्सलवाद को पालने पोषण काम किया.अमित शाह ने कहा नक्सलियों को समाप्त करने का काम भारतीय जनता पार्टी ने किया है.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने 70

साल से अयोध्या राम मंदिर मामले को अटका कर रखा था. आपने नरेन्द्र मोदी को पीएम बनाया. पांच साल के भीतर हमने राम मंदिर का निर्माण कराया. अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राहुल गांधी को निमंत्रण भेजा, वे नहीं आए. क्योंकि, उन्हें अपनी वोट बैंक की फिक्र था. मोदी जी ने ऐसे काम किए हैं जो एक हजार साल तक कोई नहीं कर पाएगा. राहुल गांधी राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए क्योंकि उन्हें वोट बैंक का डर लगता है. जो लोग वोट बैंक की राजनीति करने के लिए रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा में नहीं गए वे लोग देश में शासन करने के हकदार नहीं है. उन्होंने कहा कि कश्मीर हमारा है कि नहीं है ,लोगों से कहा जोर से बोले खड़गे के कान तक आवाज जानी चाहिए. आप सभी ने मोदी जी की दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को कश्मीर से समाप्त कर दिया गया. कश्मीर हमेशा के लिए भारत का हिस्सा बन गया है. मैं जब पार्लियामेंट में कश्मीर कभी लेकर खड़ा हुआ. उस समय विजय जी थे ,राहुल बाबा ने कहा अनुच्छेद 370 मत हटाइए.

उन्होंने कहा वहां खून की नदियां बह जाएगी, राहुल बाबा खून की धारा छोड़ो, किसी की कंकड़ चलाने की हिम्मत नहीं हुई. मनमोहन सिंह सरकार में आलिया-मालिया सब आते थे पाकिस्तान से और बम धमाके करके चले जाते थे. यूपीए की सरकार थी तो पाकिस्तान से घुसपैठ होती थी, मोदी के आने के बाद सब बंद हो गए. हमने सर्जिकल स्ट्राइक कर पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को मार गिराया. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि भूपेश बघेल खुद अपनी लोकसभा क्षेत्र दुर्ग को छोड़कर राजनांदगांव से चुनाव लड़ रहे है. भूपेश बघेल के सरकार में कई घोटाले हुए. इसमें कोयला, शराब, महादेव, सीजीपीएससी, डीएमएफ, गौठान शामिल हैं. उनकी सरकार ने तो गोबर तक को नहीं छोड़ा था. हमारी सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान जो वादे किए थे. सभी को मोदी की गारंटी के साथ पूरा कर रहे है. विशाल जनसभा में भाजपा उम्मीदवार विजय बघेल समेत पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे.

बसपा के इस कदम से उत्तर प्रदेश में बढ़ सकती हैं भाजपा-सपा की मुश्किलें

नई दिल्ली: लोकसभा चुनाव में दो चरण का मतदान हो चुका है. इस दौरान उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के एक कदम ने समाजवादी पार्टी और भाजपा की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. उसने टिकट वितरण में जिस जाति संतुलन का ध्यान रखा है,वो नतीजों को प्रभावित करने वाले हैं. लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा)को लेकर तमाम अटकलें लगाई जा रही थीं.कभी उसे बीजेपी की बी टीम बताया गया तो कभी उसके इंडिया गठबंधन में शामिल होने की संभावना जताई गई. लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद मायावती ने उम्मीदवारों के चयन में जो रुख दिखाया, उसने इन चर्चाओं को विराम लगा दिया. आइए नजर डालते हैं कि बसपा ने उत्तर प्रदेश के लिए किस तरह की रणनीति अपनाई है.

'जाति है कि जाती नहीं': कहा जाता है कि 'जाति है कि जाती नहीं'. इस कहावत को आप उत्तर भारत में चरितार्थ होते देख सकते हैं. राजनीतिक दल चुनावी बिसात जाति के आधार पर ही बिछाते हैं. मंडल की राजनीति के राजनीति के मुख्यधारा में आने के बाद यह चलन और तेज हुआ है. लोकसभा चुनाव में बसपा ने यही रणनीति टिकट बंटवारे में अपनाई है. बसपा ने टिकट वितरण में चतुराई दिखाई है. सबसे पहले बात करते हुए कुछ उन सीटों की जहां पहले चरण में मतदान हो चुका है.इनमें कैराना सीट पर सबकी निगाहें लगी हुई हैं.कैराना से ही बीजेपी ने हिंदुओं के पलायन का मुद्दा बनाकर धार्मिक ध्रुवीकरण की कोशिश की थी. यहां बीजेपी ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी को टिकट दिया है. सपा ने इकरा हसन को टिकट दिया है. बसपा ने कैराना से श्रीपाल राणा को उम्मीदवार बनाया है. इस बार राजपूत भाजपा से नाराज बताए जा रहे हैं. मायावती ने इस नाराजगी को की कोशिश की है. उन्होंने अपनी रैलियों में भी इस मुद्दे को उठाया है. इससे बीजेपी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं. मुरादाबाद सीट 2019 में सपा ने जीती थी. लेकिन अखिलेश ने अपने सांसद डॉक्टर एसटी हसन का टिकट काटकर अपने विधायक रुचि वीरा को दे दिया है. वहीं भाजपा ने सर्वेश सिंह को टिकट दिया. वहीं बसपा ने मुरादाबाद से इरफान सैफी को टिकट दिया.सैफी ठाकुरद्वारा नगर पालिका के चेयरमैन हैं. मुरादाबाद में मुसलमान वोटरों की संख्या देखते हुए इस बार सपा उम्मीदवार के लिए मुश्किलें हो सकती हैं.

अमरोहा की लड़ाई : पश्चिम उत्तर प्रदेश की अमरोहा सीट पर आज मतदान हो रहा है. 2019 के चुनाव में यह सीट बसपा ने जीती थी. सांसद दानिश अली अब कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं. भाजपा ने कंवर सिंह तंवर पर फिर भरोसा जताया है. यहां से बसपा ने डॉक्टर मुजाहिद हसन को टिकट दिया है. वो दानिश अली की राह को मुश्किल बना सकते हैं.

इसी तरह से बसपा ने मुजफ्फरनगर में

भाजपा के डॉक्टर संजीव बालियान के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं. वहां वरिष्ठ नेता हरेंद्र मलिक सपा के उम्मीदवार हैं.वहीं बसपा ने दारा सिंह प्रजापति को टिकट दिया है. बालियान और मलिक दोनों जाट हैं.ऐसे में जाट वोटों का बंटवारा हो सकता है. मुजफ्फरनगर मुस्लिम बहुल सीट है.इसका फायदा सपा को हो सकता है. बसपा ने अति पिछड़ी जाति का उम्मीदवार उतारकर भाजपा के वोटों में बंटवारे की कोशिश की है. भाजपा की ओर जाने वाले ओबीसी वोट में बसपा हिस्सेदारी कर सकती है.

मेरठ सीट पर हर दल प्रयोग कर रहा है. भाजपा ने अपने सांसद का टिकट काटकर रामायण सीरियल के राम अरुण गोविल को टिकट दिया है.वो मेरठ के ही रहने वाले हैं. वहीं सपा ने इस जनरल सीट से अनुसूचित जाति की सुनीता वर्मा को टिकट दिया है. बसपा ने देवव्रत त्यागी को मैदान में उतारा है. मेरठ में अच्छी आबादी मुसलमानों की है. लेकिन कोई मुसलमान उम्मीदवार मैदान में नहीं है.ऐसे में अगर देवव्रत त्यागी अपनी जाति के साथ-साथ मुसलमान और दलितों को अपनी ओर ला पाते हैं तो चुनाव परिणाम प्रभावित हो सकता है.

राजपूतों की नाराजगी भुनाने की कोशिशः दिल्ली से सटे गाजियाबाद की लड़ाई तो और भी दिलचस्प है. वहां भाजपा ने अपने सांसद का टिकट काटकर गाजियाबाद से अपने विधायक अतुल गर्ग को दे दिया है. वहीं इंडिया गठबंधन की ओर से डॉली शर्मा चुनाव मैदान में हैं. बसपा ने पहले अंशय कालरा को टिकट दिया था. लेकिन भाजपा से राजपूतों की नाराजगी देखते हुए बसपा ने राजपूत समाज से आने वाले ठाकुर नंद किशोर पुंढीर को टिकट थमा दिया.इस सीट पर जपूत मतदाता बहुत अधिक संख्या में है, जो भाजपा ने नाराज बताए जा रहे हैं. एक तरफ कांग्रेस उम्मीदवार ब्राह्मण है तो बसपा उम्मीदवार राजपूत. ये दोनों भाजपा के वोट बैंक में ही सेंध लगाएंगे.

वहीं अगर पूर्वी उत्तर प्रदेश की बात करें तो डुमरियागंज सीट पर भाजपा ने सासंद जगदंबिका पाल पर भरोसा जताया है.सपा ने उनके खिलाफ माफिया रहे हरिशंकर तिवारी के बेटे भीष्म शंकर तिवारी को टिकट दिया है.सपा को उम्मीद थी कि ब्राह्मण उम्मीदवार उतारने से उसे फायदा होगा. लेकिन मुस्लिमों की संख्या देखते बसपा ने ख्वाजा शम्सुद्दीन को टिकट दे दिया.पिछला चुनाव बसपा ने सपा के साथ लड़ा था. डुमरियागंज में बसपा के आफताब आलम दूसरे स्थान पर रहे थे. ऐसे में बसपा का मुस्लिम उम्मीदवार सपा के लिए मुश्किलें पैदा कर सकता है.

भाजपा में ही लगाई सेंधः पूर्वी उत्तर प्रदेश की जौनपुर सीट से भाजपा ने कांग्रेस से आए कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है. सपा ने बाबूलाल कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है. बसपा ने बाहुबली छवि वाले धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दिया है. एक मामले में सजा होने के बाद धनंजय सिंह जेल में हैं. श्रीकला जौनपुर की जिला पंचायत अध्यक्ष भी हैं. श्रीकला के आने से जौनपुर की लड़ाई दिचस्प हो गई है. वहां राजपूत वोटों में बंटवारा हो सकता है. यह भाजपा के लिए मुश्किलें पैदा करेगा.

बसपा ने ऐसा ही खेल बस्ती में भी खेला है. वहां भाजपा ने अपने सांसद हरीश द्विवेदी पर भरोसा जताया है, तो सपा ने अपने नेता रामप्रसाद चौधरी को उम्मीदवार बनाया है. बस्ती ने भाजपा में सेंधमारी करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष दयाशंकर मिश्र को टिकट दे दिया. बसपा का यह कदम भाजपा की मुश्किलें बढ़ा सकता है. पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश इलाकों में अंतिम दो चरणों में मतदान होना है. ऐसे में कई सीटों पर अभी उम्मीदवारों की घोषणा बाकी है. ऐसे में चुनाव नतीजे ही बताएंगे जाति के नाम पर संसदीय चुनाव जीतने की कोशिशें कितनी कामयाब होती है. इसके लिए हमें मतगणना वाले दिन चार जून तक नतीजों का इंतजार करना होगा.

हर वो बल्ला मेरे पास है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा: पोंटिंग

नई दिल्ली: दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है . दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे. उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही. क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाये हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं. पोंटिंग ने कहा, आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है. इस पर स्टिकर्स लगे हैं. हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं. जिस भी बल्ले से मैंने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है. इस पर मैंने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है. उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ 2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है. उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं और वह भी इस मौके पर मौजूद थे. गांगुली ने अपने पहले बल्ले के बारे में कहा, मैं 13 साल का था जब पहला बल्ला खरीदा. गेंद को बल्ले से मारकर हवा में जाते देखकर मैं बहुत खुश होता था.

पंजाब किंग्स ने रचा इतिहास

आसानी से साध लिया 262 रन का विशाल लक्ष्य

कोलकाता: पंजाब किंग्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज करते हुए चमत्कार कर दिया. पंजाब किंग्स के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ 26 अप्रैल की रात 261 रन का लक्ष्य बौना साबित हुआ. जॉनी बेयरस्टो के तूफानी नाबाद शतक और प्रभसिमरन सिंह-शशंक सिंह के अर्धशतकों की बदौलत पंजाब ने ईडन गार्डंस में आठ गेंद पहले आठ विकेट से मैदान मार लिया. जॉनी बेयरस्टो ने 48 गेंद पर नाबाद 108 रन बनाए. शशांक सिंह ने 28 बॉल पर नाबाद 68 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी. इससे पहले प्रभसिमरन सिंह ने 20 बॉल पर 54 रन बनाकर टीम की जीत की नींव रखी थी. कोलकाता के लिए सुनील नरेन ने एक विकेट लिया. एक बैटर रनआउट हुआ.

यह मैच टी-20 क्रिकेट के इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा. टी-20 क्रिकेट में पहली बार किसी टीम ने 262 रन का विशाल स्कोर चेज किया. इसके अलावा एक टी-20 मैच में सबसे ज्यादा 42 छक्के (केकेआर- 18, पंजाब- 24) भी इसी मैच में लगे. एक पारी में सबसे ज्यादा 24 छक्के उड़ाने का रिकॉर्ड भी पंजाब किंग्स ने अपने नाम कर लिया. पंजाब की इस जीत में जॉनी बेयरस्टो ने सूत्रधार का किरदार निभाया. उन्होंने अपने आईपीएल करियर का तीसरा शतक जमाया. खराब फॉर्म से गुजर रहे इस इंग्लिश विकेटकीपर बल्लेबाज को पिछले मैच में ड्रॉप कर दिया गया था, लेकिन जोरदार वापसी करते हुए उन्होंने प्रभसिमरन सिंह के साथ पहले विकेट के लिए 93, दूसरे विकेट के लिए राइली रूसो के साथ 85 तो तीसरे विकेट के लिए शशांक सिंह के साथ 84 रन की मैच विनिंग साझेदारी की. टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइटराइडर्स ने सुनील नरेन और फिल साल्ट के बीच पहले विकेट के लिए तेजतर्रार साझेदारी की बदौलत छह विकेट पर 261 रन बनाए थे. यह केकेआर का अब तक का दूसरा 250 रन से ज्यादा का स्कोर था. दोनों स्कोर इसी सीजन में बने हैं. शानदार फॉर्म में चल रहे नरेन ने 32 गेंद में 71 रन की पारी के दौरान नौ चौके और चार छक्के लगाए. यह उनका सत्र का तीसरा अर्धशतक है. साल्ट भी आक्रामक खेल दिखाते हुए 37 गेंद में छह चौकों और छह छक्कों से 75 रन की पारी खेलकर सत्र में अपना तीसरा अर्धशतक जड़ा. श्रेयस अय्यर ने 10 गेंद में 28 रन (एक चौका, तीन छक्के) बनाकर टीम को 260 रन तक पहुंचाने में मदद की. आंद्रे रसेल ने 12 गेंद में 24 रन बनाए. वेंकटेश अय्यर ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले 23 गेंद में 39 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे.

टी20 विश्व कप में भारत की संभावनाओं के लिए सूर्यकुमार और बुमराह अहम होंगे : युवराज सिंह

नई दिल्ली: भारत के पूर्व स्टार युवराज सिंह ने आगामी टी20 विश्व कप में टीम की संभावनाओं के लिए विस्फोटक सूर्यकुमार यादव और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वे किसी भी समय मैच का रूख बदलने की काबिलियत रखते हैं. 2007 में टी20 विश्व कप के शुरूआती चरण में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवराज ने कहा कि टीम को दूसरी बार यह ट्राफी दिलाने के लिए सूर्यकुमार को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और बुमराह को भी अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करनी होगी.

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने युवराज के हवाले से कहा, सूर्यकुमार यादव भारत के लिए अहम खिलाड़ी हैं. उन्होंने कहा, सूर्यकुमार जिस तरह से खेलते हैं, वह सिर्फ 15 गेंद में मैच का रुख बदल सकते हैं. भारत को यह टी20 विश्व कप जीतना है तो वह निश्चित रूप से काफी अहम खिलाड़ी होंगे. युवराज ने कहा, मुझे लगता है गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह भी काफी महत्वपूर्ण होंगे. मैं टीम में एक लेग स्पिनर भी देखना चाहूंगा जैसे युजवेंद्र चहल क्योंकि वह इस समय काफी अच्छी गेंदबाजी कर रहा है.

उन्होंने कहा, लेकिन बल्लेबाज के तौर सूर्यकुमार यादव अहम खिलाड़ी होंगे. भारत के लिए पहली पसंद के विकेटकीपर के विकल्प पर युवराज ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अनुभवी दिनेश कार्तिक शानदार फॉर्म में हैं लेकिन अगर वह अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं होते हैं तो इस 38 साल के खिलाड़ी को टीम में चुनने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि युवा ऋषभ पंत और संजू सैमसन काफी अच्छा खेल रहे हैं. युवराज ने कहा, कार्तिक अच्छी बल्लेबाजी भी कर रहा है लेकिन पिछली दफा (2022) जब उन्होंने उसे चुना था तो उसे टी20 विश्व कप में खेलने का मौका नहीं मिला था.

उन्होंने कहा, अगर आपकी अंतिम एकादश में कार्तिक नहीं है तो मुझे लगता है कि उससे चुनने का भी कोई मतलब नहीं है. ऋषभ पंत, संजू सैमसन दोनों ही शानदार

फॉर्म हैं और निश्चित रूप से वे काफी युवा भी हैं. युवराज जानते हैं कि भारत के लिए टी20 विश्व कप में रोहित शर्मा और विराट कोहली कितने महत्वपूर्ण हैं और उन्होंने इन दोनों के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की तारीख का अंदाजा लगाने से इनकार कर दिया. उन्होंने सुझाव दिया कि रोहित और कोहली को टी20 विश्व कप के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना छोड़ने पर विचार करना चाहिए और अन्य प्रारूपों पर ध्यान लगाना चाहिए.

युवराज ने कहा, जैसे आपकी उम्र बढ़ती है तो लोग आपकी उम्र के बारे में बात करना शुरू कर देते हैं और फिर वे आपकी फॉर्म के बारे में भूल जाते हैं. उन्होंने कहा, ये खिलाड़ी लोग भारत के लिए बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं और वे जब चाहें तब संन्यास लेने के हकदार हैं. मैं टी20 प्रारूप में अधिक युवा खिलाड़ियों को देखना चाहूंगा. युवराज ने कहा कि वह चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज शिवम दुबे को उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण टीम में देखना चाहते हैं. उन्होंने कहा, मैं टीम में शिवम दुबे को देखना चाहूंगा. वह भारतीय टीम से अंदर बाहर होता रहा है लेकिन इस आईपीएल में वह बहुत शानदार बल्लेबाजी कर रहा है और वह गेम चेंजर हो सकता है.

लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत की लय कायम रखने उतरेंगे राजस्थान रॉयल्स के धुरंधर

लखनऊ: फॉर्म में चल रही राजस्थान रॉयल्स आईपीएल के मैच में शनिवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका फोकस जीत की लय कायम रखने पर होगा जबकि लखनऊ की नजरें पिछली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी. पूर्व चैम्पियन रॉयल्स ने इस सत्र में आठ मैचों में सात जीत दर्ज की है और उसे हराना लखनऊ के लिए टेढी खीर होगा.

दूसरी ओर लखनऊ आठ मैचों में पांच जीत के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है. गुजरात टाइटंस के खिलाफ एकमात्र हार के अलावा रॉयल्स ने इस सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन किया है और पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं. रियान पराग उसकी बल्लेबाजी की रीढ साबित हुए हैं जो आठ मैचों में 318 रन बना चुके हैं. यशस्वी जायसवाल के फॉर्म में लौटने से रॉयल्स की बल्लेबाजी मजबूत हुई है.

मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में जीत के लिये 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जायसवाल ने 60 गेंद में नाबाद 104 रन बनाये थे जिसकी बदौलत टीम ने नौ विकेट से जीत दर्ज की . जायसवाल और जोस बटलर मिलकर शीर्षक्रम पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ सकते हैं.

कप्तान संजू सैमसन भी अभी तक 314 रन बना चुके हैं जबकि वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायेर भी बल्ले से आतिशबाजी करने में माहिर हैं . रोवमैन पॉवेल और ध्रुव जुरेल से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है. गेंदबाजी में रॉयल्स के पास ट्रेंट बोल्ट, आवेश खान और संदीप शर्मा जैसे तेज गेंदबाज हैं. स्पिन का जिम्मा युजवेंद्र चहल और रविचंद्रन अश्विन के पास है हालांकि अश्विन इस सत्र में फॉर्म के लिये जूझते दिखे हैं. चहल ने आठ मैचों में 13 विकेट लिये हैं.

दूसरी ओर लखनऊ इस सत्र में रॉयल्स से 20 रन से मिली हार का बदला चुकता करना चाहेगी. लगातार दो जीत के बाद केएल राहुल की कप्तानी वाली टीम आत्मविश्वास से ओतप्रोत है और इस मैच में जीतकर प्लेआफ का उसका दावा मुख्ता हो सकता है. राहुल और उनके सलामी जोड़ीदार क्विंटोन डिकॉक फॉर्म में है जिससे लखनऊ की बल्लेबाजी दमदार लग रही है.

मध्यक्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन हालांकि चिंता का विषय है. मार्कस स्टोइनिस ने हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में नाबाद शतक लगाकर इस समस्या का भी हल निकाल दिया लगता है. स्टोइनिस ने 63 गेंद में 124 रन बनाये थे जिसकी मदद से लखनऊ ने छह विकेट से जीत दर्ज की. देवदत्त पड्डिकल , निकोलस पूरन और दीपक हुड्डा को हालांकि बेहतर प्रदर्शन करना होगा . गेंदबाजी में लखनऊ खेमा तेज गेंदबाज मयंक यादव के फिट होने की दुआ कर रहा होगा जो पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण कुछ मैचों से बाहर रहे हैं .

टीमें इस प्रकार हैं

राजस्थान रॉयल्स: संजू सैमसन (कप्तान), जोस बटलर, शुभम दुबे, शिम्रोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, रियान पराग, रोवमैन पॉवेल, कुणाल सिंह राठौड़, रविचंद्रन अश्विन, डोनोवन फरेरा, अवेश खान, ट्रेंट बोल्ट , नंद्रे बर्गर, युजवेंद्र चहल, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, आबिद मुश्ताक, तनुश कोटियन.

लखनऊ सुपर जाइंट्स: केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डी कॉक, निकोलस पूरण, आयुष बडोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के. गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम. सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मोहम्मद अरशद खान.

मैच का समय : शाम 7.30 से.

आप जीतकर ही ग्रुप में आत्मविश्वास लौटा सकते हैं: फाफ डू प्लेसिस

हैदराबाद: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के कप्तान फाफ डू प्लेसिस ने कहा कि मैच जीतकर कर ही आप ग्रुप में आत्मविश्वास ला सकते हैं. डुप्लेसी ने गुरुवार को कहा, पिछले दो मैचों में हमने अच्छी लड़ाई दिखाई है. सनराइजर्स हैदराबाद वाला मैच 270 अधिक था और हम 260 तक पहुंच गए. केकेआर मैच भी केवल एक रन से हारे. हम कुछ समय से करीब हैं लेकिन ग्रुप में आत्मविश्वास लाने के लिए आपको मैच जीतने की जरूरत होती है. हमारे लिए यह बड़ी जीत. जब आप जीत नहीं रहे होते हैं तो यह आपको मानसिक रूप से प्रभावित करता है, यह आपके आत्मविश्वास को प्रभावित करता है. आज की रात मैं अच्छे से सो पाउंगा. उन्होंने कहा, एकमात्र चीज जो आत्मविश्वास देती है वह है प्रदर्शन. प्रतियोगिता के पहले भाग में हमें लगा कि हम अपनी क्षमता के क़रीब नहीं हैं. और जब आप 50 प्रतिशत या 60 प्रतिशत पर खेल रहे होते हैं, तो आपको आत्मविश्वास नहीं मिलता है. प्रतियोगिता काफी कड़ी है, टीमें काफी मजबूत हैं तो यदि आप शतप्रतिशत पर नहीं होंगे तो आपको मुश्किल होगी. उन्होंने कहा, पिछले डेढ़ सप्ताह से हम यह सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं कि हम अपने खेल में बेहतर प्रदर्शन करें.

दीपिका सेमीफाइनल में, तीरंदाजों के चार पदक पक्के

शंघाई: मां बनने के बाद अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि कंपाउंड तीरंदाजों ने भारत का चौथा पदक पक्का कर दिया. विश्व रैंकिंग में 142वें स्थान पर खिसकी तीन बार की ओलंपियन दीपिका ने जियोन को 6-4 (27-28, 27-27, 29-28, 29-27, 28 -28) से हराया.

अब सेमीफाइनल में उनका सामना कोरिया की ही नैम सुहियोन से होगा. इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिश्रित टीम ने फाइनल में जगह बनाई. दुनिया की दूसरे नंबर की टीम ने पांच ही अंक गंवाते हुए मैक्सिको की आंद्रिया बेसेरा और लोट मैक्सिमो मेंडेज ओर्टिज को 155 . 151 से हराया. अब उनका सामना एस्तोनिया से होगा. ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो बुधवार को फाइनल में पहुंच गई. एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ज्योति पदक की हैट्रिक की दौड़ में है.

भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंच गए और कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में ज्योति तथा प्रियांश सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक की दौड़ में हैं. भारतीय टीम कंपाउंड पुरूष, महिला, मिश्रित और पुरूष रिकर्व टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंची है. ज्योति और वर्मा को पहले दौर में बाय मिला था जिसके बाद उन्होंने 160 में से 160 अंक बनाकर आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया ग्राहम और ब्रेंडन हावेस को आठ अंक से हराया. इसके बाद उन्होंने लक्जेमबर्ग की मारिया श्कोल्ना और जिलेस सेवर्ट को 155 . 151 से मात दी.

चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय रिकर्व मिश्रित टीम अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा को सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया के लिम और किम वूजिन ने 6-0 से हराया. अब वे कांस्य पदक के लिये मैक्सिको से खेलेंगे. रिकर्व में तरूणदीप राय क्वार्टर फाइनल में आंद्रेस तेमिनो से 3-7 से हार गए.

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम की नजरें थॉमस कप खिताब बरकरार रखने पर

चेंगडू (चीन): भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम शनिवार से शुरू हो रहे थॉमस कप में एकल खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के दम पर खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी जबकि उबेर कप में पीवी सिंधु के बिना युवा महिला टीम की नजरें भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ने पर लगी होंगी. दो साल पहले भारत ने पहली बार थॉमस कप जीतकर तहलका मचा दिया था. पुरुष वर्ग में यह टूर्नामेंट टीम विश्व चैम्पियनशिप की तरह है. अपेक्षाओं के दबाव के बिना भारत ने दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों को हराकर भारतीय बैडमिंटन के इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखा. अब एक बार फिर उन पर इस प्रदर्शन को दोहराने का दबाव होगा.

भारत को 'ग्रुप आफ डैथ' मिला है जिसमें कई बार की विजेता इंडोनेशिया, थाईलैंड और इंग्लैंड है. भारत को पहला मुकाबला थाईलैंड से खेलना है जिसमें मौजूदा विश्व चैम्पियन कुंलावुत वितिदसर्न और युवा पी तीरारात्साकुल हैं. तीसरी वरीयता प्राप्त इंडोनेशिया की टीम में जोनाथन क्रिस्टी और एंथोनी जिंटिंग जैसे सितारे हैं जो मार्च में आल इंग्लैंड फाइनल्स खेल चुके हैं. इनके अलावा मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान की सातवीं रैंकिंग वाली जोड़ी भी टीम में है. भारत के एच एस प्रणय ने कहा, यह वर्ष कठिन होगा. मौजूदा फॉर्म को देखते हुए अधिकांश टीमों में तीन मजबूत एकल खिलाड़ी और दो युगल खिलाड़ी हैं. दो साल पहले निर्णायक पांचवां एकल मुकाबला जीतने वाले प्रणय इस सत्र के पहले हाफ में फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद आये हैं.

उन्होंने हालांकि हाल ही में चीन के लू गुआंग जू को हराकर फॉर्म में लौटने के संकेत दिये हैं .लक्ष्य सेन फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड में सेमीफाइनल तक पहुंचे. दो साल पहले सभी छह मैच जीतने वाले किदाम्बी श्रीकांत 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 एशियाई खेलों में टीम चैम्पियनशिप फाइनल हार गए थे. तीसरे एकल की जिम्मेदारी प्रियांशु राजावत को भी दी जा सकती है जो बैंकाक में टीम का हिस्सा थे और पिछले साल ओरलियंस सुपर 300 खिताब जीता.

युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने विश्व टूर पर लगातार चार फाइनल जीते हैं. उनके अलावा ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर दूसरी जोड़ी होगी. उबेर कप में अष्मिता चालिहा भारत की युवा टीम की अगुवाई करेगी. भारत के धुरंधर खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर खेलने के लिये इस टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं. भारत को ग्रुप ए में कनाडा, चीन और सिंगापुर के साथ रखा गया है . टीम में चालिहा के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियन अनमोल खरब, ईशारानी बरूआ और तन्वी शर्मा है.

रोहमालिया रोहमालिया ने टी20 क्रिकेट में बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली: क्रिकेट में आए दिन रिकॉर्ड बनते और टूटते हैं. दिलचस्प आंकडे. हमेशा लुभावने होते हैं. कई बार तो ऐसा लगता है कि ये रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा लेकिन अगले ही पल क्या हो जाए कोई नहीं जानता. कई खिलाड़ी अपने प्रदर्शन को पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस को चौंका देते हैं. ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है. इस इंडोनेशियाई किशोरी ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है. इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में ये सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी हैं. दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने ये कारनामा कर दिखाया है. यहां गौर करने वाली बात ये है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर 7 विकेट हासिल किए, जो सभी टी20 इंटरनेशनल में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का आंकड़ा है. ऐसा आज तक कोई नहीं कर सका है.

आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स का सामना खराब फार्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से

नई दिल्ली: ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा . दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली . पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफ का उसका दावा पुख्ता हो जायेगा. दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई. अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिये अब एक हार भी भारी पड़ सकती है.

दिल्ली के लिये सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं . विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं . गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली. संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है. जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदश्रन की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फ बल्लेबाजी की है.

पिछले मैच में डेविड वॉर्नर की जगह खेलने वाले शाई होप कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की टीम में वापसी हो सकती है . ट्रिस्टन स्टब्स प्रभावी रहे हैं जबकि गुजरात के खिलाफ बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आने वाले अक्षर पटेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है. कुलदीप यादव और अक्षर ने स्पिन गेंदबाजी का कमाल दिखाया है लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा. तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया ने 14 के आसपास के इकॉनॉमी रेट से रन दिये हैं . खलील अहमद, मुकेश कुमार और ईशांत शर्मा भी प्रभावी नहीं रहे हैं.

मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफ ही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे. रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान किशन और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं. गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ट्रंपकार्ड रहे हैं जिन्होंने छह के करीब की औसत से 13 विकेट लिये हैं . दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने 10 . 10 की इकॉनॉमी रेट से 12 विकेट लिये हैं.

टीमें इस प्रकार हैं

मुंबई इंडियंस: हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड.

दिल्ली कैपिटल्स: ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप. **मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 पर शुरू होगा.**

पेरिस ओलंपिक्स की दौड़ में आगे बढ़े सिफ्ट और ऐश्वर्य

नई दिल्ली: सिफ्ट कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) में चार अन्य ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए लगातार ट्रेल जीते. राष्ट्रीय राजधानी में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में हुए ट्रायल में जहां सिफ्ट ने बाजी मारी, वहीं पुरुषों मेंऐश्वर्य प्रताप ने जीत दर्ज की. ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने 3पी टी2 फाइनल को फिनिश लाइन तक क्लासिक 0.22 स्क्रैप में जीतकर ओएसटी विजेता सूची में प्रवेश किया. मौजूदा एशियाई खेलों की चैंपियन, विश्व रिकॉर्ड धारक और पिछले कुछ समय से महिलाओं की 3पी में निर्विवाद रूप से भारत की नंबर एक खिलाड़ी सिफ्ट ने ओएसटी टी2 फाइनल में 465.1 का स्कोर किया और आशी चोकसी सिफ्ट से 2.4 से पीछे रह कर दूसरे स्थान पर रहीं. आशी के साथ शूट-ऑफ में दूसरे स्थान पर रहने के बाद अंजुम मौदगिल तीसरे स्थान पर रहीं. श्रीयंका सदांगी और निश्चल चौथे और पांचवें स्थान पर रहीं. पुरुषों के 3पी ओएसटी टी2 फ़ाइनल में एक और भारत के नंबर एक खिलाड़ी और पेरिस कोटा धारक ऐश्वर्य तोमर ने रोमांचक क्लाइमेक्स में जीत हासिल की. अंतिम शॉट की ओर बढ़ते हुए, ऐश्वर्या अखिल श्योराण से 0.1 से पीछे थे. उन्होंने अखिल के 9.9 के मुकाबले 10.6 का स्कोर किया और 463.6 के अंतिम स्कोर के साथ जीत हासिल की. एयर राइफल और एयर पिस्टल ओएसटी टी2 क्वालिफिकेशनचल रहे ओएसटी के आठवें दिन पुरुषों और महिलाओं के 10मीटर एयर राइफल और एयर पिस्टल टी2 क्वालिफिकेशन राउंड का भी क्वालिफिकेशन राउंड हुआ. पनैन्सी ने अपना उत्कृष्ट मौजूदा फॉर्म जारी रखते हुए 633.1 के स्कोर के साथ महिलाओं की एयर राइफल में शीर्ष स्थान हासिल किया. पुरुषों की स्पर्धा में संदीप सिंह मज़बूत 632.6 स्कोर के साथ सर्वश्रेष्ठ रहे.महिलाओं की एयर पिस्टल में, रिदम सांगवान 584 के स्कोर के साथ लीडर बोर्ड में शीर्ष पर रहीं, जबकि सरबजोत सिंह 581 के साथ पुरुषों की एयर पिस्टल क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहे .

न्यूज कॉर्नर

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.83 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली : लगातार दूसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज हुई है. देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में 2.28 अरब डॉलर लुढ़कर 640.33 अरब डॉलर रहा गया है.

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 19 अप्रैल को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा है. इससे पिछले हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार कई सप्ताह तक बढ़ने के बाद 5.40 अरब डॉलर घटकर 643.16 अरब रह गया था. इस दौरान मुद्रा भंडार का अहम घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.79 अरब डॉलर घटकर 560.86 अरब डॉलर रह गई है.आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान स्वर्ण भंडार का आरक्षित मूल्य 1.01 अरब डॉलर बढ़कर 56.81 अरब डॉलर पर पहुंच गया है. हालांकि, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.03 अरब डॉलर रह गया है. इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 20 लाख डॉलर घटकर 4.63 अरब डॉलर रह गई है.देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5 अप्रैल, 2024 को समाप्त हफ्ते में 648.56 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था.

चौथी तिमाही में मारुति सुजुकी का मुनाफा 47.8 फीसदी उछलकर 3,877.8 करोड़ रुपये

नई दिल्ली : देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजे का ऐलान कर दिया है. 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही में एमएसआईएल का मुनाफा 47.8 फीसदी की उछाल के साथ 3,877.8 करोड़ रुपये रहा है. कंपनी के बोर्ड ने शेयर धारकों को 125 रुपये प्रति शेयर डिविडेंट देने का ऐलान किया है.मारुति सुजुकी ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 47.8 फीसदी उछलकर 3,877.8 करोड़ रुपये रहा है. इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 2,623.6 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था. एमएसआईएल ने बताया कि कंपनी ने कहा कि बीते वित्त वर्ष में 20 लाख वाहन बेचे हैं, जो अबतक का सर्वाधिक रिकॉर्ड है.एमएसआईएल ने बताया कि कंपनी लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष निर्यातक बनी रही. अब भारत से होने वाले कुल यात्री वाहन निर्यात में इसका योगदान 41.8 फीसदी है. मारुति सुजुकी का शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1.7 फीसदी लुढ़कर 12,687.05 रुपये पर बंद हुआ है.

बैंक ऑफ महाराष्ट्र का मुनाफा 45 फीसदी बढ़कर 1,218 करोड़ रुपये

नई दिल्ली : बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) के नतीजों का ऐलान कर दिया है. 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में बैंक का मुनाफा 45 फीसदी की उछाल के साथ 1,218 करोड़ रुपये रहा. पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में बैंक को 840 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था.बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च को समाप्त चौथी तिमाही में बीओएम का मुनाफा 45 फीसदी की बढ़त के साथ 1,218 करोड़ रुपये रहा है. जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 6,488 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 5,317 करोड़ रुपये थी. बैंक के निदेशक मंडल ने चौथी तिमाही के शुद्ध लाभ में से 1.40 रुपये प्रति शेयर या 10 रुपये अंकित मूल्य का 14 फीसदी लाभांश की सिफारिश की है.सी तरह बैंक का ब्याज आय बढ़कर 5,467 करोड़ रुपये हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 4,495 करोड़ रुपये थी. वहीं, 31 मार्च 2024 तक बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घटकर सकल अग्रिम का 1.88 फीसदी हो गई, जो मार्च 2023 के अंत तक 2.47 फीसदी थी. इसके अलावा शुद्ध एनपीए भी 2024 के अंत में 0.25 फीसदी से घटकर अग्रिम का 0.20 फीसदी हो गया है.

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के वित्तीय प्रदर्शन की रेटिंग एजेंसी एसएंडपी, फिच ने की सराहना

नई दिल्लीः रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने 31 मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मजबूत प्रदर्शन के बाद वैश्विक रेटिंग एजेंसी एसएंडपी और फिच का विश्वास हासिल कर लिया है. एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स और फिच रेटिंग्स ने अलग-अलग बयान में कंपनी के वित्तिय प्रदर्शन के चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी मजबूत रहने की बात कही है.बयान के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) की मजबूत कमाई पर अंकुश रहेगा क्योंकि कंपनी वृद्धि की महत्वाकांक्षाओं को आगे बढ़ा रही है. हमें उम्मीद है कि कंपनी की ऋण से लेकर कर पूर्व आय अनुपात की रेटिंग (बीबीबी+/स्थिर/--) के अनुरूप रहेगी.'' एसएंडपी ने कहा, ''आरआईएल की कमाई को पिछले निवेशों से फायदा होगा. हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी की समायोजित कर पूर्व आय दो से चार प्रतिशत बढ़ेगी.'' इस बीच फिच रेटिंग्स ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में आरआईएल की कर पूर्व आय सालाना आधार पर आठ प्रतिशत बढ़ेगी. वित्त वर्ष 2025-26 में 14 प्रतिशत बढ़ेगी...''

डेलॉयट इंडिया ने भारत की जीडीपी वृद्धि 6.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया

नई दिल्ली : वित्तीय परामर्श कंपनी डेलॉयट इंडिया ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फी फीसदी रहने का अनुमान जताया है. डेलॉयट ने निर्यात में तेजी और पूंजी प्रवाह को इसकी मुख्य वजह बताया है.डेलॉयट इंडिया ने शुक्रवार को भारत की आर्थिक परिदृश्य पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.6 फीसदी रहने का अनुमान है. रिपोर्ट के मुताबिक मध्यम आय वर्ग की तेज वृद्धि से क्रय शक्ति बढ़ी है. प्रीमियम लक्जरी उत्पादों एवं सेवाओं की मांग भी उत्पन्न हुई है.वित्तीय परामर्श कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के पूर्वानुमान को भी संशोधित कर 7.6 फीसदी से 7.8 फीसदी के बीच कर दिया है. डेलॉयट ने जनवरी में पिछले वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.9 से 7.2 फीसदी की सीमा में रहने का अनुमान जताया था.

शेयर बाजार की तेजी पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स ऊपरी स्तर से 900 अंक लुढ़का

बाजार की कमजोरी के बावजूद निवेशकों ने कमाए 17 हजार करोड़ रुपये

नई दिल्ली : घरेलू शेयर बाजार में पिछले पांच कारोबारी दिन से जारी तेजी के सिलसिले पर आज ब्रेक लग गया. मुनाफावसूली के दबाव और कमजोर वैश्विक संकेतों की वजह से घरेलू शेयर बाजार आज बड़ी गिरावट के साथ बंद हुआ. आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई लेकिन दिन के कारोबार में बाजार पर ज्यादातर समय मंदड़ियों का दबाव बना रहा. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.82 प्रतिशत और निफ्टी 0.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए.आज के कारोबार के दौरान रियल्टी, फार्मास्यूटिकल, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस और आईटी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही. दूसरी ओर ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग और मेटल सेक्टर के शेयरों पर लगातार दबाव बना रहा. ब्रॉडर मार्केट में आज खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.83 प्रतिशत उछल कर रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.27 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया.आज बाजार में गिरावट आने के बावजूद मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 404.35 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया. हालांकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 4.18 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 17 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,913 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,011 शेयर बढ़त के साथ बंद

हुए जबकि 1,773 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 129 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,195 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,102 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,093 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर बढ़त के साथ और 24 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. निफ्टी में शामिल शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में बंद हुए.बीएसई का सेंसेक्स आज 169.87 अंक की मजबूती के साथ 74,509.31 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही इस सूचकांक में मामूली तेजी आई, जिससे सेंसेक्स 74,515.91 अंक तक पहुंच गया. इसके बाद बाजार पर पूरी तरह से मंदड़ियों का कब्जा हो गया, जिसके कारण ये सूचकांक लगातार गिरता चला गया. लगातार हो रही बिकवाली के दबाव के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से करीब 900 अंक टूट कर 722.79 अंक की कमजोरी के साथ 73,616.65 अंक के स्तर तक पहुंच गया. हालांकि आखिरी वक्त में हुई मामूली खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स निचले स्तर से 100 अंक से अधिक की रिकवरी करके 609.28 अंक की कमजोरी के साथ 73,730.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ.सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 50.05 अंक की तेजी के साथ 22,620.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलने के बाद से ही बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से ये सूचकांक लगातार नीचे गिरता चला गया. लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से 230 अंक से अधिक टूट कर 184.80 अंक की कमजोरी के साथ 22,385.55 अंक तक पहुंच गया. पूरे दिन के कारोबार के बाद निफ्टी 150.40 अंक की गिरावट के साथ 22,419.95 अंक के स्तर पर बंद हुआ.दिन भर हुई खरीद बिक्री के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टेक महिंद्रा 7.43 प्रतिशत, डिवीज लेबोरेट्रीज 4.49 प्रतिशत, एलटी माइंडट्री 3.31 प्रतिशत, बजाज ऑटो 2.74 प्रतिशत और बीपीसीएल 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए. बजाज फाइनेंस 7.73 प्रतिशत, बजाज फिनसर्व 3.52 प्रतिशत, इंडसइंड बैंक 3.32 प्रतिशत, नेस्ले 3.12 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ आज के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए.

सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोने और चांदी की बढ़ी चमक

नई दिल्ली : घरेलू सर्राफा बाजार में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी नजर आ रही है. इस कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर या इससे ऊपर कारोबार कर रहा है. इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर बिक रहा है. दिल्ली सर्राफा बाजार में मजबूती के साथ चांदी ने 84,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार किया.देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई. इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,690 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है.अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है. इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है. लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ 83.35 प्रति डॉलर पर बंद

मुंबईः अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को सात पैसे की गिरावट के साथ 83.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ. विदेशों में डॉलर के मजबूत होने और घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली से स्थानीय मुद्रा प्रभावित हुई. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और जोखिम से बचने की धारणा ने स्थानीय मुद्रा को प्रभावित किया. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला. दिन में उसने 83.30 से 83.36 प्रति डॉलर के बीच कारोबार किया. अंत में 83.35 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से सात पैसे कम है. रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 83.28 पर बंद हुआ था. शेयरखान बाई बीएनपी परिबा के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''कमजोर घरेलू बाजार और कच्चे तेल के दाम में तेजी से रुपये में गिरावट आई. हमारा अनुमान है कि पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने और घरेलू शेयर बाजार में कमजोर रुख से रुपया हल्के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा.'' उन्होंने कहा, ''कच्चे तेल के दाम में तेजी तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी रुपए पर और दबाव डाल सकती है. हालांकि रिजर्व बैंक अगर कोई हस्तक्षेप करता है तो रुपए को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है....'' वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.38 प्रतिशत चढ़कर 89.35 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर रहा. इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.49 पर रहा.

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली : अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव लगातार जारी है. ब्रेंट क्रूड 90 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है. हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है.इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका है. मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है. वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है.अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.35 डॉलर यानी है.

सरकार को महंगाई घटने का भरोसा, अच्छे संकेत दे रहे मॉनसून के अनुमान

नई दिल्लीः सरकार 2024 में मॉनसूनी बारिश सामान्य से ऊपर रहने के अनुमान के बीच खाद्य वस्तुओं की कीमत कम होने की उम्मीद कर रही है. गुरुवार को जारी वित्त मंत्रालय की मार्च की मासिक आर्थिक रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आगे चलकर विदेशी मुद्रा की तेज आवक और व्यापार घाटा अनुकूल रहने के कारण रुपए के बेहतर दायरे में रहने का अनुमान है. आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मासिक रिपोर्ट में कहा गया है, 'आने वाले समय में खाद्य कीमत में और कमी की संभावना है क्योंकि मौसम विभाग ने मॉनसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया है. इसकी वजह से बारिश के बेहतर वितरण रहने पर उत्पादन अधिक रह सकता है.'वित्त मंत्रालय ने कहा है कि वित्त वर्ष 2023-24 में खुदरा महंगाई दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है और यह कोविड-19 महामारी के बाद के निचले स्तर पर पहुंच गई है. खाद्य महंगाई फरवरी में 8.7 फीसदी थी, जो मार्च में घटकर 8.5 फीसदी पर आ गई. हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को अर्थव्यवस्था की स्थिति पर अपनी रिपोर्ट में सावधानी का रुख अपनाया है. रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई 4 फीसदी के लक्ष्य पास पहुंच

रही है लेकिन मौसम खराब रहने, कच्चे तेल की कीमत बढ़ने और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के कारण महंगाई का जोखिम बना हुआ है.मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत का आर्थिक प्रदर्शन मजबूत रहा है, इससे सभी सेक्टरों में बेहतर प्रदर्शन के संकेत मिलते हैं. इससे वैश्विक विकास में भारत की महत्त्वप्रूण भूमिका की दावेदारी बनती है. रिपोर्ट में कहा गया है, 'अंतरराष्ट्रीय संगठनों और रिजर्व बैंक के चालू वित्त वर्ष के ग्रोथ ऑउटलुक के आकलन के मुताबिक भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना हुआ है.'वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रमुख संकेतकों से पता चलता है कि मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस दोनों क्षेत्रों के विस्तार से कुल मिलाकर आर्थिक गतिविधियों में तेजी बनी रहेगी. इसमें कहा गया है, 'भू-राजनीतिक तनाव चिंता का विषय बना हुआ है. लेकिन हाल के घटनाक्रम के बावजूद जोखिम की धारणा नरम पड़ी है, जिससे वृद्धि की संभावना बढ़ी है.' वित्त मंत्रालय उम्मीद कर रहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाओं के व्यापक इस्तेमाल के साथ व्यापार घाटा आने वाले वर्षों में कम होगा, भले ही वैश्विक व्यापार में सुस्ती से चुनौतियां सामने आ रही हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक व्यापार में सुस्ती के बीच इलेक्ट्रॉनिक्स के सामान देश के निर्यात बॉस्केट में अहम बनकर उभरे हैं.मासिक रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत के कुल निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स सामान की हिस्सेदारी 6.7 फीसदी थी. यह 2022-23 के 23.6 अरब डॉलर से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 29.1 अरब डॉलर हो गया है. मासिक समीक्षा में कहा गया है कि ईएफटीए ट्रेड ऐंड इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट जैसे रणनीतिक व्यापार समझौतों से वैश्विक व्यापार में विस्तार को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का पता चलता है.

आर्जस स्टील में 80 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी संदुर मैंगनीज

मुंबई/नई दिल्ली : माइनिंग कंपनी संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड (एसएमआईओआरई) ने शेयर खरीद समझौते के माध्यम से आर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड (एएसपीएल) में 80 फीसदी हिस्सेदारी खरीदेगी. कंपनी के निदेशक मंडल ने इस सौदे के लिए अपनी मंजूरी दे दी है.

कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने शेयर खरीद समझौते के तहत एएसपीएल के 80 फीसदी इक्विटी शेयर खरीदने के रणनीतिक कारोबारी अधिग्रहण को अपनी मंजूरी दे दी है. हालांकि,

कंपनी ने सौदे के वित्तीय विवरण का खुलासा नहीं किया है.

आर्जस स्टील प्राइवेट लिमिटेड (एएसपीएल) का उद्यम मूल्य 3,000 करोड़ रुपये है.

संदुर मैंगनीज ने नियामक फाइलिंग में बताया कि वह एएसपीएल की बाकी बचे हुए 19.12 फीसदी हिस्सेदारी को बीएजी होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड से खरीदेगी. यह कंपनी संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओर्स लिमिटेड के एक प्रवर्तक बहिरजी ए घोरपड़े की है. यह सौदा सात महीनों में होने की संभावना है.

एसएमआईओआरई के प्रबंध निदेशक (एमडी) घोरपड़े ने कहा कि यह अधिग्रहण कंपनी के लिए मील का पत्थर है.

यह अधिग्रहण हमें खनिज कारोबार से एक एकीकृत जिंस उत्पादक के रूप में हमारे रणनीतिक बदलाव के करीब ले जाएगा.

उल्लेखनीय है कि संदुर मैंगनीज एंड आयरन ओरेस लिमिटेड कर्नाटक की एक माइनिंग कंपनी है. इसकी स्थापना 1954 में हुई थी.

यह कर्नाटक के होसपेटे-बेल्लारी क्षेत्र में कम फॉस्फोरस मैंगनीज और लौह अयस्क का खनन करती है.

यह भारत में तीसरा सबसे बड़ा मैंगनीज़ अयस्क खननकर्ता है.

आर्जस एक पूरी तरह से एकीकृत विशेष स्टील कंपनी है, जो विशेष स्टील उत्पादों के शीर्ष 5 निर्माताओं में से एक है.

पेज 1 से जारी

भारी मात्रा में हथियार...

लोगों को हटाकर इलाके को खाली कराया गया.

कोलकाता से 100 किमी दूर सुंदरबन के सीमावर्ती इलाकों में बसा संदेशखाली में पिछले एक साल से हिंसा जारी है. दरअसल, गांव की महिलाओं ने बीते दिनों आरोप लगाए थे कि टीएमसी नेता शाहजहां शेख और अन्य टीएमसी नेताओं ने उनकी जमीनों पर कब्जा कर लिया और कुछ महिलाओं ने टीएमसी नेताओं पर यौन शोषण के भी आरोप लगाए थे. इसे लेकर संदेशखाली में महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन किया. भाजपा कार्यकर्ता भी संदेशखाली में प्रदर्शन कर रहे हैं. शाहजहां शेख राशन घोटाले में आरोपी है और बीते दिनों ईडी टीम पर हुए हमले में भी शाहजहां शेख आरोपी है. वहीं बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भाजपा पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया था.

साल में दो बार...

बोर्ड परीक्षाओं के दो संस्करण आयोजित करने का विचार किया जा रहा है, लेकिन तौर-तरीकों पर अभी भी काम करने की जरूरत है. हालांकि, सेमेस्टर सिस्टम को लागू करने की कोई योजना नहीं है.पिछले साल शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित न्यू करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) के अनुसार बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार आयोजित की जाएंगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों के पास प्रदर्शन सुधारने के लिए पर्याप्त समय और अवसर हो.

हाईकोर्ट की सीएम ...

हथियाने की कोशिश कर रहे हैं, इसीलिए आपको सत्ता नहीं मिल रही है.दिल्ली सरकार के वकील शादान फरासत ने कहा कि उन्हें शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज से निर्देश मिले हैं कि एमसीडी की स्थायी समिति की अनुपस्थिति में एक उपयुक्त प्राधिकारी को अधिक शक्तियां सौंपने के लिए मुख्यमंत्री की सहमति की आवश्यकता होगी जो वर्तमान में हिरासत में हैं. इस दलील पर एसीजे मनमोहन ने जवाब दिया कि यह कोई बहाना नहीं हो सकता है और यह भी कहा कि उच्च न्यायालय ने खुद अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने के निर्देश देने की मांग करने वाली विभिन्न याचिकाओं को खारिज कर दिया था.

लोकसभा चुनाव के...

चुनाव आयोग की भी चिंता बढ़ा दी है. खासकर हिंदी भाषी राज्यों में तो मतदाता वोटिंग को लेकर जैसे नीरस हो गए हैं. इससे पहले 2014 और 2019 में अच्छी-खासी तादाद में लोगों ने वोट किया था, लेकिन इस बार मतदाताओं में वो जोश देखने को नहीं मिल रहा है.

उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा 80 लोकसभा की सीटें हैं, लेकिन वहां के वोटरों में चुनाव को लेकर उत्साह नहीं दिख रहा है. पहले चरण में जहां 57 प्रतिशत वोट पड़े, वहीं दूसरे चरण में महज 54.8 फीसदी लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. जानकारों का मानना है कि किसके पक्ष में ज्यादा वोट गया है ये इस इस ट्रेंड से निकालना काफी मुश्किल है. चुनाव और राजनीतिक रूप से सजग कहे जाने वाले बिहार में भी इस बार मतदाता वोट को लेकर काफी नीरस दिख रहे हैं. पहले चरण में जहां 48 फीसदी लोगों ने वोट किया, वहीं दूसरे चरण में 54.9 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. कई लोग बिहार में कम वोटिंग प्रतिशत को मौसम और पलायन से जोड़कर भी देख रहे हैं.पूरे उत्तर भारत में इन दिनों मौसम का तापमान काफी बढ़ गया है. लू और गर्म हवाओं ने लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त किया हुआ है. लोगों के वोट करने को लेकर घर से बाहर नहीं निकलने की ये भी एक वजह बताई जा रही है. वहीं चुनाव में विपक्षी पार्टियों की कम सक्रियता से भी कम वोटिंग प्रतिशत को जोड़कर देखा जा रहा है. वहीं आजकल के चुनाव में फिजिकल प्रचार की बजाय सोशल मीडिया का ज्यादा इस्तेमाल भी वोटिंग ट्रेंड को कम कर रहा है. मतदान प्रतिशत कम होने से कम मार्जिन वाली सीटों पर इसका सीधा असर पड़ता है. 2019 में 75 सीटों पर नजदीकी मुकाबला था. ऐसे में परिणाम किसी भी तरफ झुक सकता है. कुछ जानकारों का कहना है कि कम मतदान से सत्ताधारी दलों को फायदा हो सकता है, क्योंकि लोगों की सोच होती है कि सरकार अच्छा काम कर रही है और वो बदलाव नहीं चाहते. इसीलिए वो वोट के लिए घर से बाहर नहीं निकलते.पिछले 12 में से 5 चुनावों में वोटिंग प्रतिशत कम हुए हैं और इनमें से चार बार सरकार बदली है. 1980 के चुनाव में मतदान प्रतिशत कम हुआ और जनता पार्टी को हटाकर कांग्रेस ने सरकार बनाई. वहीं 1989 में मत प्रतिशत गिरने से कांग्रेस की सरकार चली गयी. केंद्र में बीपी सिंह के नेतृत्व में सरकार बनी. 1991 में भी मतदान में गिरावट के बाद केंद्र में कांग्रेस की वापसी हुई. हालांकि 1999 में वोटिंग प्रतिशत में गिरावट के बाद भी सत्ता नहीं बदली. वहीं 2004 में एक बार फिर मतदान में गिरावट का फायदा विपक्षी दलों को मिला.

तृणमूल के नेता ...

मोदी ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस का शासन घोटालों का पर्याय है, बंगाल में लोगों को हर चीज के लिए 'कट मनी' देना पड़ता है. पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी के राज में बंगाल में एक ही चीज चलती - हजारों करोड़ के स्कैम. घोटाले तृणमूल करती है और भुगतान बंगाल की जनता को करना पड़ता है. पीएम मोदी ने कहा कि मां-माटी-मानुष की बात कहकर सत्ता में आई टीएमसी ने सबसे बड़ा विश्वासघात यहां की महिलाओं से ही किया है. जब भाजपा सरकार ने मुस्लिम बहनों को अत्याचार से बचाने के लिए तीन तलाक खत्म किया, तो तृणमूल ने इसका विरोध किया. संदेशखाली में महिलाओं पर इतने अत्याचार हुए और तृणमूल सरकार आखिर तक मुख्य आरोपी को बचती रही.

वरुण गांधी ने भाजपा...

भाजपा नेतृत्व की ओर से वरुण गांधी से संपर्क किया गया और उन्हें रायबरेली सीट से चुनाव लड़ने का ऑफर दिया. इस पर वरुण गांधी ने विचार करने के लिए समय मांगा. हाल ही में वरुण गांधी ने रायबरेली से चुनाव लड़ने का ऑफर को इनकार कर दिया. सूत्रों के अनुसार, आंतरिक सर्वे में दिनेश सिंह, ब्रजेश पाठक, विनय कटियार जैसे संभावित प्रत्याशियों पर पार्टी के पक्ष में नहीं आते हुए दिखाई दिए. जिसके बाद वरुण गांधी को रायबरेली सीट से लड़ने के लिए कहा गया, लेकिन वरुण गांधी ने इस सीट से चुनाव लड़ने से मना कर दिया. बता दें कि रायबरेली सीट कांग्रेस का गढ़ मानी जाती है. यहां से सोनिया गांधी लगातार चार बार सांसद रही हैं.

वायनाड से चुनाव हार रहे राहुल गांधी दूसरी सीट की तलाश में- अनुराग ठाकुर

नई दिल्लीःकेंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे वायनाड से चुनाव हार रहे हैं

न्यूज कॉर्नर

लोडेड पिस्टल के साथ चार अपराधी गिरफ्तार

पूर्वी चंपारणः पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मोतिहारी शहर से सटे रघुनाथपुर से चार अपराधियों को लोडेड पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार अपराधियों में गोविंदगंज थाना क्षेत्र का प्रिंस कुमार,रघुनाथपुर का गुरु भूषण कुमार उर्फ सौरभ कुमार , संग्रामपुर थाना क्षेत्र का शुभम सिंह एवं रघुनाथपुर थाना क्षेत्र का प्रिंस कुमार शामिल है. उक्त अपराधियों के पास से एक पिस्तौल,एक मैगजीन व दो जिंदा कारतूस बरामद किया गया है. इस संबंध में एएसपी शिखर चौधरी ने बताया है कि सभी अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए थे,जिसकी भनक पुलिस को लग गई और चारो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया. बताया गया है कि प्रिंस कुमार के विरुद्ध रघुनाथपुर तुरकौलिया में वर्ष 2018 में चोरी का मामला दर्ज है. वर्ष 2018 में ही गुरुभूषण के खिलाफ भी तुरकौलिया थाने में एक चोरी का केस दर्ज किया गया था. पुलिस टीम में एएसपी के अलावा रघुनाथपुर थाना प्रभारी विकास कुमार पासवान सहित सशस्त्र बल शामिल थे.

दरभंगा में आग से एक ही परिवार के 06 लोगों की मौत

पटनाः बिहार में आग का तांडव जारी है. शुक्रवार देर रात दरभंगा जिले के बहेड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अंटोर गांव में एक शादी समारोह में सिलेंडर व डीजल के स्टॉक में हुए विस्फोट की वजह से एक ही परिवार के 06 लोगो की मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक दरभंगा जिले के अंटोर गांव में गुरुवार मध्य रात्रि में रामचंद्र पासवान के घर में रखे डीजल स्टॉक में सिंलेडर विस्फोट के बाद लगी आग में उनके परिवार के 06 लोगों की मौत हो गई. साथ ही तीन मवेशियों की भी जान चली गई. शादी समारोह के लिए बनाए शामियाने में आग लग गयी और उसकी चपेट में आधा दर्जन से अधिक लोग आ गए. घटना अलीनगर प्रखंड के बहेड़ा थाना अंतर्गत अंटोर गांव की है. दरभंगा के जिलाधिकारी राजीव रौशन ने शुक्रवार को बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और सरकारी स्तर पर पीड़ित परिवार को सभी प्रकार की मदद की जा रही है. इस घटना में 6 लोगों की मौत हुई है. आग की चपेट में आने से तीन मवेशियों की भी मौत हुई है.

पप्पू यादव के चार समर्थक डमी ईवीएम के साथ पकड़ा गया

पूर्णियाः सहायक खजांची के पुलिस पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के द्वारा रजनी चौक पर वाहन चेकिंग के दौरान एक महिंद्रा जीप (थार) में बैठे चार व्यक्तियों के पास से तीन डमी ईवीएम बरामद किया . जिसमे से तीन बाहरी जिला गोपालगंज से चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए आए हुए थे . डमी ईवीएम के साथ गिरफ्तार व्यक्ति का नाम शमशुल हक अजाद पिता शोएब रहमान सा सरैया थाना गोपालगंज , विजय प्रताप सिंह पिता स्व नंदकिशोर सिंह सा. रूपनछाप थाना बरौली, रूकसार अहमद पिता मो हफीज सा. बगहा थाना थावे. अरविन्द साह पिता रामदेव साह सा शिवपुरी भट्टा बाजार थाना सहायक खजांची जिला पूर्णिया के विरूद्ध चुनाव आचार संहिता में दिए गए निर्देशों का पूर्ण रूप से उल्लंघन करने के आरोप में गिरफ्तार कर पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. इस मामले की जांच चल रही है.

बरेली में ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बरेली : बदायूं से बरेली आ रहे बाइक सवार को तेज गति से जा रहे हैं ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को इसकी सूचना दे दी. पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद हरीश कुमार ने बताया कि जिला शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर के गांव बिनौरा निवासी उसके चाचा पोशाकी लाल खुदागंज बरेली में अपने रिश्तेदार के यहां एक फंक्शन में शामिल होने जा रहे थे. इस दौरान खटेली के पास उन्हें तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी. जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई. घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

आपसी विवाद में दंपत्ति ने कीआत्महत्या

पटना: राजधानी पटना के बेऊर थाना क्षेत्र में एक दंपत्ति ने आत्महत्या कर ली है. आत्महत्या करने का कारण आपसी विवाद बताया जाता है. बताया जाता है कि पति ने आत्महत्या करने से पहले पत्नी के हाथ की नस काट दी और उसका खून घर में मौजूद शंकर भगवान की तस्वीर पर चढ़ा दी थी. उसके बाद पति ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली. पत्नी का शव बेड पर पाया गया और पति का शव पंखे से झूल रहा था. 6 साल की बच्ची ने जब देर रात यह नजारा देखा तो दंग रह गई. उसने अपने परिजनों को फोन किया और परिजनों ने पुलिस को फोन किया. पुलिस वहां पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेजी है. इस दौरान पति का एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है. पति ने सुसाइड नोट अपने दोस्त के नाम लिखा है. इसमें पति ने कहा है कि दोस्त हम दोनों का शव मिलने के बाद अंतिम संस्कार कर देना और बच्ची को किसी अनाथालय में पहुंचा देना. हमारे परिवार को इसके बारे में नहीं बताना. परिजनों ने बताया कि युवक की दूसरी शादी हुई थी. पहली पत्नी से उसे एक 6 साल की बेटी थी. 8 माह पहले किराए के मकान में बेऊर थाना क्षेत्र आया था और यहीं रह रहा था. तब से पति-पत्नी में विवाद भी चल रहा था. रात में पत्नी ने बेटी के सारे कपड़े घर के बाहर फेंक दिए थे. सुबह परिजनों ने पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी. फिलहाल पूरे मामले की तफ्तीश पुलिस कर रही है और पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर सच्चाई क्या है. वहीं पटना बेऊर थाना क्षेत्र में दम्पति आत्महत्या केस इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है. बेऊर थाना अध्यक्ष सुनील कुमार ने कहा कि सूचना मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है.

मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं कांग्रेस और सहयोगी दल : सीएम योगी

लखनऊः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं.

अपने पांच कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री योगी ने जनता को कांग्रेस के घोषणा पत्र के प्रति आगाह किया और उसे भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए घातक बताया. मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और सहयोगी दल देश की राजनीति का तालिबानीकरण करने पर उतारू हो चुके हैं. माओवादी दुष्प्रवृत्ति को फिर से लागू करने का प्रयास किया जा रहा है. पर्सनल लॉ के जरिए तीन तलाक जैसी कुप्रथा को पुनर्स्थापित करके महिलाओं का अपमान करने का प्रयास किया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि इसीलिए इन मुद्दों को आज के परिप्रेक्ष्य में भाजपा पुरजोर तरीके से उठाकर इसका विरोध कर रही है. यहां जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार योगी ने कहा कि कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में देश के तालिबानीकरण से लेकर जनता की संपत्ति और पर्सनल लॉ जैसे मुद्दों को समर्थन देकर मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहती है. चुनाव में अप्रासंगिक मुद्दे उठने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा शुरू से ही विकास, सुरक्षा और सुशासन के मुद्दे के साथ चुनाव में उतरी थी. उन्होंने कहा कि पहले चरण का मतदान इन्हीं मुद्दों पर हुआ, मगर विपक्षी गठबंधन के सबसे महत्वपूर्ण घटक कांग्रेस के घोषणापत्र ने पूरे देश का ध्यान अपनी ओर खींचा है. उन्होंने कहा कि भाजपा हर हाल में इसका पुरजोर विरोध करेगी.

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के सलाहकार सैम पित्रोदा का वक्तव्य सबने पढ़ा है और संप्रग सरकार के दौरान रंगनाथ मिश्रा कमेटी और सच्चर कमेटी की रिपोर्ट कांग्रेस लेकर आई थी. उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार पिछड़े वर्ग के आरक्षण में जबरदस्ती मुस्लिमों को डालकर ओबीसी के अधिकार का बंदरबांट कर रही है. उन्होंने कहा विरासत टैक्स, संपत्ति का एक्स-रे कराने की बात, संपत्ति को कब्जे में लेने की बात करके ये लोग मजहबी आधार पर देश के विभाजन की आधारशिला रखना चाहते हैं.

बिना विकास के मोदी जी के नाम पर कब तक जनता देगी वोटः पवन सिंह

पटनाः बिहार के काराकाट लोकसभा सीट से भोजपुरी स्टार पवन सिंह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनावी मैदान में उतर चुके हैं. इस बीच शुक्रवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान पवन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पर निशाना साधा. उन्होंने एक बार फिर कहा कि वो अपनी मां के आशीर्वाद से चुनावी मैदान में हैं और किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे. पवन सिंह ने बताया कि वो 9 मई को नामांकन करेंगे. बता दें कि पवन सिंह को लेकर कहा जा रहा था कि बीजेपी उन्हें मनाने में लगी है और मनोज तिवारी इसके लिए खुद लगे हैं. इस बीच पवन सिंह ने साफ कह दिया है कि पीछे हटने का सवाल ही नहीं है. उन्होंने कहा किपलीज;यदि विकास के काम पर ध्यान नहीं देंगे तो कब तक मोदी जी के नाम पर जनता वोट देगी. मीडिया के साथ भोजपुरी में बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पवन त पवन हइए है, कौन रोक सकता है. गौरतलब है कि बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने कहा था कि वो पवन सिंह को मनाएंगे. पवन सिंह राष्ट्रवादी हैं और भटक गए हैं. इस पर पवन सिंह ने कहा कि पीछे हटने का सवाल ही नहीं उठता. उन्होंने कहा कि जनता से बड़ी कोई शक्ति नहीं है. पवन सिंह ने दावा करते हुए कहा है कि काराकाट में जो आशीर्वाद मिल रहा है, उससे वह गदगद हैं. उन्होंने भोजपुरी एक्टर खेसारी लाल यादव को लेकर कहा कि वह छोटा भाई है. चुनाव प्रचार करने आएगा. छोटे भाई को जरूर बुलाएंगे.

लालू यादव की आरजेडी पर बरसे नीतीश कुमार

काम हम किए और वोट वो ले जाएंगे क्या ?

मुंगेरः बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर लालू एवं तेजस्वी यादव की आरजेडी पर निशाना साधा है. मुंगेर में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि 2005 से लेकर अब तक काम हमने किया है, तो वोट वो (आरजेडी) ले जाएंगे क्या. वे जाति के आधार पर वोट मांग रहे हैं. नीतीश ने लोगों से कहा कि वे जाति को देखकर नहीं बल्कि काम के आधार पर वोट डालें. पीएम नरेंद्र मोदी ने जेडीयू प्रत्याशी ललन सिंह के समर्थन में मुंगेर में शुक्रवार को एनडीए की रैली को संबोधित किया. पीएम मोदी से पहले मुख्यमंत्री नीतीश ने मंच से भाषण दिया.

नीतीश कुमार ने आरजेडी शासन काल के पुराने दौर की याद दिलाते हुए कहा कि पहले लोगों को काफी परेशानी होती थी. 2005 में जब वह सत्ता में आए तो हालात बदल गए. बीते 10 सालों में मोदी सरकार के साथ बिहार का तेजी से विकास हुआ. उन्होंने आरजेडी पर निशाना साधते हुए कहा कि 2005 से पहले 15 साल आरजेडी और फिर उससे पहले कांग्रेस को मौका मिला था. मगर उन्होंने कुछ काम नहीं किया.

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि बीच में एक-दो बार उन्होंने लालू एवं तेजस्वी यादव को मौका दिया, मगर वे गड़बड़ करने लगे तो फिर से हटा दिया. ये दाएं-बाएं करके धंधा करने की बात करते हैं. इनका मकसद सिर्फ अपनी कमाई करना है. सीएम ने लालू यादव का नाम लिए बिना परिवारवाद पर भी निशाना साधा. उन्होंने कहा कि ये लोग अपने बाल-बच्चों को आगे बढ़ा रहे हैं. जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा नहीं किया और ना ही मैंने कभी अपने परिवार वालों को आगे बढ़ाया. मुंगेर से आरजेडी प्रत्याशी अनिता देवी पर सवाल उठाते हुए सीएम नीतीश ने कहा कि महागठबंधन ने जाति के आधार पर यहां कैंडिडेट उतारा है. मौजूदा सांसद एवं जेडीयू उम्मीदवार ललन सिंह ने क्षेत्र में खूब काम किया. सारा काम हम लोगों ने किया और ये लोग जाति के आधार पर वोट मांग रहे हैं. बता दें कि अनिता देवी डॉन अशोक महतो की पत्नी हैं.

ओपी श्रीवास्तव ने दाखिल किया नामांकन पत्र

लखनऊ : लखनऊ पूर्वी विधानसभा सीट उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया. इस दौरान महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रस्तावक त्रिलोक अधिकारी, महानगर महामंत्री,अरुण कुमार तिवारी पार्षद राजीव गांधी द्वितीय वार्ड साथ में उपस्थित रहे. बता दें कि इससे पहले भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारियो, कार्यकर्ताओं के साथ अपना नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे. इससे पहले भाजपा प्रत्याशी आज सुबह अपने घर से हनुमान सेतु मंदिर पहुंचे जहां दर्शन-पूजन करने के बाद वो कलेक्ट्रेट की ओर रवाना हुए. बीजेपी प्रत्याशी के नामांकन जुलूस में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, लखनऊ महापौर सुषमा खर्कवाल, बीजेपी युवा नेता नीरज सिंह, एमएलसी, लखनऊ के चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, लखनऊ महानगर भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सुधीर हलवासिया सहित भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे.

कटिहार में दो किशोरी की डूबने से मौत, तीसरे की हालत नाजुक

रेलवे फिल्टर हाउस में नहाने के दौरान हादसा

कटिहार: बिहार के कटिहार में दो किशोरी की डूबने से मौत हो गई. मामला जिले के सहायक थाना क्षेत्र का है. जहां रेलवे फिल्टर हाउस में नहाने के दौरान दो किशोरी समेत एक युवक डूब गया. इस दौरान दोनों किशोरी की तो मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, युवक को गंभीर हालत में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

मिली जानकारी के अनुसार, जिले के सहायक थाना क्षेत्र में मौजूद रेलवे फिल्टर हाउस में नहाने के दौरान दो किशोरी समेत तीन लोग डूब गए. इस दौरान दोनों किशोरी की मौके ए वारदात पर ही मौत हो गयी, जबकि पानी मे डूबे युवक को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला गया, जिसे गंभीर हालात में इलाज के लिये कटिहार सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. वहीं, मामले की जानकारी मिलते ही पहुंची पुलिस ने अग्रतर कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया है. साथ ही और मामले की अनुसंधान शुरू कर दी है.

बताया जा रहा कि सहायक थाना क्षेत्र में मौजूद रेलवे फिल्टर हाउस जहां से रेल कर्मचारियों के क्वार्टरों में पानी का सफ्लाई होता हैं, वहां तीनों लोग तेज तपिश से निजात पाने के लिए चुपके से नहाने पहुंचे थे.

इस दौरान जैसे ही तीनों एक-एक कर पानी मे उतरे की उनका पैर फिसल गया और वह अनियंत्रित होकर गहरे पानी में चले गए. इस हादसे में दोनों किशोरी की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि तीसरे की ज्यादा पानी पी लेने से हालत गंभीर है. सभी लोग नगर थाना क्षेत्र के इमलीगाछ इलाके के रहने वाले बताए जा रहे हैं.

किशनगंज में घर से 20 किलोमीटर दूर मतदान करने पहुंची महिला वोटर, पहली बार दिया वोट

किशनगंज: किशनगंज लोकसभा सीट पर मतदान को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला. इसी कड़ी में शहर के इकबाल कालोनी निवासी एक युवती का मतदान केन्द्र उसके घर से 20 किलोमीटर दूर एक गांव में पड़ा, जबकि युवती के सभी परिजनों का मतदान केंद्र शहर में था. युवती का नाम मतदाता सूची में चढ़ने के बाद पहली बार मतदान करने के लिए वो काफी उत्साहित थी. जब युवती घर के पास के मतदान केंद्र पर अपने परिवार के साथ पहुंची तो मालूम चला की लिस्ट में सभी परिजनों का नाम है लेकिन उसका नाम नहीं था.

मतदान केन्द्र पर जब युवती का पोलिंग बूथ पता किया गया तो मालूम चला वो शहर से 20 किलोमीटर की दूरी पर है. इसके बाद युवती ने अपने परिजनों के साथ 20 किलोमीटर दूर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया. शहर से 20 किलोमीटर दूर सदर प्रखंड के तालुका मोतिहारा पंचायत के छगलिया गांव के एक मतदान केंद्र में युवती का नाम था, जबकि उनके घर के सभी सदस्यों का का मतदान केन्द्र किशनगंज नगर में ही है. युवती का यह पहला मतदान था, उसने 20 किलोमीटर दूर जाकर भी मतदान किया एवं मतदान करने के बाद काफी उत्साहित दिखी. हालांकि लोकसभा चुनाव के मतदान के दौरान इस तरह के कई मामले सामने आए हैं. खगड़ा हवाई अड्डा के एक युवक का मतदान केंद्र खगड़ा हवाई अड्डा से 5 किमी दूर लाइन प्रताप मिडिल स्कूल में चला गया था.

घर छोड़ने जा रहे स्कूली बस में लगी भीषण आग, कई बच्चे झुलसे

छपराः सारण जिले के बनियापुर थाना क्षेत्र में स्कूली बस में आग लग गई. वहीं इस घटना में पांच बच्चे झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. जिनका उपचार छपरा सदर अस्पताल में चल रहा है, जबकि बस पूरी तरह जल कर स्वाहा हो गई है. वहीं अन्य बच्चों को सकुशल बस से निकाल लिया गया. घटना जिले के बनियापुर थाना अंतर्गत दाढीबाड़ी गांव के समीप की है. बताया जा रहा कि सहजीतपुर थाना अंतर्गत कोल्हुआ गांव स्थित न्यू गुरुकुल शिक्षा निकेतन का बस बच्चों को छोड़ने के लिए बनियापुर जा रहा था. उसी बीच दाढीबाड़ी गांव के समीप अचानक बस में आग लग गई और देखते ही देखते बस जलने लगा. तब स्थानीय लोगों की मदद से बस से बच्चों को बाहर निकला गया. वहीं बस चालक फरार बताया जा रहा है. वहीं गंभीर रूप से झुलसे पांच बच्चों को बनियापुर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए उन्हें छपरा सदर अस्पताल रेफर किया गया है. फिलहाल सभी बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर है और उनका उपचार छपरा सदर अस्पताल में चल रहा है. पांच बच्चे झुलसकर घायल है.



न्यूज कॉर्नर

शराब तस्करी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली: दक्षिण जिले की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वाड की पुलिस टीम ने एएनपीआर कैमरे की मदद से शराब तस्करी के एक मामले में दो आरोपित को पकड़ा है. उनके पास से पकड़ी गई गाड़ी में से 1250 क्वार्टर शराब का बरामद किया गया है. साथ ही तस्करी में इस्तेमाल कार को भी जब्त किया गया है. गिरफ्तार आरोपितरें की पहचान महेश और राहुल के रूप में हुई है. यह दोनों दिल्ली के देवली गांव और संगम विहार के रहने वाले हैं. महेश पर पहले से 19 अपराधी के मामले चल रहे हैं. जो अंबेडकर नगर, संगम विहार, बदरपुर, नेबसराय थाने में दर्ज हैं.दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान के अनुसार इंस्पेक्टर उमेश कुमार की टीम बॉर्डर इलाके से दिल्ली में घुसकर इस तरह की तस्करी को रोकने के लिए लगातार सीसीटीवी कैमरे का मॉनिटर करती रहती है.

हनुमान जी की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ करने वाले ने समाज के समक्ष मांगी माफी

दंतेवाड़ा: जिले के किरंदुल के जायका रेस्टोरेंट के संचालक हारून राशिद के द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के दौरान अपने रेस्टोरेंट का प्रचार करने हमारे आराध्य हनुमान जी की तस्वीर के साथ छेड़छाड़ कर प्रर्दशित किया गया था, जिसका संज्ञान स्थानिय सर्व हिन्दू समाज ने लेते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज करवाई गई थी.इस मामले को लेकर किरंदुल सर्व हिंदू समाज के प्रमुखों के बीच श्रीराघव मंदिर परिसर में एक बैठक रखी गई जिसमें जायका रेस्टोरेंट के संचालक हारून राशिद को सबके समक्ष बुलाया गया, रेस्टोरेंट संचालक हारून राशिद में अपनी गलती स्वीकार करते हुए समाज के प्रमुख श्रीराघव मंदिर के पुजारी के पैर छूकर माफी मांगी तथा सर्व हिन्दू समाज के सभी लोगो से इस कृत्य के लिए माफी मांगते हुए दुबारा अपने और अपने परिवार की ओर से वादा किया कि कभी ऐसी गलती नही करने का विश्वास दिलवाया.

सांबा पुलिस ने हेरोइन सहित करीब 6 लाख रुपये नशे की रकम जब्त की

सांबा: ऑपरेशन संजीवनी के तहत एसएसपी सांबा विनय शर्मा के मार्गदर्शन में थाना बड़ी ब्राह्मणा पुलिस ने कुख्यात नशा तस्कर के घर से लगभग 6 लाख रुपये की ड्रग मनी और हेरोइन (चिट्टा) जब्त की है. जानकारी के अनुसार पुलिस स्टेशन बाड़ी ब्राह्मणा को एक विश्वसनीय गुप्त स्रोत से सूचना मिली थी कि बलोले खड्ड बाड़ी ब्राह्मणा के पास मोहम्मद बारू नामक कुख्यात नशा तस्कर और उसके सहयोगी के पास ड्रग मनी है और चिट्टा बेचा जा रहा है. इस सूचना पर एसडीपीओ बारी ब्राह्मणा के नेतृत्व में एसएचओ बारी ब्राह्मणा, पीएसआई, नायब तहसीलदार बारी ब्राह्मणा की एक तलाशी पार्टी मौके पर पहुंची और घर की गहनता से तलाशी ली. तलाशी लेने पर मोहम्मद बारू के घर से 5,88,660 रुपये ड्रग मनी और 9.54 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया. हालांकि नशा तस्कर और उसका सहयोगी मौके से भागने में सफल रहे.

हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने दिया इस्तीफा

पोर्ट ऑ प्रिंस: हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी ने बृहस्पतिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिससे कैरेबियाई देश में नई सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है. हैती में लंबे समय से विभिन्न गिरोहों के बीच जारी हिंसा के कारण अनिश्चितता का दौर बना हुआ है. जनवरी से मार्च तक हिंसा में 2,500 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है अथवा घायल हुए हैं.हेनरी ने 24 अप्रैल को लॉस एंजिल्स में हस्ताक्षरित एक पत्र में अपना इस्तीफा दिया. हेनरी के कार्यालय ने बृहस्पतिवार को उनके इस्तीफे की घोषणा की. साथ ही यह भी बताया गया कि नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल चुनने के लिए एक परिषद का गठन किया गया है. इस बीच हेनरी की शेष कैबिनेट ने अर्थव्यवस्था एवं वित्तीय मामलों के मंत्री मिशेल पैट्रिक बोइसवर्ट को अंतरिम प्रधानमंत्री चुना है.

ईंट भट्ठे में लोगों को जिन्दा जलाने के दोषी पूर्व मंत्री आफताब आलम को आजीवन कारावास

काठमांडू : नेपाली कांग्रेस के पूर्व सांसद एवं पूर्व मंत्री रहे आफताब आलम को रौतहट जिला अदालत से आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. घटना के 16 साल बाद सजा की घोषणा हुई है. रौतहट जिले के बाहुबली नेता और नेपाल सरकार में श्रम मंत्री रहे आफताब आलम को पहले संविधान सभा चुनाव के दौरान कई लोगों को जिन्दा भट्ठी में झोंकने के मामले में दोषी पाया गया है. साल 2008 में हुए पहले संविधान सभा के दौरान रौतहट से नेपाली कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे आलम ने बूथ कब्जा कर चुनाव जीतने के लिए सीमावर्ती बिहार के कुछ अपराधियों को बुलाकर उनसे बम बनवा रहा था. बम बनाने के दौरान उसके घर में धमाका हो गया और बम बनाने वाले सभी बुरी तरह घायल हो गए. घटना को छिपाने के लिए सभी घायलों का इलाज कराने की बजाय उन सभी को अपने ईंट भट्ठे में ले जाकर जिन्दा झोंक कर उनकी हत्या कर दी थी.

मतदान के बीच राजस्थान में आंधी-बारिश और ओले ने मचाई तबाही

आकाशीय बिजली गिरने से 7 लोगों की

जयपुर: राजस्थान में दूसरे चरण के मतदान के दौरान मौसम पूरी तरह से बदल गया. 26 अप्रैल को आंधी के साथ तेज बारिश हुई. आकाशीय बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई. चितौड़गढ़, बूंदी, उदयपुर, प्रतापगढ़ और कोटा के आसपास क्षेत्र में दोपहर बाद मेघ गर्जन के साथ बारिश हुई. 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली. इसके अलावा अन्य जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई. राज्य के अधिकांश क्षेत्रों में मौसम शुष्क रहा. आकाशीय बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई और 4 लोग झुलस गए. घटना के बारे में जानकारी देते हुए डाबी थाना अधिकारी अनिल जोशी ने बताया कि शुक्रवार को चुनाव ड्यूटी के दौरान गस्त कर रहे थे. उसी समय गुर्जरों की घाटी गांव में बिजली गिरने के हादसे की सूचना मिली. मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को डाबी अस्पताल लेकर आए. डॉक्टरों ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया. हादसे में गंभीर घायल हुए अन्य 4 लोगों को इलाज के लिए रावतभाटा के लिए लेकर चले गए. थानाधिकारी ने बताया की हादसे में चतरू भील (55) पुत्र अमरा भील, वर्षीय देवा (60) पुत्र पेमा भील और सोहन (50) पुत्र कान्हा भील की मौत हो गई. तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है.

डाबी थाना अधिकारी अनिल जोशी ने बताया कि हादसे के शिकार सभी लोग शुक्रवार को मतदान करके वापस गांव लौट रहे थे. तभी बारिश शुरू हो गई. पेड़ के नीचे खड़े लोगों पर आकाशीय बिजली गिर गई. हादसे के बाद लोग मदद के लिए दौड़े. पुलिस ने तत्काल सभी को गाड़ियों से अस्पताल पहुचाया, जहां 3 की मौत हो गई थी. हादसे में भोजराज, देवालाल, गुली लाल, रूप लाल घायल हो गए. वहीं प्रतापगढ़ में मतदान देकर लौट रही वेलकी देवी के ऊपर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई. वेलकी देवी नटेला वजपुरा की रहने वाली थी. आंधी-बारिश की वजह से कई जगह पेड़ गिरने की सूचना है.

सीकर में पिश्चिमी विक्षोभ के असर में कमी की वजह से पार 40 डिग्री के पार पहुंच गया. पिछले साल के मुकाबले इस बार पारा 10 दिन की देरी से 40 डिग्री पर पहुंचा. यहां 27 मार्च को ही पारा 39 डिग्री पर पहुंच गया था. लगातार विक्षोभ सक्रिय रहा. इसकी वजह से अप्रैल के पहले तीन सप्ताह में पारा 36 से 37 डिग्री के करीब बना रहा. फतेहपुर कृषि अनुसंधान केंद्र की मौसम रिपोर्ट के अनुसार गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री व न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया. केंद्र पर बुधवार को अधिकतम तापमान 38.5 और न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री था. टोंक में बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया. भिनाय और सरवाड़ क्षेत्र झमाझम बारिश के साथ ओले गिरे. बारिश से अजमेर में गर्मी कम हो गई.

चुरू जिले में गर्मी के तेवर बढ़ने लगे है. गुरुवार को धूप तेज रही. दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक गर्मी के कारण सड़कों पर आवागमन कम रहा. पिछले 24 घंटे में तापमान में 1.7 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई. गुरुवार को अधिकतम 40.4 और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री रहा, जबकि इससे पहले बुधवार को अधिकतम 38.7 और न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री रहा. 24 घंटे में अधिकतम 1.7 और न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई.

फोन टैंपिग मामले में राजेंद्र राठौड़ ने पत्र लिखकर की जांच की मांग की

जयपुर: राजस्थान की पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय 2020 में फोन टैंपिग मामले को लेकर बीते दो दिनों से प्रदेश का सियासी पारा गरम है. गहलोत के जडऊरहे लोकेश शर्मा के खुलासे के बाद इस मुद्दें पर कांग्रेस चौतरफा आरोपों से घिरी है. गहलोत सहित कई अन्य कांग्रेसी नेताओं ने इस मामले में सफाई दी है. लेकिन लोकेश शर्मा के खुलासे के बाद कांग्रेस इस मामलों को लेकर अभी तक बैकफुट पर दिख रही है. इस बीच शुक्रवार को प्रदेश में जारी दूसरे चरण की वोटिंग के बीच पूर्व नेता प्रतिपक्ष और भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ ने पत्र लिखकर इस मामले में उच्चस्तरीय जांच करवा कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है.

राजेंद्र राठौड़ ने शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को दो पन्नों का एक पत्र लिखा. जिसमें उन्होंने 2020 में राजस्थान में कांग्रेस सरकार पर आई संकट के समय तत्कालीन सीएम अशोक गहलोत द्वारा कई नेताओं के फोन टैप कराने का जिक्र करते हुए मामले की जांच कराने की मांग की है.

राजेंद्र राठौड़ ने अपने पत्र को सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी साझा किया है. इस पत्र के साथ राजेंद्र राठौड़ ने लिखा- आज राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर वर्ष 2020 में कांग्रेस सरकार के समय हुए फोन टैपिंग प्रकरण में तत्कालीन उच्च पदस्थ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच करवाकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है.

राजेंद्र राठौड़ ने अपन पत्र में लिखा कि हाल ही में जेंगहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा के खुलासे से यह साबित होता है कि 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए कानून और नियमों की धज्जियां उड़ाई. उन्होंने जांच एजेंसियों पर बेजा दवाब बनाकर जनप्रतिनिधियों के फोन टैप करवाए. तब के डिप्टी सीएम सचिन पायलट और उनके साथ मानेसर गए 19 विधायकों के फोन टैप कराए गए.

जयपुर एयरपोर्ट पर बम की सूचना से हड़कंप, ईमेल के बाद डेढ़ घंटे तक चला सर्च ऑपरेशन

जयपुर: राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान के बीच शुक्रवार दोपहर बाद राजधानी जयपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब एयरपोर्ट पर बस होने की सूचना मिली. एयरपोर्ट पर बम की सूचना मिलते ही तुरंत जांच एजेंसियां अलर्ट हुई. इसके बाद एयरपोर्ट पर जांच की जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार एयरपोर्ट को एक ईमेल के जरिए बम होने की सूचना मिली. जिसके बाद तुरंत मामले की जांच शुरू की गई.

बताया गया कि आरोपी ने खुद के बेंगलुरु में होने की बात लिखी है. ऐसे में एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात उखडऋ के जवान एयरपोर्ट की गहन जांच के साथ-साथ मामले की तहकीकात के लिए कर्नाटक पुलिस से भी संपर्क साधने की कोशिश में जुटे हैं. बताते चले कि इससे पहले भी जयपुर एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना मिल चुकी है. हालांकि पिछली बार जांच के बाद यह बम की सूचना गलत निकली थी.

जयपुर एयरपोर्ट के अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों को फीडबैक के लिए दी गई आईडी पर शुक्रवार दोपहर में ईमेल एक आया. जिसमें ईमेल करने वाले ने खुद को बेंगलुरु का होने की बात लिखी. साथ ही ईमेल में आरोपी ने लिखा कि एयरपोर्ट के एंट्रेंस गेट पर बम रखा है.

बचा सको तो बचा लो.

यह मेल मिलते ही तुरंत जांच एजेंसियां एक्टिव हुई. इसके बाद डॉग स्क्वॉड, एंटी बम स्क्वॉड और एयरपोर्ट की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाकर जांच शुरू की. लगभग डेढ़ घंटे की जांच में एयरपोर्ट एरिया में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है. मामले में एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज करवा दिया गया है.

पिकअप गाड़ी की टक्कर लगने से कम्बाइन में सवार पिता की मौत, बेटा घायल

झज्जर: कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे पर बादली टोल के पास एक पिकअप गाड़ी कम्बाइन मशीन से जा टकराई. इस दुर्घटना में कम्बाइन सवार व्यक्ति की मौत हो गई औक उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है. बादली थाना पुलिस ने शुक्रवार को शहर के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है. मृतक की पहचान जिला पलवल के गांव सौंदा निवासी गजेंद्र के रूप में हुई है. झज्जर जिला के गांव दुल्हेड़ा निवासी राकेश ने बताया कि वह खेती-बाड़ी करता है.

सोनीपत लोकसभा सीट पर दो ब्राह्मणों के बीच मुकाबला शुरू

सोनीपत: चुनावी महासमर में भाजपा के उम्मीदवार मोहन लाल बड़ौली के बाद अब कांग्रेस ने भी अपने उम्मीदवार को मैदान उतार दिया है. सोनीपत लोकसभा में दो ब्राह्मणों के मध्य मुकाबला होगा. हालांकि इनेलो ने भी अपना कंडीडेट जाट वोट को ध्यान रखते हुए खरखौदा के अनुप दहिया को टिकट दिया है. लेकिन अब मैदान में जंग तो भाजपा और कांग्रेस की रहेगी.

सबसे पहले यह जान लें कि सतपाल ब्रह्मचारी का सोनीपत में क्या, क्यों और कैसे समीकरण बनेंगे. सतपाल ब्रह्मचारी धर्मगुरु हैं, धर्मशालाओं और आश्रमों के माध्यम से सेवा और मदद करने के रुप में अपनी पहचान रखते हैं. हरिद्वार, पांडु पिंडारा और गांगोली मंदिर में जाने वाले सोनीपत और जींद के श्रद्धालुओं के लिए ब्रह्मचारी जाने पहचाने हैं, उनके चाह वान भी काफी संख्या में हैं. भाजपा के उम्मीदवार मोहनलाल बड़ौली भी पाक साफ छवि के धर्म अध्यात्मक के प्रति समर्पित व्यक्तित्व हैं. अयोध्या में राम मंदिर के भावनात्मक मुद्दे के साथ चुनावी रण में अपने हित में माहौल करने में लगे हैं. उनके सामने हरिद्वार के श्री राधा कृष्ण धाम के परमाध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी कांग्रेस के तरकश का वो तीर है, जो निशाना साधने में कारगर हो सकते हैं.

भजनलाल शर्मा जल्द शिफ्ट होंगे मुख्यमंत्री आवास, शुभ मुहूर्त पर की पूजा अर्चना

जयपुर: राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जल्द ही सीएम आवास शिफ्ट होंगे. शुक्रवार को उन्होंने मुख्यमंत्री आवास 8 सिविल लाइन्स पर पूजा की. बता दें कि वह मुख्यमंत्री बनने के बाद से ओटीएस (ऑफिसर ट्रेनिंग स्कूल) में रहे थे. क्योंकि अशोक गहलोत की तरफ से लंबे समय तक मुख्यमंत्री आवास को खाली नहीं किया गया था.

खास बात है कि गहलोत ने नए सीएम के शपथ ग्रहण के 76 दिन बाद आवास को खाली किया था. राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद से ही भजन लाल शर्मा राजधानी जयपुर में इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमिशन के गेस्ट हाउस में रह रहे थे. लेकिन 23 दिसंबर को उन्होंने अपने अस्थाई आवास को बदल दिया था और ऑफिसर्स ट्रेनिंग कैंपस (जढड) में शिफ्ट हो गए थे. सीएम शर्मा के काफिले की लगातार आवाजाही के कारण स्थानीय लोगों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था. इसी कारण उन्होंने इसे शिफ्ट करने का फैसला किया था. राजस्थान में बीजेपी ने 2023 का विधानसभा चुनाव बिना सीएम फेस के लड़ा था.

पीएम के चेहरे पर बीजेपी ने शानदारी प्रदर्शन करते हुए 199 सीटों पर हुए मतदान के बाद 115 सीटों पर जीत दर्ज की थी. इसके बाद भाजपा ने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की तरह राजस्थान में लोगों चौंका दिया और भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया था.

सिने जगत की खबरें

आपसी मतभेद भुलाकर आरती सिंह की शादी में पहुंचे 'मामा' गोविंदा

मुंबई: मशहूर एक्ट्रेस आरती सिंह हाल ही में दीपक चौहान के साथ शादी के बंधन में बंधी हैं. हाल ही में इस कपल की शादी की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं. इस मौके पर आरती सिंह लाल लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं. आरती का ब्राइडल लुक देखकर हर कोई उनकी तारीफ करता नजर आ रहा है. ऐसे में आरती के चाचा गोविंदा ने शादी में शामिल होकर सभी को चौंका दिया है. उनके आने से भाई-बहन आरती और कृष्णा अभिषेक समेत सभी लोग बेहद खुश हैं.

आरती सिंह की शादी में सबको जिस शख्स का इंतजार था वो थे एक्ट्रेस के

मामा यानी एक्टर गोविंदा. आखिरकार अभिनेता गोविंदा ने अपने मामा होने का फर्ज निभा दिया है. आरती सिंह की शादी में गोविंदा बेहद खुशी के साथ शामिल हुए. काले सूट में गोविंदा हमेशा की तरह बेहद हैंडसम लग रहे थे.

एक्टर कृष्णा अभिषेक और उनकी पत्नी कश्मीरा शाह काफी समय से मामा गोविंदा के आरती की शादी में आने का इंतजार कर रहे थे. हल्दी, मेहंदी और संगीत सेरेमनी में इंडस्ट्री की कई मशहूर हस्तियां शामिल हुईं लेकिन मामा नहीं आये. हालांकि, गोविंदा ने अपनी भतीजी की शादी में ग्रैंड एंट्री कर सभी को चौंका दिया. गोविंदा के आने से कृष्णा और कश्मीर की खुशी कम नहीं हुई. इस बार पैपराजी से बात करते हुए शादी में मामा की मौजूदगी को बेहद खास बताया गया.

पैपराजी से बात करते हुए कृष्णा अभिषेक ने कहा कि मामा के आने से हम सब बहुत खुश हैं. हम मामा के पैरों पर गिर पड़े और उन्हें धन्यवाद दिया. कश्मीरा ने कहा कि गोविंदा मामा ने उनके दोनों बेटों से मुलाकात की और उन्हें आशीर्वाद दिया. इससे वह काफी खुश भी हैं. कृष्ण के दोनों बेटों के जन्म के समय परिवार में बड़ा विवाद हुआ. लड़ाई के बाद कृष्णा ने अपने दोनों बेटों को आशीर्वाद देने के लिए अपने चाचा और चाची को कई बार बुलाया. विवाद इतना बढ़ गया कि कोई किसी से मिल नहीं सका. अब आरती की शादी परिवार के लिए शुभ है और गोविंदा पहली बार कृष्णा-कश्मीरा के दोनों बेटों से मिले और उन्हें आशीर्वाद दिया.

विद्या बालन का खुलासा-दिन में पीती थीं दो-तीन सिगरेट

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन की फिल्म 'दो और दो प्यार' हाल ही में रिलीज हुई. विद्या ने हमेशा ही अपनी दमदार एक्टिंग से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है. अब इस फिल्म में भी उनके अभिनय की खूब सराहना हो रही है. उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी धूम्रपान की आदत का खुलासा किया. उन्हें ये आदत एक फिल्म में उनके रोल की वजह से पड़ी.

एक इंटरव्यू में विद्या बालन ने कहा, मैंने एक फिल्म की शूटिंग से पहले धूम्रपान करना शुरू कर दिया था. मैं धूम्रपान करना जानती थी लेकिन मैं वास्तव में ऐसा करना कभी नहीं चाहती थी. अभिनय में आप सब कुछ नकली नहीं कर सकते. इसलिए मैंने भूमिका के लिए धूम्रपान किया. पहले तो मैं झिझक रही थी, क्योंकि सिगरेट पीने वाली महिलाओं के बारे में एक खास धारणा बनी हुई है. अब इसमें कमी आई है लेकिन 'द डर्टी पिक्चर' के बाद स्मोकिंग की लत लग गई थी और वह रोजाना दो से तीन सिगरेट पीती थीं.

जब विद्या से पूछा गया कि क्या वह अब भी धूम्रपान करती हैं तो उन्होंने स्वीकार किया कि वह अब धूम्रपान नहीं करतीं. इस दौरान विद्या ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मुझे यह बात कैमरे पर कहनी चाहिए लेकिन मुझे धूम्रपान पसंद है. अगर सिगरेट हानिकारक नहीं होती, तो मैं भी धूम्रपान करने वाली बन जाती.. मुझे उस धुएं की गंध बहुत पसंद है. यहां तक कि अपने कॉलेज के दिनों में भी मैं ऐसे लोगों के आसपास बैठती थी जो धूम्रपान करते थे.

कान्स में 48 साल बाद होगा स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' का प्रीमियर, बिगबी ने जताई खुशी



मुंबई: स्मिता पाटिल भारतीय मनोरंजन जगत में एक लोकप्रिय और सम्मानित नाम है. आज भी जब स्मिता पाटिल का नाम लेते ही जो बात दिमाग में आती है वह है उनकी भावपूर्ण आंखें और उनकी बेहतरीन अदाकारी. स्मिता पाटिल की कई फिल्में फैंस को याद हैं. स्मिता के फैंस के लिए एक अच्छी खबर ये है कि 48 साल बाद स्मिता की मशहूर फिल्म का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में होगा. इस पर अमिताभ ने खुशी जाहिर की.

स्मिता पाटिल की फिल्म 'मंथन' का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में होगा. श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म मंथन साल 1976 की बेहतरीन फिल्मों में गिनी जाती है. इस फिल्म में स्मिता पाटिल ने मुख्य भूमिका निभाई थी. इसके अलावा इस फिल्म में नसीरुद्दीन शाह, ओम पुरी जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आए. स्मिता की फिल्म 'मंथन' मशहूर फिल्मों में से एक है. इस फिल्म के लिए गुजरात के लगभग 5 लाख किसानों ने 2-2 रुपये का योगदान दिया.

अमिताभ बच्चन जैसे ही उन्हें इस बात की जानकारी मिली तो उन्होंने ट्विटर पर अपनी खुशी जाहिर की. 'मंथन' का पोस्टर शेयर करते हुए अमिताभ ने लिखा, यह बेहद गर्व की बात है कि फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन को लगातार तीसरे साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में फिल्म दिखाने का मौका मिल रहा है. श्याम बेनेगल की फिल्म 'मंथन' इस साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में प्रीमियर किया जाएगा. स्मिता पाटिल और अन्य कलाकारों ने भारत की सर्वश्रेष्ठ फिल्म विरासत को संरक्षित करने और इन फिल्मों को दुनिया के सामने दिखाने के लिए जो काम किया है वह अद्भुत है.

ओटीटी पर रिलीज हुई किरण राव की 'लापता लेडीज़', लोगों से मिल रहा अच्छा रिस्पांस



मुंबई: किरण राव की डायरेक्शन फिल्म 'लापता लेडीज' ओटीटी पर रिलीज हो गई है. इस फिल्म को लोगों से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है. बिप्लब गोस्वामी के पुरस्कार विजेता उपन्यास पर आधारित इस फिल्म में स्पर्श श्रीवास्तव, प्रतिभा रांटा, नितांशी गोयल और रवि किशन प्रमुख भूमिकाओं में हैं. आपको बता दें कि किरण राव ने साल 2010 में आमिर खान स्टारर फिल्म 'धोबी घाट' के साथ डायरेक्शन में डेब्यू किया था. उनकी हालिया फिल्म राव का दूसरा निर्देशित प्रोजेक्ट है. वहीं आमिर खान प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर ओटीटी रिलीज की अनाउंसमेंट करते लिखा, 'यात्रीगण कृप्या ध्यान दें लापता लेडीज जल्दी ही मिलेंगी नेटफ्लिक्स पर. किरण राव ने इस साल फिल्म 'लापता लेडीज' से डायरेक्टर की कुर्सी पर कमबैक किया है. 2023 में प्रतिष्ठित टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टीआईएफएफ) में प्रदर्शित होने के बाद आमिर खान द्वारा प्रोड्यूस फिल्म 1 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से काफी तारीफ मिली. वहीं अब सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग दो महीने बाद ओटीटी पर रिलीज हो गई है.

करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करेंगे आयुष्मान खुराना! सारा अली खान भी आएंगी नजर

मुंबई: बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना ,निर्माता करण जौहर की स्पाई कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं. बॉलीवुड में चर्चा है कि आयुष्मान खुराना ने अपनी अगली फिल्म के लिए फिल्मकार करण जौहर से हाथ मिलाया है. यह एक जासूसी कॉमेडी होगी, जिसका निर्देशन आकाश कौशिक करेंगे. चर्चा है कि करण जौहर इस फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा के साथ करने वाले हैं. कहा जा रहा है कि इस स्पाई कॉमेडी फिल्म के लिए अभिनेत्री को भी फाइनल कर लिया है. इस फिल्म में सारा अली खान नजर आ सकती हैं. इसी साल जून से फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी.

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक सुधांशु शेखर द्वारा दी इंडियन एक्सप्रेस लिमिटेड, एक्सप्रेस हाउस, एन एच 6 मौजा-प्रशस्थ व अंकुरहाटी,पोस्ट- सलप, थाना-डोमजूर, जिला-हावड़ा-711409 से मुद्रित एवं 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित. प्रधान संपादक : **सुधांशु शेखर,**
प्रबंध कार्यालय : 19, सर हरिराम गोयनका स्ट्रीट, कोलकाता-700 007, RNI No. WBHIN/2007/22434 फोन : 9831494084, टेलीफैक्स : 22743382 ई-मेल : yuvashakti@hotmail.com प्रकाशन संबंधी समस्त विवादों का निपटारा कोलकाता न्यायालय के अधीन

जैन धरोहर दिवस

शनिवार, २७ अप्रैल, २०२४

जैन संस्कृति और परंपराओं का उत्सव मनाने तथा युवा पीढ़ी में मूल्यों को सोपित करने के लिए २७ अप्रैल को जैन धरोहर दिवस मनायें। इस अवसर पर हम सभी श्री निर्मल कुमार सेठी का जैन धर्म की संस्कृति और विरासत (प्राचीन मंदिरों) के जीर्णोधार कार्य में अनमोल योगदान का स्मरण करें और युवा पीढ़ी को जैन धरोहर की सुरक्षा ओर प्रचार करने के लिए प्रेरित ताकि जैन धर्म की प्रभावना हमेशा हमेशा बनी रहै।

इस दिन हम देश के साथ-साथ भारत के बाहर भी उपलब्ध समृद्ध जैन धरोहर के बारे में आम लोगों को जागरूक करने का प्रयास करते हैं। अब समय आ गया है कि चट्टानों को काटकर बनाई गई गुफाओं, मंदिरों और अलग-अलग मूर्तिकला अवशेषों जैसी जैन विरासतों पर विशेष ध्यान दिया जाए, अन्यथा धीरे-धीरे हम अपनी गौरवशाली विरासत को खो सकते हैं। श्री निर्मल कुमार जैन सेठी जी ने अपने जीवन काल में पूरे भारत में फैली जैन धरोहर की रक्षा के लिए बहुत मेहनत की। उन्होंने लगभग सभी पुरातात्विक स्थलों का विस्तार और इसके पुरातात्विक अवशेषों का पता लगाने के लिए भारत के बाहर भी गए। उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में नष्ट हुए जैन स्मारकों की युवा पीढ़ी को न केवल जैन समुदाय के बीच बल्कि भारतीय उपमहाद्वीप में प्राचीन धर्मों में से एक और इसके पुरातात्विक साक्ष्यों पर शोध के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने अपना पूरा जीवन जैन धर्म की भलाई के साथ-साथ जैन धरोहर की रक्षा के लिए समर्पित कर दिया। जैन धर्म के प्रति उनके योगदान के लिए उन्हें विभिन्न पुरस्कार भी मिले। अब हमारा कर्तव्य बनता है कि हम इस धर्म की बेहतरी के लिए उनके कार्यों को आगे बढ़ाएं साथ ही उनके विभिन्न कार्यों के बारे में नई पीढ़ी के बीच उनके योगदान की चर्चा करें।

पश्चिम बंगाल में हजारों की संख्या में प्राचीन मंदिर एवं मूर्तियां प्राप्त होती रहती हैं। श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा पश्चिम बंगाल शाखा ३० वर्षों से प्राचीन मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं मूर्तियों की सुरक्षा का कार्य कर रही है।

श्रावकरत्न, कर्मयोगी, देव-शास्त्र-गुरु के अनन्य उपासक, प्राचीन जीर्णोद्धारक **निर्मल कुमार जी जैन सेठी** की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर बंगाल में जैन पुराधरोहर के प्रति पुर्ण रूप से पालन करते हुए नतमस्तक होकर उन्हें हार्दिक विनयांजलि ज्ञापित करते हैं।

पश्चिम बंगाल में प्राचीन जैन मंदिर एवं मूर्तियां

: विनयांजलिकर्ता :

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ संरक्षिणी महासभा, पश्चिम बंगाल

राजकुमार सेठी	निर्मल पुष्पा बिन्दायका	सुनील पहाड़िया	मनीष गंगवाल	सनत कुमार छाबड़ा	मनोज कासलीवाल	दिनेश गंगवाल	विजय सरावगी	अमित सेठी
संरक्षक	अध्यक्ष	कार्याध्यक्ष	महामंत्री	मंत्री	कोषाध्यक्ष	पुरातत्व संयोजक	प्रचार मंत्री	सह मंत्री

नोट: २७ अप्रैल को प्राचीन मंदिरों को जीर्णोद्धार एवं संरक्षण हेतु जैन धरोहर दिवस अवश्य मनायें।